राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

शुभ लाभ

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

वर्ष : 15 | अंक : 198 | नई दिल्ली, गुरूवार, 31 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## अरुणाचल में रक्षा मंत्री, जवानों संग मनाएंगे दीपावली, एयरफोर्स की टीम से भी मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। दीपावली के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अरुणाचल प्रदेश में रहेंगे। वह अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र तवांग में आर्मी के जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे। यहां वह भारतीय सेना के जवानों और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी उनके साथ रहेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी इस यात्रा के संबंध में जानकारी साझा करते हुए कहा कि वह अरुणाचल प्रदेश की दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली से तवांग जा रहे हैं। रक्षा मंत्री यहां सशस्त्र बलों के कर्मियों के साथ विशेष बातचीत करेंगे और भारतीय सेना मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग को समर्पित एक संग्रहालय के उद्घाटन में शामिल होंगे। चीन की सीमा से लगे अरुणाचल प्रदेश में रक्षा मंत्री बुधवार को इंडियन एयर फोर्स एससीसी की वायु वीर विजेता कार रैली को हरी झंडी भी दिखाएंगे। यह रैली अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है, इसका आयोजन भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ और 1999 के कारगिल युद्ध में भारत की जीत के 25 साल पूरे होने के अवसर पर किया गया था। रैली का उद्देश्य युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हुए युद्धों और बचाव कार्यों में भारतीय वायुसेना के गौरवशाली



इतिहास और वीरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। वायु वीर विजेता कार रैली 8 अक्टूबर को लद्दाख के थोईस से रवाना हुई थी। थोईस, समुद्र तल से 3,068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा वायु सेना स्टेशन है। इस रैली के अंतर्गत वायु योद्धाओं, सेना के जवानों, पूर्व वायुसैनिकों और उत्तराखंड युद्ध स्मारक (यूडब्ल्यूएम) के सदस्यों का एक दल अब तवांग पहुंचा है। केंद्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने थोईस से इसे रवाना किया था। भारतीय वायु सेना- उत्तराखंड युद्ध स्मारक (आईएएफ-यूडब्ल्यूएम) के इस दल ने 7,000 किलोमीटर की दूरी तय की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली से थोईस के लिए इस कार रैली को गर्मजोशी से विदाई दी थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस कार रैली ने अपनी 7000 किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान, विभिन्न स्थानों पर देश के युवाओं से संपर्क किया। इस दौरान युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। युवाओं को भारत के विभिन्न युद्धों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इन युद्धों में वायु सेना की क्या भूमिका रही। भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास व युद्धों के साथ साथ बचाव अभियानों में वायु योद्धाओं की वीरता के बारे में भी युवाओं को अवगत कराया गया। कार रैली के दौरान युवाओं को मातृभूमि की सेवा के लिए आकर्षित करने का प्रयास भी किया गया। रैली में विभिन्न चरणों में कई पूर्व वायुसेना प्रमुख भी हिस्सा लिया। भारतीय वायुसेना द्वारा उत्तराखंड युद्ध स्मारक के बुजुर्ग सैनिकों के साथ समन्वय में आयोजित इस रैली का उद्देश्य भारतीय वायु सेना के प्रति लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना था। इस मेगा कार रैली में महिलाओं सहित 52 वायु योद्धा शामिल रहे। रास्ते में, वायु योद्धा 16 पड़ावों पर रुके, जहां उन्होंने विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों के साथ बातचीत कर उन्हें सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,880

चांदी 1,12000

सेंसेक्स 80,369

निफ्टी 24,466

## दीपोत्सव : अयोध्या में 25 लाख से ज्यादा दीपक जलाकर बनेगा एक नया रिकॉर्ड

लखनऊ, एजेंसी

लखनऊ। रामनगरी अयोध्या में बुधवार को आठवीं बार दीपोत्सव का आयोजन होगा। इसके लिए रामनगरी को पूरी तरह से सजाया गया है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को तकरीबन 20 घंटे यही पर रहेंगे। रामपथ पर देश भर आए कलाकार अपना मंचन करेंगे। इसके बाद राम कथा पार्क पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान के स्वरूपों के राज्याभिषेक करेंगे और शाम को राम की पैड़ी पर 25 लाख दीप प्रज्वलित कर विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। जारी कार्यक्रम के मुताबिक राम की पैड़ी पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इनमें लेजर शो इमेज प्रोटेक्शन शो है। मुख्यमंत्री दूसरे विश्व रिकॉर्ड के भी साक्षी होंगे। 1100 अर्चक एक साथ मां सरयू की आरती उतारेंगे। सरयू पुल से आतिशबाजी का विशेष शो भी लोग देख पाएंगे। इसके बाद पहली बार 500 ड्रोन के साथ विशेष शो और फ्लेम शो का भी दर्शन आनंद ले सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया के माध्यम से लिखा, दीपोत्सव ऐतिहासिक है। हम सबके आराध्य श्रीरामलला 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अपने धाम में विराजमान हुए हैं। 500 वर्ष बाद धर्मधरा अयोध्या धाम में श्री रामलला की पावन जन्मभूमि पर बने उनके भव्य-दिव्य मंदिर में भी हजारों दीप प्रज्वलित होंगे। आइए, इस महापर्व में सहभाग कर सनातन धर्म की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाएं। भगवान श्री राम के आगमन पर श्री अयोध्या



धाम के दीपों के साथ अपने घरों में भी आत्मीयता और समता का दीपक अवश्य प्रज्वलित करें। जय जय श्री राम। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के प्रबंधन में दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए 30 हजार वालंटियर्स के सहयोग से 25 लाख से अधिक दीयों को प्रज्वलित करने की तैयारी पूरी की गई। मंगलवार को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड टीम के कंसल्टेंट निश्चल बरोट की अगुवाई में 30 सदस्यों ने सरयू के 55 घाटों के दीप की गणना पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वालंटियर की मौजूदगी में शुरू की। 30 अक्टूबर को दीपोत्सव के लिए दीये में तेल भरने के लिए एक-एक लीटर सरसों की बोतल उपलब्ध कराई जायेगी। वालंटियर 28 लाख बिछाये गए दीप में सावधानीपूर्वक तेल डालेंगे। घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा जायेगा। विवि प्रशासन ने सरयू के 55 घाटों पर 28 लाख दीयों को सजाने के कार्य को अंतिम रूप दे दिया। इसकी तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय ने पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, गणना वालंटियर्स के साथ दो हजार से अधिक भारी भरकम टीम उतार दी है। इनकी निगरानी में दीपोत्सव में 25 लाख से अधिक दीये प्रज्वलित होंगे। दीपोत्सव की भव्यता विश्व पटल पर दिखे, इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर के वालंटियर द्वारा घाट नंबर 10 पर 80 हजार दीयों से स्वास्तिक सजाया गया है। इससे पूरी दुनिया में शुभता का संदेश जायेगा। यह आकर्षण का केंद्र होगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के कुशल मार्गदर्शन में 30 हजार वालंटियर द्वारा 55 घाटों पर 16 गुणे 16 दीए का ब्लॉक बनाया गया है, जिसमें 256 दीए सजाये गये हैं। इनमें एक वालंटियर को 85 से 90 दीए प्रज्वलित किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन, जिला प्रशासन के सहयोग से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्य को अंतिम रूप दे दिया गया है।

### एक ही आयोजन में दो विश्व कीर्तिमान



एक ओर दीयों की दीप्ति से रामकी पैड़ी, भजन संध्या स्थल और चौधरी चरण सिंह घाट आलोकित रहा तो दूसरी ओर सरयू माता भी। एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 16 सौ श्रद्धावनत भक्त मां सरयू की आरती में आबद्ध रहे। अपनी तरह के पहले आयोजन पर एक साथ दो विश्व कीर्तिमान बना कर सरयू माता इतराती और गौरवान्वित होती प्रतीत हुईं। राम की पैड़ी, चौधरी चरण सिंह घाट और भजन संध्या स्थल पर एक साथ 25 लाख 12 हजार 585 दीये रोशन हुए। 35 मिनट में यह रिकॉर्ड बना। इसके पहले केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महाआरती के संयोजक महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की मौजूदगी में 1600 साधु-संत, वेदाचार्य व अर्चकों ने पुण्य सलिला सरयू की महाआरती की। 1121 बटुकों ने विश्व कीर्तिमान रचा इसमें 1121 बटुकों ने एक साथ सरयू आरती कर विश्व कीर्तिमान रचा। इसकी घोषणा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम ने की है। सरयू तट पर 16 खंडों में बंटे अर्चकों ने एक साथ मोक्षदायिनी की आरती कर इतिहास रचा। प्रत्येक खंड में एक मुख्य अर्चक रहा और 100-100 की संख्या में भक्त आरती करते दिखे। एक रंग के परिधान पीली साड़ी पहने 500 से अधिक महिलाएं भी महाआरती में शामिल होकर विश्व रिकॉर्ड की साक्षी बनीं। महाआरती से डेढ़ किलोमीटर परिधि का सरयू तट दिव्य आभा से प्रकाशमान हो उठा।

## डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड पर बड़ा एक्शन, गृह मंत्रालय ने गठित की हाई लेवल कमेटी

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। देश में बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बुधवार को एक हाई लेवल कमेटी गठित की है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा सचिव इस कमेटी को मॉनिटर कर रहे हैं। दरअसल, पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 115वें एपिसोड में देशवासियों को डिजिटल अरेस्ट को लेकर सजग रहने की नसीहत दी थी। साथ ही उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए रुको-सोचो-एक्शन लो का मंत्र भी दिया था। पीएम मोदी की नसीहत के बाद गृह मंत्रालय ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया। डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड से निपटने के लिए एक हाई लेवल कमेटी गठित की गई है। बताया जा रहा है कि डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं पर लगाम लगाने लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सूत्रों की मानें तो डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं पर तत्काल एक्शन लेने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा गृह मंत्रालय के 14सी विंग ने सभी राज्यों की पुलिस से संपर्क भी किया है। एमएचए का 14सी विंग डिजिटल अरेस्ट पर केस-टू-केस मॉनिटर करेगा। ज्ञात हो कि इस साल डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी 6,000 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई है। गृह मंत्रालय के साइबर विंग ने अब तक 6 लाख मोबाइल को ब्लॉक किया है। ये सभी फोन साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं में शामिल थे। इसके अलावा 14सी विंग ने अब तक 709 मोबाइल एप्लिकेशन को भी ब्लॉक किया है। इतना ही नहीं, साइबर फ्रॉड में शामिल 1 लाख 10 हजार आईएमईआई को ब्लॉक किया गया है। साथ ही साइबर फ्रॉड से जुड़े 3.25 लाख फेक बैंक को भी फ्रीज किया गया है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मन की बात में डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को लेकर लोगों को जागरूक किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल अरेस्ट का फरेब करने वालों के बारे में कहा कि उनका पहला दांव होता है कि ये आपकी सारी व्यक्तिगत जानकारी जुटा कर रखते हैं। उनका दूसरा दांव भय का माहौल पैदा करने का होता है। यह फोन कॉल पर इतना डरा देंगे कि आप कुछ सोच ही नहीं पाएंगे। इसके बाद फ्रॉड करने वाले समय का अभाव दिखाते हैं। ये इतना मनोवैज्ञानिक दबाव बनाते हैं कि इंसान डर जाता है और डिजिटल अरेस्ट का शिकार हो जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुर्मु ने दीं दीपावली की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश-विदेश में रह रहे सभी भारतीयों को बुधवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, समृद्ध और संवेदनशील समाज के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। श्रीमती मुर्मु ने दीपावली के शुभकामना संदेश में लोगों से प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का संकल्प लेने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रकाश पर्व दीपावली वंचित और जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और उनके साथ खुशियां बांटने का अवसर भी है। राष्ट्रपति ने कहा, दीपावली खुशी और उमंग का त्योहार है। यह अंधकार पर प्रकाश और अधर्म पर धर्म की विजय का उत्सव है। यह त्योहार देश-विदेश में विभिन्न समुदायों और वर्गों द्वारा उल्लास से मनाया जाता है। यह पर्व एक उज्जवल भविष्य के लिए आशा का संचार करता है। उन्होंने कहा, दीपावली के पावन अवसर पर हमें अन्तःकरण को आलोकित करने और प्रेम, करुणा तथा सामाजिक सद्भाव जैसी सद्प्रवृत्तियों को अपनाने का निश्चय करना चाहिए।

## दिल्ली का औसत एक्यूआई 273 रहा, आगे हो सकती है बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली। बुधवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 273 दर्ज किया गया। आगामी दिनों में इसमें बढ़ोतरी के आसार बताए जा रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में सुबह 7.30 बजे तक औसत एक्यूआई 273 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। वहीं, दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 273 और गुड़गांव में 197 और गाजियाबाद में 213, ग्रेटर नोएडा और नोएडा में 199 एक्यूआई दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई लेवल अभी भी 300 से 400 के बीच बना हुआ है। आनंद विहार में 351, बवाना में 319, जहांगीरपुरी में 313, मुंडका में 351, नरेला में 308, विवेक विहार में 326 और वजीरपुर में 327 एक्यूआई है। जबकि दिल्ली के अन्य अधिकांश इलाकों में सुबह 7.30 बजे तक एक्यूआई 200 से 300 बीच देखने को मिला। इसमें अलीपुर में 300, आया नगर में 290, बुराड़ी क्रॉसिंग में 289, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 267, डीटीयू में 250, द्वारका सेक्टर 8 में 268, आईजीआई एयरपोर्ट में 274, आईटीओ में 284 और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 220 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा लोधी रोड में 239, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 277, मंदिर मार्ग में 265 नजफगढ़ में 267 नेहरू नगर में 251, नॉर्थ कैंपस डीयू में 248, एनएसआईटी द्वारका में 220, ओखला फेस 2 में 272, पटपड़गंज में 277, पंजाबी बाग में 276, पंजाब आरके पुरम में 285, रोहिणी में 289, शादीपुर में 271, सिरी फोर्ट में 273 एक्यूआई बना हुआ है। बता दें, एक दिन पहले की तुलना में आज एक्यूआई में मामूली गिरावट देखने को मिली। मंगलवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 275 दर्ज किया गया था। सर्दियों के शुरू होते ही दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने की समस्या देखने को मिलती है। इससे लोगों को सांस में परेशानी होती है, जिसमें खासतौर पर बच्चे और बूढ़े शामिल हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे एक्यूआई के बाद पिछले दो दिनों के दौरान मामूली गिरावट देखने को मिल रही है। हालांकि दीपावली के कारण इसमें आगे बढ़ोतरी के आसार जताए जा रहे हैं।






राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार ,31 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### खाते में आई अनजान रकम तो बैंक खाता हो सकता है बंद

**रूड़की, एजेंसी।** अगर आपके खाते में कोई अनजान व्यक्ति रकम डाल रहा है तो वह खाता बंद भी हो सकता है। साइबर ठगों से मिलीभगत होने के शक पर ऐसे बैंक खातों को बंद किया जा रहा है। ऐसे ही दो मामले रुड़की में सामने आए हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। साइबर ठगों की ओर से लोगों को फंसाने के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। इसी तरह अब साइबर ठग किसी के खाते में पहले रकम डालते हैं। फिर बाद में गलती से रकम डालने या फिर परिचित बनकर डाली गई रकम को वापस किसी दूसरे खाते में डलवाते हैं। ऐसे में लोगों का खाता खाली हो जा रहा है। इस तरह की शिकायतें लगातार बैंकों और पुलिस के पास आ रही हैं। ऐसे में मिलीभगत कर साइबर ठगी करने के शक में बैंकों ने इन खातों को बंद करना शुरू कर दिए हैं। बैंकों को शक है कि इन खातों का कहीं न कहीं साइबर ठगों से कनेक्शन है।

### दिल्ली रूट पर बीएस-6 मॉडल रोडवेज की बस का संचालन शुरू

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** दिल्ली रूट पर रोडवेज की बीएस-6 मॉडल की नई बस का संचालन शुरू हुआ। पहले दिन अल्मोड़ा स्टेशन से बस में 15 यात्री रवाना हुए। नई बस के संचालन होने पर यात्रियों ने राहत महसूस की। रोडवेज डिपो अल्मोड़ा के बेडे में बीएस-6 मॉडल की दो नई बसे शामिल हुई थीं। धनतेरस पर मंगलवार की सुबह नई बस को चितई स्थित ग्वल देवता मंदिर में ले जाया गया। वहां पर रोडवज डिपो के फोरमैन सुरेश नेगी, हरीश रावत, राजकुमार, प्रदीप टम्टा आदि ने पूजा अर्चना की। शाम को निर्धारित समय पर रोडवेज स्टेशन से बस दिल्ली को संचालित हुई। पहले दिन नई बस में 15 यात्री रवाना हुए। बस में सवार मोहन जोशी ने बताया कि नई बस के संचालन होने से राहत महसूस कर रहे हैं। संगीता कुमारी ने बताया कि दिल्ली रूट पर अब सफर में दिक्कतें नहीं होंगी रोडवेज के सहायक महाप्रबंधक विजय तिवारी ने बताया कि दिवाली पर यात्रियों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। बीएस-6 मॉडल की दूसरी बस का भी जल्द दिल्ली रूट पर संचालन किया जाएगा। दिवाली करीब आते ही दिल्ली रूट पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। मंगलवार को यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अल्मोड़ा- दिल्ली रूट पर दो अतिरिक्त बसों का संचालन किया गया। इससे यात्रियों को राहत मिली।

### नैनीताल बैंक के कुल व्यापार में 3.17 फीसदी की हुई वृद्धि

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल बैंक के प्रधान कार्यालय में मंगलवार को बैंक पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर बैंक के अर्धवार्षिक परिणामों के साथ ही ग्राहकों के लिए शुरू की गई नई सेवाओं की जानकारी दी। चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर महेश कुमार गोयल ने बताया कि बैंक इस वित्तीय वर्ष में 12 नई शाखाएं खोलने जा रहा है, जिसे मिलाकर कुल 171 शाखाएं हो जाएंगी। कहा कि वार्षिक आधार पर बैंक के कुल व्यापार में 3.17 फीसदी की वृद्धि हुई है। गोयल ने बताया कि ग्राहकों के लिए केयर कैंसर हैल्थ पालिसी शुरू की गई है। इसमें बैंक अपने ग्राहकों को 1500 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर 10 लाख रुपये का कवरेज प्रदान करेगा। साइबर अटैक से सुरक्षा बाबत पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आरबीआई की गाइडलाइन के अनुसार नैनीताल बैंक ने अपने खातों की सुरक्षा को और भी बढ़ाया है। बताया कि केंद्र सरकार की प्रचलित स्कीम अटल पेंशन योजना के तहत दिए गए लक्ष्य का 257 फीसदी प्राप्त कर, मेगा माइल स्टोन अवार्ड 2024 के लिए क्वालीफाई किया है। वहां वाइस प्रेसिडेंट राहुल प्रधान और हेड प्लानिंग राजेश भट्ट मौजूद रहे।

### पुलिस ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की

**खटीमा, एजेंसी।** चकरपुर स्थित वनखंडी शिव मंदिर के पास मंगलवार को कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने पुलिस कर्मियों व स्थानीय युवाओं के साथ रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान शिव मंदिर से जगबूढ़ा पुल तक दौड़ लगाई गई। कोतवाल ने युवाओं से राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सजग रहने, नशे व बुराइयों से दूर रहने के साथ ही समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया।

# धनतेरस पर पछवादून के बाजारों में बरसा धन, 12 करोड़ के कारोबार का अनुमान

**देहरादून, एजेंसी।** धनतेरस पर पछवादून के बाजारों में खरीदारी के लिए काफी भीड़ उमड़ी। लोगों ने आभूषण, दोपहिया, चौपहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, और खाद्य वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। शाम तक बाजारों में भीड़ जुटी रही। विकासनगर व्यापार मंडल के मुताबिक पछवादून क्षेत्र में करीब 12 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। हालांकि, व्यापारियों को करीब 40 करोड़ रुपये के व्यापार की उम्मीद थी। व्यापारियों का कहना है कि माह का अंतिम सप्ताह होने से कर्मचारियों को वेतन और बोनस न मिलने के कारण लोगों ने बीते वर्ष के मुकाबले कम खरीदारी की।

पछवादून क्षेत्र के सेलाकुई, सहसपुर, हरबर्टपुर और विकासनगर के बाजार में धनतेरस पर काफी रौनक देखने को मिली। लोगों ने सबसे अधिक दोपहिया और चौपहिया वाहनों की खरीदारी की। जानकारी के मुताबिक धनतेरस पर 250 पेट्रोल बाइक और स्कूटर की बिक्री हुई। 50 ई-स्कूटर बिके। लोगों ने पर्व के अवसर पर 30 कार भी खरीदी। आभूषण की दुकानों पर दोपहर बाद ग्राहकों ने पहुंचना शुरू किया। लोगों ने सोने-चांदी के सिक्के और मूर्तियां खरीदी। वहीं, चांदी के गिलास, थाली, चम्मच और कटोरा भी खरीदा। दुकानों में लोगों ने हल्के और नये डिजाइन के आभूषण खरीदे। गिने-चुने लोगों ने ही एक लाख से अधिक के आभूषण खरीदे। बर्तनों की दुकानों में ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रही। लोगों ने स्टील के साथ पारंपरिक तांबे, कांसा और पीतल के बर्तन खरीद कर ले गए। दुकानों से तांबे, कांसे, पीतल और अष्ट धातुओं की मूर्तियां भी खरीदी गई। लक्ष्मी, गणेश, कुबेर महाराज की मूर्तियों की बिक्री अधिक हुई।



इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में टीवी, फ्रिज, मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक चिमनी, वाशिंग मशीन की भी खूब खरीदारी हुई। फर्नीचर की दुकान से लोगों ने अपने घरों के लिए सोफा सेट, टेबल, डिनर टेबल और कुर्सी सेट, बेड, दीवान, टेबल, अलमारी आदि खरीदे। व्यापारियों ने बताया कि लोगों से 10 से 50 हजार रुपये तक के फर्नीचर की रेंज को प्राथमिकता देते हुए खरीदा।

इलेक्टिकल्स की दुकानों में रंग-बिरंगी लड़ियों की बंपर खरीदारी की गई। सबसे अधिक मांग साउंड सिस्टम वाले श्रीराम मंदिर, केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के मंदिर के आकृति वाले शोपीस की रही। लोगों ने छोटी दिवाली के दीये और मिट्टी से बनी मूर्तियां खरीदीं। इस बार कुम्हारों की दुकानों में मिट्टी से बने कूकर, तवा, कढ़ाई, हांडी, पानी की बोतल खूब बिके। पेंटिंग शोपीस की दुकान में भी श्री राम मंदिर में स्थापित रामलला के विग्रह, लक्ष्मी, गणेश, सूर्य, कुबेर, दौड़ते हुए सफेद घोड़े और महासू देवता की पेंटिंग भी लोगों ने खरीदी। फूलों की दुकानों में वंदनवार और पूजा के फूल जमकर खरीदे गए। पारंपरिक बाजार में अपेक्षाकृत कम दामों मिलने वाले जैकेट, शर्ट, जींस, कार्गो, स्वेटर, ट्राउजर, कोट, वेस्टकोट, जूते आदि भी लोगों ने खरीदे। उधर, मिठाई की दुकानों में भी भीड़ लगी रही। शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और गिफ्ट की दुकानों से लोगों ने अपने प्रियजनों को देने के लिए उपहार भी खरीदे।

विकासनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि इस बार करीब 40 करोड़ रुपये के कारोबार की उम्मीद थी। बड़ी संख्या में ग्राहक खरीदारी के बाजार में पहुंचे, लेकिन नौकरी पेशा लोगों को माह का अंतिम सप्ताह होने से वेतन और बोनस नहीं मिल पाया है। उस पर ऑनलाइन शॉपिंग का ट्रेंड भी बढ़ा है।

## बायो मेडिकल का निस्तारण न करने पर क्लीनिक सीज

**काशीपुर, एजेंसी।** नगर आयुक्त विवेक राय के निर्देश पर कूड़ा-कचरा सड़क किनारे फेंकने और प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने बायो मेडिकल का नियमानुसार निस्तारण नहीं करने पर एक क्लीनिक को सीज कर दिया। मंगलवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी के नेतृत्व में टीम ने अभियान चलाया। बाजपुर रोड डिग्री कॉलेज के पास डॉ. अरुण राणा के क्लीनिक में छापा मारा। यहां पर बायो मेडिकल बेस्ट का नियमानुसार निस्तारण नहीं किया जा रहा है और कूड़ा जलाया जा रहा था। टीम ने क्लीनिक को सीज कर पांच हजार रुपये का जुर्माना किया। इसके अलावा टीम ने 280 ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक को बरामद कर पांच हजार रुपये का जुर्माना किया।

वहीं केलाखेड़ा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार शाम दो अस्पतालों की जांच की। सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता ने टीम के साथ एक क्लीनिक सहित दो अस्पतालों पर औचक छापामारा। एक अस्पताल का पंजीकरण नहीं मिला।

## कोतवाली का घेराव : बाइक सवार बदमाशों ने लंबाखेड़ा के प्रधान पर किया हमला, पूर्व विधायक ने कार्रवाई की मांग की

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर के ग्राम लंबाखेड़ा के प्रधान विक्रम सिंह पर रविवार रात बाइक सवार लोगों ने हमला किया। सोमवार को आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुवाई में एसएसआई ने कोतवाली का घेराव किया।

रुद्रपुर के ग्राम लंबाखेड़ा के प्रधान विक्रम सिंह पर रविवार रात को जानलेवा हमला हुआ। विक्रम सिंह पर बाइक सवार लोगों ने हमला किया। घायल प्रधान विक्रम सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार को आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुवाई में एसएसआई ने कोतवाली का घेराव किया। आरोपियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की।



## क्वारब में पांच नवंबर तक रात में नहीं चलेंगे वाहन



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** क्वारब में रात में फिर से यातायात बंद कर दिया गया है। डीएम आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि एनएच पर रात्रि में यातायात बंद करने की तिथि बढ़ाना जरूरी है। क्वारब में रात में फिर से यातायात बंद कर दिया गया है। डीएम आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि एनएच पर रात्रि में यातायात बंद करने की तिथि बढ़ाना जरूरी है। कहा कि राजमार्ग पर पांच नवंबर तक रात नौ बजे से सुबह छह बजे तक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। बड़ी संख्या में लोगों के घरों को लौटने और मैदानों की ओर जाने से सुबह से सड़क पर जाम लगा रहा है। इससे यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। लगातार पहाड़ी दरकने से अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब में लग रहे जाम को देखते हुए प्रशासन ने 28 अक्तूबर की रात तक यहां से आवाजाही प्रतिबंधित की थी। एनएच रानीखेत के अधिशासी अभियंता महेंद्र कुमार ने डीएम को पत्र भेजकर कहा कि दीपावली पर दिन-रात वाहनों का भारी दबाव रहता है, ऐसे में रात में कार्य करना संभव नहीं है। इसलिए रात में सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी जाए है।

### फाटो जोन की बुकिंग ऑनलाइन कराने की मांग

**रामनगर, एजेंसी।** कॉर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने फाटो जोन की बुकिंग ऑनलाइन कराने की मांग को लेकर मंगलवार को तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य का घेराव किया। इस दौरान उनकी डीएफओ से तीखी बहस भी हुई। चेतावनी दी कि यदि 15 दिन में मांग पर कार्यवाही नहीं की गई तो जिप्सी एसोसिएशन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी डीएफओ की होगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश छिम्वाल ने बताया कि फाटो जोन को खुले करीब तीन वर्ष हो गए हैं और तभी से इस जोन में गेट से ही बुकिंग हो रहीं है। उन्होंने कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और रामनगर वन प्रभाग के सभी पर्यटन जोन ऑनलाइन है। काफी समय से इस जोन को भी ऑनलाइन करने के लिए मांग की जा रही है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

डीएफओ ने 15 दिन के भीतर जोन की बुकिंग ऑनलाइन करने का आश्वासन दिया। वहां एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मो. फैसल, सचिव उमर मोहम्मद, कोषाध्यक्ष नूर मोहम्मद खान, उपसचिव राजेश कुमार, गिरीश धसमाना, पवन पूरी, उमेद सिंह नेगी, संतोष, कमल, फईम, वसीम नईम, इकराम आदि मौजूद रहे।

### मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी, विवाद बढ़ा तो साले ने जीजा को डंडे से पीटकर मार डाला

**हरिद्वार , एजेंसी।** खत्ता बस्ती चंडीघाट माजरा में लक्की और उसके जीजा दुर्गेश के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों में मारपीट होने लगी। जिसके बाद लड्डू उर्फ लक्की ने डंडों से दुर्गेश पर हमला कर दिया।

हरिद्वार श्यामपुर थाना क्षेत्र की चंडीघाट बस्ती में मामूली बात पर झगड़ा होने के बाद साले ने अपने जीजा की ही डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद क्रोधित परिवार वालों ने आरोपी की जुग्गी झोपड़ी पर पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। तब एसओ ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बा मुश्किल हंगामा शांत किया।

शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। एहतियातन मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार की देर रात की है। जब खत्ता बस्ती चंडीघाट माजरा में लड्डू उर्फ लक्की और उसके जीजा दुर्गेश के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों में मारपीट होने लगी। जिसके बाद लड्डू उर्फ लक्की ने डंडों से दुर्गेश पर हमला कर दिया।

सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर बुरी तरह वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। इसके बाद आरोपी भाग निकला। इसकी जानकारी मिलते ही बस्ती के लोगों में हड़कंप मच गया।



### जयकारों से गूंजी केदारपुरी, बाबा केदार के क्षेत्रपाल भगवान भैरवनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद



**रुद्रप्रयाग , एजेंसी।** भगवान भैरवनाथ के कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भगवान केदारनाथ के क्षेत्रपाल भगवान भुकुंट भैरवनाथ के कपाट मंगलवार को पूजा-अर्चना और यज्ञ-अनुष्ठान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। केदारनाथ धाम के कपाट आगामी तीन नवंबर को भैयादूज के पर्व पर बंद किए जाएंगे। इसी दिन बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली धाम से शीतकालीन गद्दीस्थल के लिए प्रस्थान करते हुए रात्रि प्रवास के लिए रामपुर पहुंचेगी। चार नवंबर को डोली रामपुर से रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी और पांच नवंबर को शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में छह माह की शीतकालीन पूजा के लिए विराजमान हो जाएगी। मंगलवार को केदारनाथ धाम के मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग सहित अन्य हक-हकूकधारी दोपहर 11.30 बजे भैरवनाथ मंदिर पहुंचे। यहां पर आराध्य की विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही सभी धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस मौके पर मुख्य पुजारी शिव शंकर लिंग ने परंपरानुसार सभी परंपराओं का निर्वहन करते हुए आराध्य भैरवनाथ जी का श्रृंगार करते हुए उन्हें भोग लगाया। इस मौके पर भगवान अपने पश्वा पर अवतरित हुए सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। आराध्य के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि भगवान भैरवनाथ के कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

## सूने घर हुए आबाद, देहरी पर दीये जलाने लौटे भिटारकोट के छह परिवार

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
पलायन की मार झेल रहे उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में हजारों घर सूने पड़े हैं कई मकान देखरेख के अभाव में जर्जर हाल हैं लेकिन कुछ जगह अब आशा की किरण भी जगने लगी है। इस दिवाली यहां ज्यादा रौनक रहेगी।

रानीखेत तहसील की भिटारकोट गांव में बीते कुछ समय से सात परिवार ऐसे हैं जिनके मुखिया अलग-अलग विभागों में कार्यरत थे लेकिन अपनी सेवाएं पूरी होने के बाद अपने जर्जर हो चुके घरों में लौट आए हैं। भिटारकोट की बीच की बाखली में इस साल दिवाली की रौनक पिछले वर्षो की अपेक्षा अधिक दिखाई देगी।

भिटारकोट करीब 20-25 साल पहले फलता फूलता सुख , समृद्ध और हंसत, खेलता गांव था लेकिन कम होते संसाधन, रोजगार की कमी और बच्चों के भविष्य की चिंता से यहां ऐसा पलायन हुआ कि कभी 300 परिवार वाला ये गांव आधे से अधिक खाली हो गया है। वे मकान जहां हर रोज खुशियां नाचती थीं, धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील हो गए।



भिटारकोट में बीच की बाखली में 20 साल पहले 60-70 लोग रहा करते थे लेकिन अब यहां चार परिवार ही बचे हैं। ये चार परिवार भी ऐसे हैं जो कुछ समय पूर्व रिवर्स पलायन कर लौटे हैं। जल निगम नैनीताल में करीब 34 साल नौकरी करके लौटे कुंदन सिंह स्यूनरी का परिवार नैनीताल में रहता था। उनके पास विकल्प था कि वह वहीं बस सकते थे लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपने गांव के खंडहर होते मकान को ही गुलजार करने का मन मनाया। कुंदन सिंह इसी साल मार्च में सेवानिवृत्त हुए और मई में घर लौट आए। कुंदन सिंह ने बताया कि पत्नी के अलावा उनके 93 वर्ष के पिता भी उनके साथ रहते हैं।

बच्चे नौकरी के लिए बाहर चले गए हैं। उनका कहना है कि पलायन कर चले तो गए थे लेकिन अब गांव में ही बस गए हैं। वन विभाग से सेवानिवृत्त दीवान सिंह नेगी भी अपनी पुरानी बाखली में लौट आए हैं जहां उनका बचपन बीता था। इस तरह कुल सात परिवार लौटे हैं। इससे उम्मीद जगी है कि रिवर्स पलायन की यह रौनक भूतिया होते हुए गांव को फिर रोशन करेगी।

## एसटीएच के एनेस्थीसिया विभाग में ज्यादा डयूटी को लेकर विवाद

**हल्द्वानी, एजेंसी।** सुशीला तिवारी अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। यहां ज्यादा डयूटी को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। सात डॉक्टरों ने विभाग में छोटी-छोटी बातों पर नोटिस मिलने और डयूटी के नियम सख्त होने की लिखित शिकायत चिकित्सा अधीक्षक और प्राचार्य से की है। साथ ही ऐसी स्थिति में काम करने में असमर्थता जताई है।

डॉक्टरों का आरोप है कि उन्हें लगातार 24 घंटे काम दिया जा रहा है, जिससे वे तनाव में हैं। वे अपने और परिवार के लिए भी समय नहीं निकाल पा रहे हैं। उन पर शिशु संबंधी दायित्व और पारिवारिक जिम्मेदारियां भी हैं। वे तनावपूर्ण माहौल में काम कर रहे हैं। बताया कि छोटी-छोटी बात पर उन्हें नोटिस दिया जा रहा है और उन्हें अवकाश तक नहीं दिया जा रहा है। कार्यों की निरंतर निगरानी से स्थिति और खराब हो रही है। इसके बावजूद वे मरीजों की स्थिति देखकर उनका उपचार करते हैं। अब मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ महसूस करने के बाद पत्र लिखने को मजबूर हुए हैं। शिकायत करने वाले डॉक्टरों में कुछ नियमित तो कुछ संविदा पर कार्यरत हैं। इधर, प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि डयूटी को लेकर विवाद है। जल्द विभागीय बैठक लेकर मामले को सुलझा लिया जाएगा।

# पहली बार महीना खत्म होने से पहले ही अकाउंट में तनख्वाह के साथ भेजा दिवाली बोनस-केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिवाली पर आम आदमी पार्टी की एमसीडी सरकार ने अपने सफाई कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। पहली बार महीना पूरा होने से पहले सभी के अकाउंट में तनख्वाह के साथ दिवाली का बोनस भी दे दिया गया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एमडीसी मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय के साथ बुधवार को संयुक्त प्रेस वार्ता कर इस खुशखबरी को साझा किया। उन्होने कहा कि एमसीडी के 64 हजार कच्चे-पक्के सफाई कर्मचारियों के खाते में नवंबर की सैलरी डाल दी गई है जो कि 7 नवंबर तक मिलनी थी। एमसीडी ने सफाई कर्मचारियों को कुल 23 करोड़ रुपये दिवाली बोनस भी दिया गया है ताकि वो खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ दिवाली मना सकें। एमसीडी के इतिहास में पहली बार हुआ है, कि दिवाली के पहले सफाई कर्मचारियों को तनख्वाह दी गई है। भाजपा के समय सफाईकर्मियों को अपनी सैलरी के लिये धरना प्रदर्शन करना पड़ता था, 6-6 महीने तनख़्वाह नहीं मिलती थी। आम आदमी पार्टी की एमसीडी सरकार में पिछले 2 साल से सफाईकर्मियों को हर महीने के पहले हफ़्ते में तनख़्वाह मिल जाती है

आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय के साथ बुधवार को पार्टी मुख्यालय के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता कर कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को एक बहुत बड़ी खुशखबरी देना चाहता हूं। और खासकर दिल्ली का जो गरीब तबका है, जो सफाई कर्मचारी हैं, उनके लिए मेयर शैली ओबेरॉय के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की एमसीडी सरकार ने बहुत बड़ा काम किया है। पिछले 18 साल से एमसीडी के अंदर सफाई कर्मचारियों को तो क्या किसी भी कर्मचारी को समय पर तनख्वाह नहीं मिलती थी। 18 साल पहले होता था कि लोगों को महीने की तनख्वाह महीने में मिला करती थी। लेकिन उसके बाद नगर निगम में भाजपा आई और उसके कार्यकाल के दौरान 6-8 महीने लोगों को समय पर तनख्वाह नहीं मिलती थी। अपनी तनख्वाह तक लेने के लिए लोगों को धरने प्रदर्शन करने पड़ते थे। हम देखते थे कि लोगों का 70-80 फीसदी समय धरना प्रदर्शन करने में जाता था और कर्मचारी किसी बड़ी मांग के लिए नहीं बल्कि अपनी तनख्वाह लेने के लिए धरना प्रदर्शन करते थे। इतना ज्यादा भ्रष्टाचार था कि सारा पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नगर निगम के अंदर पिछले 2 साल से हमारी सरकार है और दो साल से हर महीने के पहले हफ्ते में लोगों के अकाउंट में तनख्वाह आ जाती है। पिछले दो साल में एक बार भी ऐसी नहीं हुआ है जब सफाई कर्मचारियों को तनख्वाह के लिए धरना प्रदर्शन या हड़ताल करनी पड़ी हो। जबकि उसके पहले जब 15 साल भाजपा की सरकार थी, आप उठाकर देख लीजिए कि लगभग सफाई कर्मचारी, दूसरे कर्मचारी काम पर कम रहते थे और हड़ताल पर ज्यादा रहते थे। लेकिन पिछले दो साल में उन लोगों को अपनी तनख्वाह लेने के लिए हड़ताल नहीं करनी पड़ी है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि आज जो मैं बड़ी खबर देने जा रहा हूं कि वो यह है कि अभी 31 अक्टूबर नहीं हुआ है, यह महीना पूरा नहीं हुआ है। 1 नवंबर के बाद तनख्वाह मिलनी थी। 7 नवंबर तक उनके अकाउंट में तनख्वाह जानी थी। लेकिन दिवाली को मद्देनजर रखते हुए लगभग 64 हजार कच्चे और पक्के सफाई कर्मचारियों के अकाउंट में दिवाली के पहले अगले महीने नवंबर की तनख्वाह पहुंच चुकी है। ताकि वो अपने बच्चों के साथ, परिवार के साथ अच्छी दिवाली मना सकें। सफाई कर्मचारियों ना सिर्फ तनख्वाह बल्कि दिवाली बोनस भी दिया गया है। लगभग 23 करोड़ रुपए दिवाली बोनस उनके अकाउंट में पहुंच गया है। पहले बोनस के लिए भी उनको धरने प्रदर्शन करने पड़ते थे। डिमांड करनी पड़ती थी। कई-कई महीने तक धरने करते थे। लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस बार वो अपने परिवार के साथ बहुत धूमधाम के साथ दिवाली मनाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह उन दिल्ली के लोगों का नतीजा है कि उन्होंने एक ईमानदार सरकार को नगर निगम में मौका दिया। जैसे पहले दिल्ली में मौका दिया था, दिल्ली में इतने काम हुए हैं। ऐसे ही अब नगर निगम के अंदर भी बहुत काम हो रहे हैं। मैं साफ तौर से दिल्ली के सभी सफाई कर्मचारियों को बधाई देना चाहता हूं कि उनकी दिवाली इस बार बहुत अच्छी मनेगी।

# भाजपा नेताओं ने दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल को झूठ की राजनीति बताया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रधानमंत्री के आयुष्मान भारत योजना पर आम आदमी पार्टी (आप) के लगाए आरोप की आलोचना की है। भाजपा नेताओं ने आज प्रेस वार्ता कर दिल्ली के स्वास्थ मॉडल को झूठ की राजनीति बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार सिर्फ अपने लिए काम करती है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम सभी ने कल प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन सुना। बुजुर्ग किसी भी परिवार की ताकत होते हैं। जब प्रधानमंत्री मोदी ने 70 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना (आयुष्मान भारत) लॉन्च की, तो उन्होंने कहा कि पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए फायदेमंद होगा। उन्होंने सत्ता में आप सरकार के कारण दिल्ली के लोगों को इस योजना का लाभ नहीं मिलने पर भी निराशा व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि यह हम सबके बुजुर्ग परिजनों को लाभ देगी चाहें वो मेरे माता पिता हों या दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माता पिता हों। दुख की बात यह है कि केजरीवाल ऐसी सर्व हितकारी योजना की निंदा कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल का स्वास्थ मॉडल वर्ल्ड क्लास फ्रॉड मॉडल है, जिसमें हर काम में केवल हेराफेरी है।

वीरेंद्र सचदेवा ने बिजली बिलों पर सवाल कहा कि भाजपा फिर से मांग करती है कि दिल्ली सरकार और डीईआरसी दोनों बिजली बिलों और अन्य अधिभारों की समीक्षा करें, क्योंकि इन सरचार्जों के चलते उपभोक्ता अपने बिलों में बिल से अधिक सरचार्ज दे रहा है। दिल्ली भाजपा फरवरी 2025 में सत्ता में आएगी और तुरंत बिजली बिलों में लगने वाले सरचार्ज और अधिभारों की समीक्षा कर वापसी के आदेश देगी।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में केवल दो प्रदेश – बंगाल और दिल्ली – की सरकारें ही अपनी स्वार्थ की राजनीति के कारण जनहित का गला घोंट रही हैं, क्योंकि इनकी प्राथमिकता जनहित नहीं, केवल स्वार्थसिद्धि है। हमारे सभी सातों सांसदों ने यह निर्णय लिया है कि जनहित को प्राथमिकता देते हुए वृद्ध जनों के हक की लड़ाई हाई कोर्ट तक लड़ेंगे। केजरीवाल की साजिश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी, ताकि वृद्ध जनों को उनका हक दिलाने का प्रयत्न किया जा सके।

सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि कल धन त्रयोदशी के अवसर पर, प्रधानमंत्री मोदी ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत का विस्तार किया। उन्होंने अपना दुख भी व्यक्त किया और कहा कि वह दिल्ली और पश्चिम बंगाल के बुजुर्गों की सेवा नहीं कर पाएंगे क्योंकि वहां की राज्य सरकारें नफरत की राजनीति करती हैं।

सांसद रामवीर सिंह बिधुड़ी ने केजरीवाल पर आरोप लगाया कि वह सिर्फ झूठ की राजनीति करते है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में हर इंसान जानता है कि वह झूठे प्रचार के अलावा कुछ नहीं है। मोहल्ला क्लीनिकों के नाम पर करोड़ों रुपए बर्बाद किए जा रहे हैं जहां न इलाज की सुविधा है और न ही टेस्ट की। सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली के सरकारी अस्पतालों को बूचड़खाना कह चुका है जहां न डॉक्टर हैं, न दवाइयां, न मशीनें और न ही अन्य सुविधाएं। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के मुफ्त इलाज की घोषणा से 4.5 करोड़ और लोग लाभान्वित होंगे। दिल्ली में राजनीति के कारण आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं की गई जिससे दिल्ली के बुजुर्गों में बहुत गुस्सा है।

# रसोई की सफाई के लिए कहना पड़ा महंगा

## आरोपी घरेलू सहायिका ने मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



छावला इलाके में सोमवार को रसोई की सफाई के लिए कहने पर घरेलू सहायिका द्वारा गाली-गलौज, पिटाई व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी घरेलू सहायिका ने पीड़िता पर चाकू से हमला किया जिससे वह घायल हो गईं और आरोपी महिला हमले के बाद मौके से फरार हो गई। कुछ देर बाद आरोपी महिला अपने कुछ लोगों के साथ आई और पीड़िता को जान से मारने की धमकी देने लगी। इस बीच पीड़िता का भाई मौके पर आया तो सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता के भाई ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने युवती के बयान पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है। युवती का आरोप है कि उनके साथ मारपीट व चाकू से हमला करने के बाद आरोपी घरेलू सहायिका ने उनके पिता के कमरे से 35 हजार रुपये निकाल लिए।

पुलिस को दी शिकायत में 30 वर्षीय दीप्ति ने बताया कि वह परिवार के साथ छावला इलाके में रहती हैं। 28 अक्टूबर की शाम करीब छह बजे उनकी घरेलू सहायिका काम करने आई। उन्होंने घरेलू सहायिका से कहा कि खाना बनाने के बाद रसोई की सफाई भी कर देना। पीड़िता का आरोप है कि इतना कहते ही घरेलू सहायिका गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर घरेलू सहायिका ने उन्हें बुरी तरह से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला मौके से फरार हो गई और अपने लोगों के साथ जाकर पीड़िता को जान से मारने की धमकी तक दे डाली। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच कर रही है।

### धनतेरस पर किस्मत आजमाते 16 जुआरी गिरफ्तार, 2.2 लाख बरामद

नई दिल्ली। वसंत कुंज साउथ पुलिस ने इलाके में धनतेरस के मौके पर अपनी किस्मत आजमा रहे 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इनके पास से पुलिस को 2.2 लाख रुपये, 760 सट्टा के सिक्के व दो पैकेट ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पकड़े गये आरोपियों की पहचान आशीष ढींगरा, नवीन, मुकेश,अमित, राहुल गुप्ता, सचिन गुप्ता, आकाश, शुभम दूबे, अमन ढींगरा, श्यामल, पीयूष, कन्हैया, विपिन चोपड़ा, अमन खुराना, हरदीप सिंह व प्रशांत गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने इन सबको गुप्त सूचना के आधार पर भवानी गंज इलाके से गिरफ्तार किया है। ये सब इलाके में स्थित फ्लैट संख्या 67 में वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अदालत ने ड्रग्स मामले में तीन महिलाओं को बरी किया

नई दिल्ली। अदालत ने तीन महिलाओं को मादक पदार्थ अधिनियम के आरोप से बरी कर दिया है। इन महिलाओं में प्रत्येक के पास कथित तौर पर 12 ग्राम स्मैक, एक ओपिओइड ड्रग पाया गया था। बरामद नमूनों में कोई नशीला पदार्थ नहीं था। तीस हजारी स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एकता गौबा मान की अदालत ने अंजू, ललिता और मोनिका के खिलाफ नारकोटिक ड्रग एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) मामले की सुनवाई को समाप्त कर दिया है। इन महिलाओं के खिलाफ आईपी एस्टेट पुलिस ने चार मई, 2017 को दिल्ली गेट मेट्रो स्टेशन के पास एक गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया था।

### घर में तांकाझांकी का विरोध करने पर चाकू से हमला

नई दिल्ली। मायापुरी इलाके में घर में ताकाझांकी करने का विरोध करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपी पड़ोसी ने पीड़ित पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घायल को उनकी पत्नी ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज किया। घायल व्यक्ति की पहचान 44 वर्षीय शाकुल के रूप में हुई है। शाकुल के घर में प्रेम ताकाझांकी कर रहा था। मना करने पर पहले गाली देने लगा और बाद में चाकू से हमला कर दिया।

### बदमाशों ने टैक्स अधिकारी बन चालक का अपहरण कर ट्रक लूटा

नई दिल्ली। अलीपुर इलाके में सोमवार तड़के कार सवार बदमाशों ने सेल्स टैक्स अधिकारी बनकर ट्रक चालक को रुकवाया और चालक का अपहरण कर लाखों के सामान से लदे ट्रक को लूट लिया। अलीपुर पुलिस ने मंगलवार को पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार 36 वर्षीय राकेश कुमार परिवार सहित पानीपत में रहता है। राकेश पानीपत स्थित भगवती ट्रांसपोर्ट में ट्रक चालक है। वह रविवार देर रात ट्रक में कंबल, हैंडलूम और परचून के सामान लादकर तीस हजारी के लिए रवाना हुआ। पीड़ित ने बताया कि सोमवार तड़के करीब चार बजे शनि मंदिर के पास कार सवारों ने जबरन रोका। खुद को सेल्स टैक्स अधिकारी बताकर जांच शुरू की। इसके बाद पीड़ित को जबरन कार में बैठा लिया और उसका मोबाइल ले लिया। पीड़ित ने बताया कि उसकी आंखों पर पट्टी लगाकर हाथ-पैर बांध दिए। बाद में उसे सोनीपत के खेत में फेंक दिया। बदमाश ट्रक लेकर फरार हो गए। किसी तरह से हाथ पैर खोलकर उसने राहगीर के फोन से अपने मालिक कृष्णन कुमार से संपर्क साधा। पहले वह राई थाना गया जहां से उसे अलीपुर थाने भेजा गया। पुलिस ने अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दिवाली पर मॉल, बाजार में जुटी खरीदारों की भीड़, कारोबारियों को अच्छी बिक्री की उम्मीद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



सड़कें जाम हैं और दुकानें खचाखच भरी हैं...लोग अपने निकट संबंधियों के लिए रोशनी के त्योहार को यादगार बनाने के लिए उपहार खरीदने के लिए मॉल तथा बाजारों की ओर कूच कर रहे हैं। डिनर सेट, सौंदर्य प्रसाधन, स्वादिष्ट भोजन की टोकरियां, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और हमेशा लोकप्रिय बनी रहने वालीं चॉकलेट व मिठाइयां...दिवाली के लिए उत्साही खरीदारों के लिए अनंत विकल्प मौजूद हैं, लेकिन चुनौती बड़ी अपेक्षाओं के साथ बजट को संतुलित करने की है।

दिवाली पर बाजारों में दिखी रोनक

गृहिणी समृति खन्ना (30) ने कहा, हमेशा अपने करीबियों को कुछ अलग व अनोखा उपहार देने की इच्छा होती है लेकिन ऐसे उपहार कई बार आपके बजट के बाहर भी हो सकते हैं। दोनों के बीच संतुलन बनाना ही सबसे उचित विकल्प है। सूर्या रोशनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (उएड) जितेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि जब त्योहारों की बात आती है, तो अधिकतर लोग सामान्य से अधिक खर्च करते हैं, क्योंकि यह ऐसा खास मौका होता है जब खरीदार अधिक खर्च करता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शहरी केंद्र ही नहीं बल्कि अर्ध-शहरी केंद्र भी त्योहार के समय स्थिर वृद्धि दर्ज कर रहे हैं।

121 करोड़ की शराब की बिक्री

आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल दिवाली से पहले सिर्फ तीन दिन में दिल्ली में लोगों ने करीब 121 करोड़ रुपये मूल्य की 64 लाख शराब की बोतलें खरीदीं। रेडिको खेतान लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी अमर सिन्हा ने कहा, त्योहारों के दौरान शराब को उपहार के रूप में पसंद किया जाना इसकी एक मुख्य वजह है। इसका जश्न मनाने और सामाजिक समारोहों के साथ गहरा संबंध है। सिन्हा ने कहा, इस वर्ष हमें उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी और शराब की बिक्री में निरंतर वृद्धि होगी, जो बढ़ते ग्राहक आधार तथा विशिष्ट पेय अनुभवों में बढ़ती रुचि से प्रेरित होगी।

# गंदगी को लेकर स्वाति मालीवाल ने की दिल्ली सरकार की आलोचना



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में बढ़ती गंदगी को लेकर के आज आप सरकार की आलोचना की। उन्होंने बुधवार को दिल्ली के जनकपुरी इलाके का औचक निरीक्षण किया। इलाके में गंदगी को देखकर के स्वाति मालीवाल ने आप सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को कभी अपने महल से बाहर निकलकर झांकना चाहिए। आप सांसद स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का क्या बुरा हाल कर रखा है। लाखों लोग यहां ऐसी गंदगी में रहने को मजबूर हैं। मालीवाल ने कहा कि कूड़ा सड़कों तक आ गया है, सांस लेना मुश्किल, लंबे ट्रैफिक जाम। खुद को राजा समझते हो, अपनी तुलना श्री कृष्ण से करते हो। उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जन्माष्टमी के दिन जन्म हुआ तो अपनी तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर दी। भगवान श्री कृष्ण की अति प्रिय गऊमाता सड़कों पर कूड़ा खाने को मजबूर है, अगर सच्चे श्रीकृष्ण भक्त हो तो ये हाल सुधारो। कभी अपने महल से बाहर निकलकर झांको। स्वाति मालीवाल ने दिल्ली की मेयर शैली ओबराय को कहा कि जल्द से जल्द ये कूड़ा साफ करवाओ वरना इससे ज्यादा कूड़ा आपके घर के सामने फेंकने आएँगे। उल्लेखनीय है कि स्वाति मालीवाल ने कुछ दिन पहले ही गंदगी को लेकर के आम आदमी पार्टी पर हमला बोला था।

# टक्कर मारने के बाद डिलीवरी ब्वॉय को कार ने सड़क पर घसीटा

नई दिल्ली। अंबेडकर नगर इलाके में कार चालक आरोपी बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी कारचालक पीड़ को टक्कर मार काफी दूर तक घसीट दिया और फिर मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुला घायल को एम्स ट्रामा सेंटर भेज दिया जिससे डिलीवरी ब्वॉय की जान बच गई। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित 40 वर्षीय राघवेन्द्र सिंह कल्लू संत नगर मोहल्ला, गढ़ी इलाके में अपने साले और भतीजे के साथ रहते हैं। वह डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं। परिवार के अन्य सदस्यों समेत उनकी पत्नी व दो बच्चे उत्तर प्रदेश के मैनपुरी स्थित उनके मूल निवास स्थान पर रहते हैं। 29 अक्टूबर की सुबह करीब पांच से साढ़े पांच के बीच मालवीय नगर में एक ग्राहक को डिलीवरी देने के बाद वह वापस नेहरू प्लेस जा रहे थे। जब वह चिराग दिल्ली फ्लाईओवर से होतेत हुए नेहरू प्लेस पहुंचे तभी लाल बत्ती के पास डिफेंस कॉलोनी की तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार रोकने के बजाय उन्हें काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया और फिर मौके से फरार हो गया। घायल बाइक सवार को मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाया और उन्हें एम्स ट्रामा सेंटर भेजा। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस फरार कार चालक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# घर के बाहर बम फोड़ने से मना करने पर जमकर मारपीट



नई दिल्ली। आया नगर इलाके में एक व्यक्ति ने कुछ लोगों को अपने घर के बाहर बम फोड़ने से मना किया तो करीब एक दर्जन से ज्यादा आरोपी जबरन उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट, लाठी-डंडा और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित के माता-पिता को भी चोटें आईं। पड़ोसियों ने बीच-बचाव करके किसी तरह से मामले को शांत कराया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी दे मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, नवनीत अपने परिवार के साथ आया नगर में रहते हैं। उनका आरोप है कि 19 अक्तूबर की रात करीब नौ बजे दूसरे कॉलोनी के लड़के उनके घर के बाहर बम और पटाखे फोड़ रहे थे। इस कारण उनके बुजुर्ग माता-पिता को परेशानी हो रही थी। नवनीत ने उन्हें वहां पर बम फोड़ने से मना किया तो वह लोग उनकी सीढ़ियों पर पटाखे फोड़ने लगे। पीड़ित ने दोबारा मना किया तो लड़कों ने अपने रिश्तेदारों को फोन कर मौके पर बुला लिया। वह लोग करीब 15 की संख्या में लाठी-डंडा और लोहे की रॉड लेकर पहुंचे और नवनीत के घर में घुसकर मारपीट करने लगे। मारपीट में नवनीत के दो दांत टूट गए। उनके सिर में खून जम गया। उनकी मां संगीता के सिर और शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आई हैं। उनके पिता दयानंद राय को भी गंभीर चोटें आई है।

### पेट्रोलिंग के दौरान आरोपी को दबोचा

नई दिल्ली । हरि नगर पुलिस ने 16 आपराधिक मामलों में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का मोबाइल फोन और चार साइकिलें बरामद हुई हैं। आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने पांच मामलों को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 28 अक्तूबर को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध आरोपी को चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया था। इससे पूछताछ के दौरान पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चोरी की चार साइकिलें बरामद कर लीं।

### वसंत कुंज इलाके में जुआ खेलते 16 लोग धरे

नई दिल्ली। वसंत कुंज साउथ पुलिस ने इलाके में धनतेरस के मौके पर जुआ खेल रहे 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि इनके पास से पुलिस को 2.2 लाख रुपये, 760 सट्टा के सिक्के और दो पैकेट ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आशीष ढींगरा, नवीन, मुकेश,अमित, राहुल गुप्ता, सचिन गुप्ता, आकाश, शुभम दूबे, अमन ढींगरा, श्यामल, पीयूष, कन्हैया, विपिन चोपड़ा, अमन खुराना, हरदीप सिंह और प्रशांत गुप्ता के रूप में हुई है।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को दस साल कारावास

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए उसे 10 साल कैद और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि अपर सत्र विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो-दो) की अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए मंगलवार को गांव धूम मानिकपुर के निवासी विकास को सजा सुनाई। प्रवक्ता ने बताया कि विकास ने 2018 में बादलपुर पुलिस थाना क्षेत्र की निवासी एक नाबालिग छात्रा को उस समय अगवा कर लिया जब वह स्कूल जा रही थी। उसने कई माह तक उसके साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि कुछ माह बाद बादलपुर थाना पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया

# आयुष्मान भारत योजना एक बड़ा घोटाला : केजरीवाल

- आप आयुष्मान भारत को लेकर प्रधानमंत्री पर बरसी, देशभर में दिल्ली मॉडल अपनाने का आह्वान किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) बुधवार को भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस टिप्पणी को लेकर उन पर हमलावर रही कि दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारों ने राजनीतिक हितों के कारण आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू नहीं किया। इससे एक दिन पहले, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पर राष्ट्रीय राजधानी में जन स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को एक घोटाला बताया और कहा कि प्रधानमंत्री को दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल का अध्ययन करना चाहिए। कक्कड़ ने कहा, स्वास्थ्य आम आदमी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमने स्वास्थ्य का ऐसा मॉडल पेश किया है कि कोफी अन्नान (संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव) तक ने हमारी प्रशंसा की है और प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत के तहत एक घोटाला पेश किया है कैग को इस घोटाले के बारे में बोलना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को अरविंद केजरीवाल के दिल्ली स्वास्थ्य मॉडल का अध्ययन करना चाहिए और इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए। प्रवक्ता ने दावा किया कि आयुष्मान भारत में शामिल किए गए 27,000 अस्पतालों में से केवल 7,000 कागजों पर मौजूद हैं और 4,000 अस्पतालों ने इस योजना के तहत किसी मरीज को भर्ती नहीं किया है।

मंगलवार को नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा था, मैं दिल्ली और पश्चिम बंगाल में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों से माफी मांगता हूं। मैं आपकी पीड़ा समझता हूं, लेकिन राज्य सरकारों के फैसलों के कारण मैं आपकी मदद नहीं कर सकता। मोदी ने कहा था कि वह पश्चिम बंगाल और दिल्ली में बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की स्थिति से निराश हैं। प्रधानमंत्री ने इसे वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करने का एक खोया हुआ अवसर करार दिया था।

प्रधानमंत्री के आरोपों पर जवाब देते हुए केजरीवाल ने कहा कि जन स्वास्थ्य के मुद्दे पर गलत बोलना और इस पर राजनीति करना सही नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक लंबे पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को दिल्ली के स्वास्थ्य देखभाल मॉडल का अध्ययन करना चाहिए और लोगों को वास्तविक लाभ पहुंचाने के लिए अपनी सरकार की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के बजाय इसे देशभर में लागू करना चाहिए।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 31.10.2024 (गुरुवार) को "दीपावली" के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय खोलने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–

आंशिक सेवा :– (1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में सायंकालीन पारी में आंशिक सेवायें 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

सायंकालीन पारी (14:00 बजे से 20:00 बजे तक) में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे :– (1) सरोजनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) नोएडा (6) दिल्ली शाहदरा (7) गाजियाबाद (8) आदर्श नगर (9) सब्जी मण्डी (10) कीर्ति नगर (11) तुगलकाबाद (12) शकूरबस्ती (13) रोहिणी (14) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) एवं (15) अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आई0टी0बी0)। तथापि प्रातः कालीन पारी (08:00 बजे से 14:00 बजे तक) में यथावत कार्यरत रहेंगे।

निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे :–
(1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट एवं (5) हाई कोर्ट

दिल्ली मंडल के निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय 31.10.2024 (गुरुवार) को सायंकालीन पारी में बन्द रहेंगे : आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाज़ियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ़्फ़रनगर, खतौली, देवबन्द, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, टोहाना, जुलाना, नरवाना एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी)।

नई दिल्ली (पहाड़गंज और अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें :-

3364/2024

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात: किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 31 अक्टूबर, 2024

# यह मेरा नहीं बल्कि कैग का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना में बहुत सारे घोटाले हैं : अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा सरकार की आयुष्मान भारत योजना को बड़ा घोटाला बताते हुए देशभर में दिल्ली की बेहतरीन स्वास्थ्य मॉडल को लागी करने की सलाह दी है। अरविंदल केजरीवाल का कहना है कि यह मेरा नहीं बल्कि कैग का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना में बहुत सारे घोटाले हैं। इस योजना में इलाज के लिए मरीज को भर्ती होना जरूरी है, जबकि दिल्ली में भर्ती होने की कोई शर्त नहीं है, 5 रुपए की दवाई से लेकर 1 करोड़ तक का इलाज मुफ्त है। जब दिल्ली में दवाई, टेस्ट, इलाज सब फ्री है तो यहां आयुष्मान भारत योजना की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री जी को दिल्ली के हेल्थ मॉडल का अध्ययन कर इसे पूरे देश में लागू करना चाहिए।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के बारे में मैं नहीं बल्कि कैग का कहना है कि इसमें बहुत सारे घोटाले हैं। आयुष्मान भारत योजना कहती है कि जब आप अस्पताल में भर्ती होगे तब आपका 5 लाख तक का इलाज होगा, जबकि दिल्ली में हमारी योजना के तहत आपको सर्दी-जुकाम भी हो तो आप ओपीडी, आईपीडी में जाकर इजाल फ्री में करवा सकते हैं। आप भर्ती हो या न हो आपका सारा इलाज मुफ्त होता है। आपको पांच रुपए की क्रोसीन चाहिए या पचास लाख या एक करोड़ रुपए का इलाज कराना है। सबकुछ फ्री है। यहां कोई पांच लाख रुपए की लिमिट नहीं है। जब यहां दवाइंया, टेस्ट, ओपीडी, आईपीडी, रेग्यूलर चेकअप से लेकर सबकुछ फ्री है तो दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। इसलिए, मैंने प्रधानमंत्री मोदी जी से भी निवेदन किया कि वह दिल्ली के हेल्थ मॉडल का अध्ययन करके उसे पूरे देश में लागू करें। उन्हें बार-बार हमारी या तुम्हारी योजना वाली बात नहीं करनी चाहिए। जो भी अच्छी योजना है उसे देश के अंदर लागू होना चाहिए।

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि हमने उसे बात की थी। प्रधानमंत्री जी का कहना है कि आप अपनी योजना बंद करके केवल आयुष्मान भारत योजना को लागू करिए। दिल्ली सरकार की योजना किसी व्यक्ति का 20 लाख रुपए का भी इलाज मुफ्त में होता है। हमारे मोहल्ला क्लीनिक में कोई जाता है तो उसका इलाज भी मुफ्त होता है। हम इसे कैसे बंद कर दें?

वहीं, आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक रैली में आदतनुसार फिर एक झूठ बोला। आम आदमी पार्टी के लिए हेल्थ एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है। यहां पर अरविंद केजरीवाल की सरकार ने एक ऐसा हेल्थ मॉडल पेश किया है, जिसकी तारीफ संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान को भी करनी पड़ी थी। वहीं, मोदी जी ने देश के आगे एक ऐसा आयुष्मान भारत स्कैम पेश किया है, कि सीएजी को भी उसके फजीर्वाड़े के बारे में बोलना पड़ा था। बताया गया था कि मृतक पेशेंट और नकली पेशेंट के नाम पर भाजपाई अपनी जेब भर रहे हैं। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आयुष्मान भारत स्कैम बहुत ही विस्तृत स्कैम है। इसमें लगभग 26 हजार अस्पतालों का सूची में नाम लिखा गया है। जिसमें से करीब 7 हजार अस्पताल सिर्फ कागजों में हैं। 4 हजार अस्पताल ऐसे हैं, जिन्होंने आयुष्मान भारत स्कैम के तहत अब तक किसी को एडमिट ही नहीं किया है। जिन अस्पतालों ने आयुष्मान भारत के तहत गरीब लोगों के लिए एडमिशन किए थे, उन्होंने भी अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। क्योंकि मोदी सरकार उनका बकाया पैसा नहीं दे रही है। इसके बाद प्रियंका कक्कड़ ने पेपर्स दिखाते हुए कहा कि हरियाणा की इंडियन मेडिकल असोसिएशन ने 29 फरवरी को केंद्र सरकार को लिखकर अवगत कराया था कि वो आयुष्मान भारत के तहत अब किसी और का एडमिशन नहीं लेंगे क्योंकि मोदी सरकार ने उनका बकाया पैसा नहीं दिया है। इंडियन मेडिकल असोसिएशन ने आखिरी लाइन में लिखा है कि सभी लंबित भुगतान चुकाएं जाएं वरना 26 मार्च 2024 से आयुष्मान कार्ड भी जारी नहीं किए जाएंगे। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि यह है आयुष्मान भारत की सच्चाई। आयुष्मान भारत की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार ने इस स्कीम के लिए जितना बजट आवंटित किया था, उसमें कटौती कर दी ताकि लोगों तक इसका लाभ ना पहुंचे। इसके बाद प्रियंका कक्कड़ ने पेपर्स पढ़े, जिसमें लिखा हुआ था कि मोदी सरकार की बीमा योजना ने अस्पतालों में ऐसे मरीजों को भर्ती करने का दबाव डाल दिया है जो मौत के कगार पर हैं।

# दिल्ली पंचायत संघ का बड़ा फैसला: अधूरे वादों पर नाराजगी, इस बार नहीं मनाएंगे दीपावली:थान सिंह यादव

## 10वर्षो के बाद भी यमुना नदी स्वच्छ नहीं हुई दीपावली कैसे मनाएं: पंचायत संघ

- गांवों का हाउस टैक्स माफ करेंगे, नहीं किया। थान सिंह यादव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पंचायत संघ ने इस साल दीपावली न मनाने का फैसला किया है। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव का कहना है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी (अअढ) सरकार ने दिल्ली देहात गांव गरीब ग्रामीणों और किसानों से जो वादे किए थे, वे दस वर्षों बाद भी पूरे नहीं हुए। पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने बताया कि अअढ ने चुनावों के दौरान कई बड़े वादे किए थे, जैसे गांवों का हाउस टैक्स माफ करना, बिजली के बिल में आधी कटौती, पानी का बिल पुरा माफ करना, हर घर तक नल से जल पहुंचाना, यमुना में डुबकी लगवाना, दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करना, गांवों के बच्चों के लिए कॉलेज बनवाना व दाखिला दिलाना, चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना, और किसानों की कृषि भूमि का सर्कल रेट बढ़ाना आदि वादों के आधार पर दिल्ली देहात गांव गरीब ग्रामीण और किसानों ने अअढ का समर्थन किया था।

हालांकि, पंचायत संघ का आरोप है कि इतने सालों बाद भी इन वादों को पूरा नहीं किया गया, जिससे गांवों के लोगों में गहरी नाराजगी है। इस नाराजगी को दशार्ने के लिए पंचायत संघ ने इस बार दीपावली न मनाने का निर्णय लिया है।

पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने सभी गांव पंचायत प्रमुखों से अपने घरों के सामने पांच दीये जलाने का आग्रह किया है, ताकि प्रभु राम के अयोध्या आगमन की स्मृति बनी रहे। साथ ही, दिल्ली की मुख्यमंत्री को यमुना की अविरलता और निर्मलता के साथ-साथ अपनी 18 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की याद दिलाने के लिए एक-एक दीपक भेजने का भी निर्णय लिया गया है।

## दिल्ली : रोहिणी की झुग्गी-बस्ती में आग लगी

नई दिल्ली। दिल्ली में रोहिणी की एक झुग्गी बस्ती में आग लग गयी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। डीएफएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमें रात नौ बजे रिठाला के समीप विजय विहार इलाके में कुछ झुग्गियों में आग लगने की सूचना मिली। हमने दमकल की कुल सात गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा। उन्होंने बताया, आग पर काबू पाने में एक घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। किसी को चोटें नहीं आयी हैं। पुलिस अभी तक आग लगने की वजह का पता नहीं लगा पायी है।

## उम्रकैद की सजा को 8 साल की जेल में बदला

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2014 में हुई एक व्यक्ति की मौत मामले को गैर इरादतन हत्या में बदलने के बाद हाल ही में उम्रकैद की सजा को आठ साल की जेल में बदल दिया है। यह मामला अजीत नगर, सीलमपुर में मैकेनिक का काम करने वाले मोहम्मद मुमताज की मौत से जुड़ा है। 16 दिसंबर, 2014 को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अपीलकर्ता को 21 दिसंबर, 2014 को गिरफ्तार किया गया था। अपीलकर्ता राहुल को कड़कड़डूमा अदालत ने 25 जुलाई, 2022 को हत्या, हत्या के प्रयास और हथियार अधिनियम के अपराधों के लिए दोषी ठहराया था। उसे दो सितंबर 2022 को सजा सुनाई गई थी। दोषी ने दोनों आदेशों को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह एवं न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दोषी राहुल को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को कम कर दिया है। सजा के खिलाफ अपील पर फैसला करते हुए पीठ ने कहा कि जिस तरह से गोली चलाई गई और जिन परिस्थितियों में ऐसा किया गया अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे यह साबित नहीं कर पाया कि वर्तमान मामला आईपीसी की धारा 300 (हत्या की परिभाषा) के किसी भी खंड के अंतर्गत आता है।

## आत्महत्या मामले में पूर्व प्राचार्य को जारी समन रद

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली विश्वविद्यालय के बीआर अंबेडकर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. जी के अरोड़ा को आत्महत्या मामले में जारी समन रद्द कर दिया है। दिल्ली सचिवालय में एक महिला लैब अटेंडेंट ने आत्मदाह कर लिया था। बाद में वह जलने के कारण मर गई। उसने अरोड़ा और कॉलेज के एक अन्य कर्मचारी के खिलाफ उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने तीस हजारी अदालत द्वारा जारी समन के आदेश को रद्द कर दिया।

# दिल्ली में भाजपा सांसदों ने आयुष्मान भारत योजना लागू न करने के लिए आप के खिलाफ रिट याचिका दायर की

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि पार्टी के प्रदेश सांसदों ने शहर में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना लागू न करने के आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की है।

सचदेवा ने एक संवाददाता सम्मेलन में, दिल्ली के लाखों पात्र लोगों को केंद्र की स्वास्थ्य बीमा योजना से वंचित करने के लिए आप और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल की आलोचना की। दिल्ली तथा पश्चिम बंगाल में यह योजना न लागू करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दोनों प्रदेशों की सरकारों की आलोचना को लेकर भाजपा और आप के बीच छीटाकशीं शुरू हो गयी है। सचदेवा ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने घोषणा की थी कि राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत योजना लागू की जाएगी। उन्होंने अपने वादे से पलटने के लिए आप की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिए अब कानूनी लड़ाई लड़ेगी कि इस योजना का लाभ दिल्ली में बुजुर्गों तथा अन्य पात्र लोगों को मिले।

# मोबाइल टावर से करोड़ों के उपकरण चोरी कर हांगकांग भेजा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावर से उपकरण चोरी कर विदेश भेजने वाले गिरोह का खुलासा किया है। यह गिरोह अब तक पांच हजार करोड़ के उपकरण हांगकांग भेज चुका है। इस गिरोह का जाल पूरे देश भर में फैला हुआ था। स्पेशल सीपी देवेश चंद श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि बीते साल जनवरी से क्राइम ब्रांच की विभिन्न यूनिट की टीमें इन गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रही थीं। अब तक कुल 52 लोगों को देश के विभिन्न भागों से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 414 रिमोट रेडियो यूनिट (आरआरयू), 110 बेस बैंड यूनिट (बीबीयू), 161 बैटरी और अन्य सामान बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह सारा सामान बीते साल जनवरी से अक्तूबर के बीच में दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न भागों से बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि इस गिरोह के खिलाफ 256 एफआईआर देशभर में दर्ज हैं।

स्पेशल सीपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य पूर्वी भारत से चोरी के इन उपकरणों को कम कीमत पर खरीद लेते हैं। फिर ट्रेन से दिल्ली भेजा जाता है। लक्ष्मी नगर, झिलमिल और महिपालपुर में बनाए गये गोदाम में इन्हें रखा जाता है। इस काम में गिरफ्तार कबाड़ कारोबारी सलमान और फैजान मध्यस्थ की भूमिका निभाते थे। इसके अलावा उवैस आयात-निर्यात की कंपनी चलाता है। वह करीब 70 हजार रुपये में इन सामानों को खरीदता है। फिर गोदाम में परीक्षण के बाद फर्जी कागजों के आधार पर हांगकांग भेजा जाता है। आरआरयू की सहायता से टेक्स्ट मैसेज भेजे जाते हैं। अगर यह उपकरण नहीं हो तो मैसेज भेजना संभव नहीं होगा। बीबीयू की सहायता से कॉल किया जाता है और इंटरनेट का इस्तेमाल होता है।

# आप नेता ने आयुष्मान योजना को सबसे बड़ा घोटाला बताया




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) नेता सौरभ भारद्वाज ने आज प्रेस वार्ता कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आयुष्मान योजना को सबसे बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का स्वास्थ मॉडल सबसे बेहतर है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल की सराहना न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी हो रही है। इस मॉडल के तहत मोहल्ला क्लिनिक, पॉलीक्लिनिक, और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में सभी को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। यहां सभी टेस्ट, दवाइयाँ और सर्जरी निःशुल्क होती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार देश में पहली सरकार है जो प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त इलाज करवाती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, नोएडा और गाज़ियाबाद में बड़े प्राइवेट अस्पताल होने के बावजूद, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के लोग अपनी सर्जरी के लिए दिल्ली क्यों आते हैं?

भारद्वाज ने भारतीय जनता पार्टी से सवाल करते हुए कहा कि यूपी और हरियाणा के भाजपा मुख्यमंत्री बताएं कि कितने गरीबों की सर्जरी इन बड़े अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के तहत हुई है? उन्होंने कहा कि इन राज्यों के लोग इसलिए दिल्ली आते हैं क्योंकि आयुष्मान भारत योजना केवल कागजों पर है। वह सिर्फ उन लोगों को मिलेगा जिसके पास एनएफएस कार्ड होगा और जिनके पास दो पहिया वाहन हो ,टी.वी हो, या कोई भी सुविधा हो उनको आयुष्मान योजना का लाभ मिलेगा।

आप नेता ने कहा कि आपके घर में सारी सुविधा होने के बाद भी दिल्ली सरकार मरीजों को मुफ्त में इलाज करवाने की छूट देती है। फरिश्ते योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों की सहायता में भी वृद्धि हुई है। सरकारी अस्पतालों को वित्तीय सहायता 12.31 करोड़ से 12.28 करोड़ के स्तर पर बनी रही। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार ने जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत सहारा प्रदान करने के लिए ऐतिहासिक सुधार किए हैं।

## उम्रकैद की सजा को 8 साल की जेल में बदला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिसंबर 2014 में हुई एक व्यक्ति की मौत मामले को गैर इरादतन हत्या में बदलने के बाद हाल ही में उम्रकैद की सजा को आठ साल की जेल में बदल दिया है। यह मामला अजीत नगर, सीलमपुर में मैकेनिक का काम करने वाले मोहम्मद मुमताज की मौत से जुड़ा है। 16 दिसंबर, 2014 को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अपीलकर्ता को 21 दिसंबर, 2014 को गिरफ्तार किया गया था। अपीलकर्ता राहुल को कड़कड़डूमा अदालत ने 25 जुलाई, 2022 को हत्या, हत्या के प्रयास और हथियार अधिनियम के अपराधों के लिए दोषी ठहराया था। उसे दो सितंबर 2022 को सजा सुनाई गई थी। दोषी ने दोनों आदेशों को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह एवं न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दोषी राहुल को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा को कम कर दिया है। सजा के खिलाफ अपील पर फैसला करते हुए पीठ ने कहा कि जिस तरह से गोली चलाई गई और जिन परिस्थितियों में ऐसा किया गया अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे यह साबित नहीं कर पाया कि वर्तमान मामला आईपीसी की धारा 300 (हत्या की परिभाषा) के किसी भी खंड के अंतर्गत आता है।

# कार से टक्कर मारने के बाद युवक को सड़क पर घसीटा

नई दिल्ली। आंबेडकर नगर इलाके में कार चालक ने बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी कार चालक ने पीड़ित को काफी दूर तक घसीटा और मौके से फरार हो गया। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुला घायल को एम्स ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। इससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित 40 वर्षीय राघवेन्द्र सिंह कल्लू संत नगर मोहल्ला, गढ़ी इलाके में अपने साले और भतीजे के साथ रहते हैं। वह डिलीवरी ब्वॉय हैं। परिवार के अन्य सदस्यों समेत उनकी पत्नी और दो बच्चे उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में रहते हैं। 29 अक्तूबर की सुबह करीब पांच से साढ़े पांच के बीच मालवीय नगर में एक ग्राहक को डिलीवरी देने के बाद वह नेहरू प्लेस जा रहे थे। जब वह चिराग दिल्ली फ्लाईओवर से होते हुए नेहरू प्लेस पहुंचे तभी लाल बत्ती के पास डिफेंस कॉलोनी की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार रोकने के बजाय उन्हें काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया और फिर मौके से फरार हो गया।

## दिल्ली में कहीं भी कराएं प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन, पॉलिसी को मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली में अब लोग अपनी सहूलियत के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इस बाबत सीएम आतिशी ने एनी वेयर रजिस्ट्रेशन पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत लोगों को रजिस्त्री न के लिए किसी निश्चित सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाने की बाध्यता खत्म हो जाएगी और लोग अपनी सुविधानुसार दिल्ली के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे।

दिल्ली में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त के लिए लोगों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। वहां प्रॉपर्टी की खरीद हो या किसी अन्य तरीकों से प्रॉपर्टी को रजिस्टर करवाना हो तो सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। अक्सर सब-रजिस्ट्रार ऑफिस को लेकर कई प्रकार की शिकायतें सामने आती है। जैसे कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे हैं, जहां लंबी लाइनें होती है। जहां एक अपॉइंटमेंट बुक करने में लंबा समय लग जाता है। कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे हैं, जहां ज्यादा भीड़ नहीं होती है।

सीएम आतिशी ने कहा कि इन समस्याओं को हल करने के लिए एक नई पॉलिसी एनी वेयर रजिस्ट्रेशन की शुरूआत की जा रही है। इस पॉलिसी के तहत लोगों को अगर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवानी है तो वे दिल्ली के किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जा सकते हैं। अब लोगों को प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के लिए केवल किसी एक सब-रजिस्ट्रार ऑफिस तक सीमित नहीं रहना होगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सभी सब रजिस्ट्रार अब जॉइंट-सब रजिस्ट्रार के रूप में काम करेंगे और उनका कार्यक्षेत्र पूरी दिल्ली में होगा। अगर दिल्ली में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में अपनी प्रॉपर्टी रजिस्टर करवानी है तो वो दिल्ली के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।

## दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा, आठ स्टेशन में रेड जोन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में दिवाली से एक दिन पहले बुधवार को वायु प्रदूषण काफी बढ़ गया और आठ निगरानी स्टेशनों के अनुसार, वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली में सुबह नौ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 278 दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले मंगलवार को 268 दर्ज किया गया था। दिल्ली का समग्र एक्यूआई खराब श्रेणी में रहा झ हालांकि कई दिनों तक बहुत खराब वायु गुणवत्ता के बाद अनुकूल हवा के कारण अन्य दिनों की तुलना में मंगलवार से इसमें मामूली सुधार हुआ है। सोमवार को दिल्ली में एक्यूआई 304 दर्ज किया गया और रविवार को यह 359 था। शून्य से 50 के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, जिन 36 निगरानी स्टेशनों से आंकड़े प्राप्त हुए, उनमें से झ आनंद विहार, अशोक विहार, आया नगर, बवाना, जहांगीरपुरी, मुंडका, विवेक विहार और वजीरपुर कुल आठ केंद्रों में सुबह वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही।इस बीच, तापमान में अभी भी गिरावट शुरू नहीं हुई है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से 4.9 डिग्री अधिक है। सुबह आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता का स्तर 83 प्रतिशत रहा। दिल्ली में दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है।

## चांदनी चौक बाजार में फ्रांसीसी राजदूत का मोबाइल चुराने के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

नई दिल्ली । चांदनी चौक बाजार में घूमने के दौरान फ्रांसीसी राजदूत थिएरी मथौ का मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मथौ और उनकी पत्नी 20 अक्टूबर को बाजार घूमने गए थे, तभी उनकी जेब से मोबाइल फोन चोरी हो गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें दूतावास से 21 अक्टूबर को घटना के बारे में सूचना मिली थी। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया और पुलिसकर्मियों की एक टीम बनाई गई। अधिकारी ने बताया कि चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनकी उम्र 20 से 24 वर्ष है और उनके पास से मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## चोरी की मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन समेत दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी की पहचान सीलमपुर के शाने अली व बदायूं, उत्तर प्रदेश के अरमान के रूप में हुई। पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि 27 अक्तूबर को पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को आईएसबीटी आनंद विहार के पास पिंक बूथ के नजदीक दो संदिग्ध बदमाशों के आने की गुप्त सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल योजनाबद्ध तरीके से मौके पर तैनात हो गई। इसी बीच गाजीपुर गांव की ओर से दो संदिग्ध एक मोटरसाइकिल पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोककर पूछताछ की तो मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई। आरोपियों की तलाशी लेने पर एक आरोपी के पास से पुलिस को चोरी का मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## 16 आपराधिक मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। हरि नगर पुलिस ने 16 आपराधिक मामलों में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी का मोबाइल फोन व चार साइकिलें बरामद हुई हैं। आरोपी को पकड़ने के बाद पुलिस ने पांच मामलों को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 28 अक्टूबर को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध आरोपी को चोरी के मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया। बाद में इससे पूछताछ के दौरान पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चोरी की चार साइकिलें बरामद कर लीं। आरोपी की पहचान महावीर एन्क्लेव, डाबड़ी निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है। जांच में इस पर 16 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं।

# दिल्ली में लोग अपनी सहूलियत के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में करवा सकेंगे प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन

## दिल्ली के सभी सब रजिस्ट्रार जॉइंट- सब रजिस्ट्रार के रूप में काम करेंगे और उनका कार्यक्षेत्र पूरी दिल्ली में होगा

- दिल्ली के सभी सब रजिस्ट्रार जॉइंट- सब रजिस्ट्रार के रूप में काम करेंगे और उनका कार्यक्षेत्र पूरी दिल्ली में होगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली में अब लोग अपनी सहूलियत के अनुसार किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में प्रॉपर्टी का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। इस बाबत सीएम आतिशी ने एनी वेयर रजिस्ट्रेशन पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत लोगों को रजिस्ट्री के लिए किसी निश्चित सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाने की बाध्यता की खत्म हो जाएगी और लोग अपनी सुविधानुसार दिल्ली के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे।

बता दे कि, दिल्ली में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख़्त के लिए लोगों को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। वहाँ प्रॉपर्टी की खरीद बीच हो या किसी अन्य तरीको से प्रॉपर्टी को रजिस्टर्ड करवाना हो तो सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जाना होता है। अक्सर सब-रजिस्ट्रार ऑफिस को लेकर कई प्रकार की शिकायते सामने आती है। कि कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे है जहां लंबी लाइनें होती है। जहां एक अपॉइंटमेंट बुक करने में लंबा समय लग जाता है। और कई सब-रजिस्ट्रार ऑफिस ऐसे है जहां ज्यादा भीड़ नहीं होती है। सीएम आतिशी ने कहा कि, इन समस्याओं को हल करने के लिए एक नई पॉलिसी ह्यएनी वेयर रजिस्ट्रेशन पॉलिसी की शुरूआत की जा रही है। इस पॉलिसी के तहत लोगों को अगर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करवानी है तो वे दिल्ली के किसी भी सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में जा सकते है। अब लोगों को प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के लिए केवल किसी एक सब-रजिस्ट्रार ऑफिस तक सीमित नहीं रहना होगा। उन्होंने कहा कि, दिल्ली के सभी सब रजिस्ट्रार अब जॉइंट- सब रजिस्ट्रार के रूप में काम करेंगे और उनका कार्यक्षेत्र पूरी दिल्ली में होगा। तो अगर दिल्ली में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में अपनी प्रॉपर्टी रजिस्टर करवानी है तो वो दिल्ली के 22 सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में से किसी में भी ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकते है।

# गंदगी को लेकर स्वाति मालीवाल ने की दिल्ली सरकार की आलोचना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में बढ़ती गंदगी को लेकर के आज आप सरकार की आलोचना की। उन्होंने बुधवार को दिल्ली के जनकपुरी इलाके का औचक निरीक्षण किया। इलाके में गंदगी को देखकर के स्वाति मालीवाल ने आप सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को कभी अपने महल से बाहर निकलकर झांकना चाहिए। आप सांसद स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि केजरीवाल सरकार ने दिल्ली का क्या बुरा हाल कर रखा है। लाखों लोग यहां ऐसी गंदगी में रहने को मजबूर हैं। मालीवाल ने कहा कि कूड़ा सड़कों तक आ गया है, सांस लेना मुश्किल, लंबे ट्रैफिक जाम। खुद को राजा समझते हो, अपनी तुलना श्री कृष्ण से करते हो। उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जन्माष्टमी के दिन जन्म हुआ तो अपनी तुलना भगवान श्री कृष्ण से कर दी। भगवान श्री कृष्ण की अति प्रिय गऊमाता सड़कों पर कूड़ा खाने को मजबूर है, अगर सच्चे श्रीकृष्ण भक्त हो तो ये हाल सुधारो। कभी अपने महल से बाहर निकलकर झांको। स्वाति मालीवाल ने दिल्ली की मेयर शैली ओबराय को कहा कि जल्द से जल्द ये कूड़ा साफ करवाओ वरना इससे ज्यादा कूड़ा आपके घर के सामने फेंकने आएँगे। उल्लेखनीय है कि स्वाति मालीवाल ने कुछ दिन पहले ही गंदगी को लेकर के आम आदमी पार्टी पर हमला बोला था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 31 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर चल रही अवैध वसूली

गिद्धौर। गिद्धौर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर ऑटो-टोटो चालकों से की जा रही अवैध वसूली एवं दादागिरी के खिलाफ चालकों ने गिद्धौर थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया है। गिद्धौर के ऑटो चालक भुखो खान के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में ऑटो-टोटो चालकों ने गिद्धौर थाना पहुंचकर आवेदन देते हुए बताया कि गिद्धौर रेलवे स्टेशन पर पार्किंग के नाम पर दादागिरी करते हुए ठेकेदार ऑटो चालकों से अवैध वसूली करा रहे हैं। रेलवे स्टेशन के बाहर जबरन पैसे की उगाही की जाती है। पैसा नहीं देने पर ऑटो-टोटो चालकों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। चालकों ने ठेकेदार के विरुद्ध अवैध वसूली की धारा लगाने,ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने,पार्किंग कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने की मांग का लेकर एक लिखित आवेदन गिद्धौर थाना में दिया है। अवैध वसूली को लेकर आक्रोशित में ऑटो व टोटो चालकों ने कहा कि यदि हमारी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया तो गिद्धौर रेलवे स्टेशन को जाने वाली सैकडो.टोटो व ऑटो रिक्शा के चक्के जाम कर दिया जाएंगे।

# डीएम और एसपी की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुआ संपन्न

## सीताकुंड हसनपुर काली प्रतिमा विसर्जन यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न करने पर विशेष चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। दीपावली और काली पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर बुधवार को मुफस्सिल थाना में शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने संयुक्त रूप से उनके अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में सीताकुंड हसनपुर काली प्रतिमा विसर्जन यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार सहित थाना के अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि हर साल की भांति इस बार भी हसनपुर काली प्रतिमा विसर्जन यात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। समिति सदस्यों एवं स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा आम जन का सहयोग भी अपेक्षित है। जिला एवं पुलिस प्रशासन अपनी तरफ से सभी समिति सदस्यों को अपना पूर्ण सहयोग देगी, आप लोगों को गंगा जमुनी तहजीब के आधार पर एक दूसरे को अपना पूर्ण सहयोग एवं समर्थन देकर न सिर्फ काली पूजा मेला को बल्कि विसर्जन शोभा यात्रा को भी भक्तिमय माहौल में संपन्न कराना है। विसर्जन शोभा यात्रा निर्धारित समय और निर्धारित मार्ग से ही गुजरेगी, जिसमें दंडाधिकारी एवं पुलिस प्रशासन विसर्जन तक साथ रहेंगे। जिलाधिकारी ने सभी लोगों को काली पूजा एवं दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देते हुए पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूरी चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी। प्रत्येक शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। क्यूआरटी तथा गशित दल द्वारा भी लगातार सभी पूजा पंडालों का भ्रमण किया जाएगा। साथ ही विसर्जन शोभा यात्रा की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह के भ्रामक सूचना का तत्काल विवरण संबंधित दंडाधिकारियों एवं पदाधिकारियों के साथ ही नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराना है, ताकि उस पर स-समय संज्ञान लिया जा सके।

## कोतुलपुर गांव गंगा के कटाव में समा रहे है वार्ड नंबर 4

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) मुंगेर जिले के कोतुलपुर पंचायत में कुछ दिन पूर्व जहां गंगा की आई बाढ़ के कारण लोगों का जीवन परेशानियों से जूझ रहा था । वहीं अब इस पंचायत के वार्ड नंबर 4 में बीच-बीच में हो रहे गंगा कटाव के कारण लोगों का जीवन एवं उनके घर का अस्तित्व खतरे में है इस वार्ड में लोगों के घर को गंगा धीरे-धीरे अपने आगोश में समा रही है ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व ही इस वार्ड का एक घर कटाव के कारण गंगा में समा चुकी है एक दूसरा घर भी गंगा के सामने तैयार है इसकी दूरी अब गंगा से लगभग 5 मीटर ही रह गई है हालांकि अभी काटा रुका हुआ है लेकिन जिस दिन भी फिर से कटाव शुरू होगा उसी दिन यह घर भी गंगा में पूरी तरह समा जाएगी यदि शीघ्र ही यहां का कटा रोधी कार्य नहीं किया गया तो कभी भी इस घर के साथ अन्य घर भी कटाव की चपेट में आ सकते हैं ग्रामीणों ने बताया कि विभाग को जानकारी देने के बाद भी अभी तक विभाग द्वारा कटाव रोधी कार्य शुरू नहीं कराया गया है बाढ़ प्रमंडल के एसडीओ दीपक कुमार ने फोन पर बताया कि कोतुलपुर पंचायत के वार्ड नंबर 4 में गंगा की कटाव की सूचना प्राप्त हुई है इस वार्ड के घरों को बचाने के लिए शीघ्र कटाव रोधी कार्य शुरू किए जाएंगे इसके लिए कार्य योजना बनाई जा रही है कोतुलपुर में गंगा किनारे लगभग 900 मीटर कटाव रोधी कार्य कराया जाएगा इसमें से वार्ड नंबर 4 में गंगा किनारे 500 मीटर की लंबाई में कटाव रोधी कार्य होगा।

## महुआ शराब बरामद

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर अनुमंडल के श्यामपुर थाना पुलिस ने बस पड़ाव के समीप छापेमारी कर 17 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया है इस की जानकारी देते हुए श्यामपुर थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर शामपुर बस पड़ाव के समीप शराब बेचने की सूचना पर छापामारी की गई ।

## धनतेरस पर सोने-चांदी की उच्च कीमतों के बावजूद रिकॉर्डतोड़ बिक्री, 25 करोड़ का अनुमानित व्यापार



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई : बिहार के जमुई जिले में इस बार धनतेरस के मौके पर रत्न एवं आभूषणों की बिक्री ने महंगाई के सारे पूर्वानुमानों को गलत साबित कर दिया। सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल के बावजूद जमुई के आभूषण शोरूमों में ग्राहकों की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी, जिससे स्थानीय कारोबारियों के चेहरे खिल उठे। महंगी कीमतों के बावजूद रिकॉर्ड बिक्री : पिछले साल की तुलना में इस बार सोने की कीमत लगभग 30% बढ़कर 81,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 38% बढ़कर 98,000 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। इसके बावजूद, आभूषण दुकानदारों ने उम्मीद से अधिक कारोबार किया। माना जा रहा है कि केवल जमुई जिले में ही इस बार धनतेरस के दिन कुल मिलाकर 25 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। इससे यह स्पष्ट होता है कि शुभता और समृद्धि का प्रतीक माने जाने वाले इस दिन लोगों ने कीमतों की परवाह किए बिना जमकर खरीदारी की। क्यों धनतेरस पर खरीदारी का महत्व है? धनतेरस हिंदू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक महीने में आता है और इस दिन विशेष रूप से सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई चीजें घर में समृद्धि और खुशहाली लाती हैं। इसलिए, हर साल इस दिन लोग नए आभूषण, बर्तन, कपड़े, और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की खरीदारी करते हैं। जमुई के बाजारों में इस बार ह्यवोकल फॉर लोकलह्व को भी काफी बढ़ावा दिया गया, और अधिकांश खरीदारी भारतीय उत्पादों की हुई। धनतेरस की अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं : सोने-चांदी के अलावा इस दिन लोग घर के लिए जरूरी अन्य सामान भी खरीदते हैं, जिनमें बर्तन, रसोई का सामान, वाहन, कपड़े, रेडीमेड गारमेंट, फर्नीचर, और व्यापारिक उपकरण शामिल हैं। व्यापारियों के मुताबिक, इस बार इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, बही खाता, फर्नीचर, और एकाउंटिंग उपकरणों की बिक्री में भी अच्छी खासी वृद्धि हुई है। यह विशेष दिन न केवल व्यक्तिगत संपत्ति में वृद्धि का प्रतीक है बल्कि व्यापारियों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि इससे उनके वार्षिक बिक्री में भी उछाल आता है। जमुई में स्थानीय व्यापार का असर : जमुई जिले के लगभग एक हजार छोटे और बड़े ज्वेलर्स ने इस बार ह्यवोकल फॉर लोकलह्व अभियान का समर्थन करते हुए भारतीय वस्त्रों और उपकरणों की खरीदारी को प्रोत्साहन दिया। ग्राहकों ने भी महंगे आयातित सामानों की बजाय स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दी। बाजार में उत्साह और आर्थिक प्रभाव : धनतेरस की बिक्री से न केवल आभूषण व्यवसाय बल्कि अन्य उद्योगों जैसे बर्तन, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, और घरेलू उपकरण उद्योग को भी मजबूती मिली है। इस मौके पर जमुई में स्थानीय बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली और दिवाली से पहले की इस उत्साही खरीदारी से व्यापारियों को काफी राहत मिली है। इस प्रकार, जमुई जिले में धनतेरस पर सोने-चांदी सहित अन्य वस्तुओं की ऐतिहासिक बिक्री ने न केवल स्थानीय कारोबारियों को खुश कर दिया, बल्कि महंगाई के बीच भी खरीदारी की परंपरा को सशक्त किया है।

## गुप्त सूचना पर सफारी वाहन से पुलिस ने बरामद किया भारी मात्रा में विदेशी शराब



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात्रि में शराब से भरी एक सफारी कार को जब्त किया है। इस संदर्भ में एसडीपीओ राजेश कुमार ने थाना में पीसी करते हुए बताया कि दीपावली को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा शराब की तस्करी, भंडारण एवं अवैध निर्माण पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष समकालीन अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ। इस दौरान एक उजला रंग का सफारी सामने से आ रहा था जो पुलिस वाहन एवं पुलिस बल को देखकर तेजी से सोहजाना चौक से झाझा के तरफ मुड़कर भागने लगा जिसके बाद पुलिस के द्वारा वाहन का पीछा किए जाने के बाद चालक ने रेलवे कॉलोनी के पास पहुंचने पर सफारी चालक अपने को घिरा पाकर देखकर चलती गाड़ी से कूद कर रेलवे कॉलोनी की तरफ अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसके आलोक में मंगलवार की रात्रि छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि झारखंड राज्य के चास बोकारो से शराब माफिया अंकित कुमार अपने चालक अविनाश कुमार उर्फ बिट्टू कुमार के द्वारा उजाला रंग के सफारी वहां से अवैध शराब गिद्धौर थानाक्षेत्र अंतर्गत गंगरा गांव भेजने वाला है। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष संजय कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी की एक टीम बनाकर हथिया पुल पर तैनात किया गया।मौके पर बरामद वाहन की तलाशी लेने पर शराब से वाहन भरा पड़ा हुआ था। एसडीपीओ ने आगे बताया कि वाहन से कुल 731 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है। इस मामले में शराब तस्करी में शामिल अभियुक्तों के विरुद्ध छापेमारी अभियान भी की जा रही है।

## नगर पंचायत संग्रामपुर के विभिन्न छठ घाटों का नगर एग्जीक्यूटिव ने किया निरीक्षण

### जेसीबी के माध्यम से कराया गया छठ घाट की साफ सफाई

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर)। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर की जा रहीं हैं। प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों के द्वारा छठ पर्व को लेकर छठ घाट बनाने सहित सफाई का कार्य जोर-शोर से की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को नगर पंचायत संग्रामपुर के कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने नगर पंचायत के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होनें प्रखंड मुख्यालय से होकर बहने वाली बेलहरणी नदी के तट पर बनने वाले विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर जेसीबी के माध्यम से साफ सफाई कराया गया। साथ ही छठ घाट तक व्रतियों के जाने आने परेशानी नहीं हो इसके लिए छठ घाट की साफ सफाई के साथ साथ छठ घाट तक जाने वाले रास्ते को जेसीबी के सहारे समतल किया जाएगा। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज ने कहा कि छठ घाटों की साफ सफाई व्यवस्था व रास्ता बनाने के साथ ही सभी घठ घाटों पर रौशनी की समुचित व्यवस्था एवं व्रतियों के लिए कपड़े के सीलिंग से चैंजिंग रूम का निर्माण भी कराया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी कार्य अगले तीन से चार दिनों के अंदर पूरी कर ली जाएगी इसके लिए एक जेसीबी मशीन के साथ-साथ अतिरिक्त मजदूरों को भी लगाया गया है। मौके पर उपस्थित मुख्य पार्षद नीलम देवी ने कहा कि लोकआस्था का महापर्व छठ के लेकर नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है। छठव्रतियों को कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए प्रशासन हर सुविधा को देखते हुए समुचित कार्य कर रहा है। वही इस मौके पर स्वच्छता पर्यवेक्षक जयप्रकाश, उप मुख्य पार्षद मनोज शाह, समाजसेवी नंदकिशोर यादव, वार्ड पार्षद राजेश केसरी, कुमारी दीपिका, सरोजनी देवी, वंदना कुमारी, राधा देवी, मुकेश कुमार सहित नगर पंचायत कर्मी, सफाई कर्मी सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## ई रिक्शा के मनमानी को लेकर स्टेशन पर उतरने वाली यात्रियों को होती है काफी परेशानी



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा रेलवे स्टेशन के सामने सवारी लेने को लेकर ई-रिक्शा चालकों के लिए स्टेशन परिसर के बाहर में एंट्री नहीं है ।जबकि ई रिक्शा चालकों और टोटो चालकों के लिए अलग-अलग पार्किंग रेलवे के द्वारा स्टेशन के बाहर दी गई है । लेकिन फिर भी ई-रिक्शा चालक की झाझा में इतनी मनमानी चलती है कि या रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर हो या फिर झाझा मार्केट या बस स्टैंड या कपूर्री चौक कहीं भी कहीं भी बीच सड़क पर अपना ई रिक्शा खड़ा कर देते हैं । जिस कारण आने जाने वाले यात्रियों को , या फिर आने जाने वाले वाहनों को काफी कठिनाइयों का सामना इन दोनों पर्व को लेकर ई रिक्शा के कारण करना पड़ता है ।सबसे बड़ी बात यह है कि ई रिक्शा बाले झाझा स्टेशन के सामने खड़े होकर ही यात्रियों के आने का इंतजार करते हैं। दीपावली और छठ पर्व को लेकर इन दिनों ट्रेन झाझा स्टेशन पर लगते ही सैकड़ों की संख्या में यात्री स्टेशन पर उतरते हैं ।रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर ई रिक्शा दर्जनों की संख्या में खड़े रहने के कारण यात्रियों को बाहर निकलने मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।यहां तक कि रेलवे स्टेशन के बाहर मुख्य द्वार पर सड़क पर ई रिक्शा रोड़ को जाम किए रहता हैं । जिससे रेल यात्रियों के आने-जाने में दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। जबकि ई रिक्शा चालकों को अलग से रेलवे के द्वारा पार्किंग दिया गया है । फिर भी ई-रिक्शा चालक के मनमानी इतना चरम पर है कि रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर टोटो लेकर खड़े रहते हैं जिससे ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।इस संदर्भ में झाझा आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिता कुमारी ने बताया कि पर्व को देखते हुए रेलवे स्टेशन के बाहर आरपीएफ के जवान को ड्यूटी पर लगाया जाएगा ।यात्रियों को कोई असुविधा आने जाने में नहीं होगी ।वही इंस्पेक्टर ने बताया कि या ई रिक्शा हो या टोटो को रेलवे के द्वारा स्टैंड दिया गया है वह अपने स्टैंड से ही खुलेंगे अगर ई रिक्शा चालक या टोटो चालक स्टेशन के बाहर अगर ई रिक्शा लगते हैं तो उन पर हमेशा कार्रवाई की गई है आगे भी कानूनी कार्रवाई की जाएंगी ।

## छठघाट पर साफ सफाई का कार्य नप कार्यालय की ओर से किया गया प्रारंभ



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] लोक आस्था का महापर्व छठपूजा को लेकर नगर परिषद कार्यालय की ओर से नगर क्षेत्र में पड़ने वाले सभी छठघाट पर साफ सफाई और छठघाट क निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पुरानी बाजार स्थित छठघाट पर नदी किनारे जेसीबी से छठघाट की सफाई का कार्य मंगलवार को करवाया गया। वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार नगर क्षेत्र में सभी छठघाट पर पूर्ण रूप से साफ सफाई का कार्य हो और छठघाट का निर्माण कार्य हो इसको लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करवाया जा रहा है। नप के मुख्य पार्षद संजय यादव, उपमुख्य पार्षद विपीन साह ने बताया कि नगर क्षेत्र के सभी छठघाट पर सफाई का कार्य पूरा किया जाएगा ताकि पर्व के दौरान सभी छठघाट पर साफ सफाई बना रहे। मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद ने कहा कि छठघाट पर छठव्रती के कपड़ा बदलने के लिए चारो तरफ घेराव वाला कई केबिन भी बनाया जाएगा। मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद ने लोगों से अपील भी किया कि छठपूजा को ध्यान में रखते हुए लोग स्वच्छता पर भी ध्यान दे और नदी या अपने आसपास गली मुहल्ले में गंदगी न फैलाये।

## पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अवैध बालू उठाव किये जाने के मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालू लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि बलियो घाट पर अवैध तरीके से बालू का उठाव किया जा रहा है जिसके बाद पुलिस घाट पर पहुंची तो बालू उठाव कर रहे मजदूर एवं वाहन चालक वाहन छोड़कर मौके स्थल से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस ट्रैक्टर को जब्त किया और वाहन मालिक, चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

## चांय गांव में मिला डायरिया के मरीज, अस्पताल में कराया भर्ती

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के चांय गांव से डायरिया के नए मरीज चिन्हित किए गए जिसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा मरीज का इलाज किया जा रहा है।मरीज की पहचान चांय गांव निवासी तेजो रविदास के रूप में की गई है।उसे उल्टी दस्त की शिकायत होने पर उसे भर्ती कराया गया है।फिलहाल उसकी स्थिति इलाज के बाद सामान्य बनी हुई है। चिकित्सक ने अपील किया है कि सभी लोग एहतियात बरते गर्म खाना खाएं ।

## स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ ई०अलीगंजः-प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं अलीगंज के विवेकानंद विद्यापीठ कांसेप्ट, एवं नमन विद्या पब्लिक स्कूल में प्रकाश पर्व दीपावली एवं छठ पूजा के अवसर पर बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अलग-अलग कक्षाओं के छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के लिए विभिन्न विषयों पर बच्चों द्वारा रंगोली बनाया गया, जैसे ह्लभारतीय संस्कृतिह्व, ह्लस्वच्छ भारत अभियानह्व, ह्लप्रकृति का सौंदर्यह्व और ह्लदीपावलीह्व। बच्चों ने प्राकृतिक रंग, फूलों की पंखुड़ियों और अन्य सामग्री का उपयोग करके बेहद सुंदर रंगोली बनाई। उनकी रंगोलियों में परंपरा, संस्कृति और नये विचारों का सुंदर मिश्रण देखने को मिला। वहीं नमन विद्या पब्लिक स्कूल डायरेक्टर वेद प्रकाश ने कहा की दिवाली में रंगोली बनाने का विशेष महत्व है, जो भारतीय संस्कृति और परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। रंगोली को घर के आंगन, दरवाजों और आंगनों में सजाया जाता है और इसे सुख, समृद्धि और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देवी लक्ष्मी का स्वागत करना होता है, जो दिवाली के दिन घरों में पधारती हैं और अपने साथ सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लाती की हैं। वहीं विवेकानंद विद्यापीठ स्कूल के प्राचार्य अभय मोहित ने कहा दिपावली मे रंगोली बनाने से वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है और यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सहायक होती है। विभिन्न रंगों और आकृतियों का उपयोग कर बनाई गई रंगोली से घर का सौंदर्य भी बढ़ता है और यह परिवार के सदस्यों के बीच सहयोग और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करती है। इस प्रतियोगिता मे स्कूल डायरेक्टर,विशेषज्ञ और स्कूल के शिक्षकों ने मिलकर रंगोली की सुंदरता, थीम और सटीकता के आधार पर विजेताओं का चयन किया। वहीं प्रतियोगिता के अंत में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए, वहीं बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए स्कूल शिक्षक ने सम्बोधित करते हुए कहा की,इस रंगोली प्रतियोगिता ने न केवल बच्चों की कला प्रतिभा को निखारा, बल्कि उनमें टीमवर्क, धैर्य और रचनात्मकता जैसी क्षमताओं का भी विकास किया। स्कूल में इस प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही प्रेरणादायक है, अन्य अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनायी गयी रंगोली की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर,प्राचार्य विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। मौके पर अभिभावक सहित स्कूल के बच्चे मौजूद थे ।

## जिलाधिकारी ने आगामी शीतलहर को लेकर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया

प्रात : किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आगामी शीत लहर/ ठंड की पूर्व तैयारी पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना, बिहार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में भाग लिया गया। बैठक में जिले के शीतलहर, ठंड को लेकर की जा रही पूर्व तैयारी को लेकर विस्तृत रूप से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी साझा की गई, साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के द्वारा बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, पटना, बिहार के उपाध्यक्ष महोदय को बताया कि शीतलहर/ ठण्ड की संभावना को देखते हुए संबंधित / प्रभावित होने वाले विभागों यथाः कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, ऊर्जा, परिवहन, सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं स्थानीय मीडिया के द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। जिसमें कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार को दिशा निर्देश दिया गया है कि शीतलहर के दौरान फसलों की क्षति से होने वाले नुकसान से बचने हेतु होने वाले उपायों का व्यापक रूप से प्रचार प्रसार ससमय शुरू कर दिया जाएगा। पशुपालन विभाग को निर्देश दिया गया है कि पशुधन को ठंड से बचाव हेतु किए जाने वाले उपायों का प्रचार प्रसार शुरू कर देना है। जन मानस को ठंड से बचाव हेतु जिले के सिविल सर्जन द्वारा की जा रही तैयारियों के बारे में बताया गया, जिसमें आवश्यक जीवन - रक्षक दावों का आपूर्ति / भण्डारण किया जा रहा है, वार्ड में हीटर की व्यवस्था, कंबल की व्यवस्था तथा तथा डेडीकेटेड एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। ऊर्जा विभाग के द्वारा ठंड के मौसम में विद्युत खपत की बढ़ोतरी को देखते हुए फीडरों की मरम्मती के साथ अन्य जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा शीतलहर के समय धुंध की समस्या को देखते हुए सड़कों पर रिफ्लेक्टर तथा साइन बोर्ड की व्यवस्था की जा रही है, सड़क दुर्घटना के दृष्टिकोण से संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हीकरण का कार्य किया जा रहा है जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा गरीब, निसहाय जनता के बीच कंबल वितरण के लिए कंबल खरीद की प्रक्रिया हेतु निविदा का कार्य किया जा रहा है ससमय कंबल वितरण का कार्य किया जा सके। जिले में विगत वर्ष में जलने वाले अलाव की संख्या इस वर्ष जरूरत के अनुसार बढ़ोतरी की बात कही गई। जिले में विभिन्न जगहों पर जरूरत के अनुसार अस्थाई रूप से रैन बसेरा की व्यवस्था की जाएगी तथा जिले में चलने वाले स्थायी रैन बसेरा में भी सुविधाओं में इजाफा की बात कही गई। शीतलहर/ ठण्ड से बचाव हेतु स्थानीय मीडिया के द्वारा जन मानस के बीच जरूरी सुरक्षात्मक उपाय के साथ शीतलहर के दौरान क्या करें - क्या ना करें का व्यापक रूप से प्रचार -प्रसार किए जाने की बात कही गई। सजग रहे,सतर्क रहें,अफवाहों पर ध्यान नही दे, आपदा संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता एवं सूचना के लिए जिला आपदा नियंत्रण कक्ष के मोबाइल नंबर 9771109565 पर सम्पर्क करें ।

# क्या अब हमारे आदर्श हत्यारे, बलात्कारी व गुंडे मवाली हैं?

सदियों से हमारे देश में यह ज्ञान बांटा जाता रहा है कि किसी जमाने में भारत ह्वविश्व गुरुह्ल हुआ करता था। पिछले एक दशक से फिर यही चर्चा बलवती हो चुकी है कि भारत एक बार पुनः विश्व गुरु की राह पर अग्रसर है। बकौल प्रसिद्ध व्यंगकार सम्पत सरल, ह्वहमारा भारत विश्व गुरु बनने के ह्वआउटरह्ल पर खड़ा हुआ हैह्ल। परन्तु हमारा देश पहले जब कभी विश्वगुरु रहा होगा और अब जबकि एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की तैय्यारी में है, इस समय अंतराल में हम एक बहुत बड़ा अंतर भी देख रहे हैं। पहले जब कभी हमारे पूर्वज ह्वविश्वगुरु भारतह्ल में सांस ले रहे होंगे उस समय हमारे आदर्श, हमारे प्रेरणास्त्रोत हमारे मार्गदर्शक निश्चित रूप से ऐसे अनेक महापुरुष भी रहे होंगे जो हमें आदर्श जीवन व्यतीत करने, चरित्रवान बनने, मानवीय मूल्यों का पालन करने, सद्भाव, सहयोग, सहायता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में ढालने की प्रेरणा देते रहे होंगे। हमारे अनेक धार्मिक ग्रंथ इस तरह की धार्मिक, सामाजिक व मानवीय शिक्षाओं व निदेर्शों से भी भरे पड़े हैं। हमारे देश का इतिहास ऐसे एक से बढ़कर एक बलिदानियों, त्यागियों, तपस्वियों, ऋषियों मुनियों संतों व पीरों फक ीरों व आदर्श पुरुषों से पटा पड़ा है जिन्होंने अपने आचरण से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का मार्ग दर्शन किया है। परन्तु आज पुनः जब यह चर्चा चलती है कि ह्वभारत एक बार फिर से विश्व गुरु होने जा रहा हैह्ल ठीक उसी समय जब हम ह्वविश्व गुरु पार्ट 2ह्ल के दौर के अपने आज के आदर्शों, प्रेरणास्त्रोतों और मार्ग दर्शकों पर भी नजर डालते हैं तो हमें कुछ और ही दृश्य दिखाई देता है। आज के दौर में पहले जैसे प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों की तो खैर कल्पना ही नहीं की जा सकती परन्तु उससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग खासकर युवा वर्ग ऐसे लोगों को अपना आदर्श मांनने लगा है या ऐसे लोगों से प्रेरित हो रहा है जो अपराधी हैं, हत्यारे व बलात्कारी हैं, गुंडे और मवाली प्रवृति के लोग हैं। और इससे भी बड़ा दुर्भाग्य यह है कि अब समाज द्वारा किसी की अच्छाई बुराई या उसके पक्ष अथवा विपक्ष में खड़े होने या बोलने का निर्णय उसके धर्म सम्प्रदाय व जाति के अनुसार किया जाने लगा है। गत एक दशक में भारत में ऐसी सैकड़ों मिसालें देखने को मिल जाएँगी जिसमें न केवल बड़ी भीड़ द्वारा बल्कि सत्ता के संरक्षण तक में हत्यारों का महिमामंडन किया गया है। बलात्कारियों, सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को मान सम्मान दिया गया है। कहीं राज्यों द्वारा सरकारी स्तर पर ऐसे अपराधियों को जेल से रिहाई दिलाई गयी। सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को रिहा करने की गरज से सरकार द्वारा ऐसे अपराधियों को ह्यचरित्रवान ह्य होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। कहीं अपने राजनैतिक हित साधने के लिये बलात्कार व सामूहिक हत्या के ऐसे ही दोषी को जरुरत से ज्यादा बार जेल से पेरोल पर रिहा किया गया। हद तो यह है कि केवल धर्म के आधार पर जम्मू कश्मीर में कठुआ की एक आठ साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंकने वाले लोगों के समर्थन में जम्मू कश्मीर सरकार के मंत्री व विधायक व पार्टी कार्यकर्त्ता तक जुलूस निकालते, धरना देते व तिरंगा यात्रा तक निकालते दिखाई दिये। अब इन दिनों इसी अपराध पूर्ण प्रवृति में एक नया ट्रेंड दिखाई देने लगा है। पेशेवर अपराधियों व सरगनाओं व गैंगस्टर का भी महिमामंडन किया जाने लगा है। जो अपराधी भारत से लेकर विदेशों तक जबरन पैसे वसूली के रैकेट चला रहे हैं वे अपने धर्म या जाति का चोला ओढ़कर स्वयं को अपने समाज के आदर्श पुरुष व प्रेरणास्त्रोत के रूप में स्थापित करने लगे हैं।

# कितना सफल है गांवों में हर घर शौचालय का लक्ष्य?

इस माह के शुरू में राष्ट्रीय स्तर के एक समाचारपत्र ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रकाशित करते हुए बताया है कि अब तक देश के 82.5 फीसदी परिवारों के पास शौचालय उपलब्ध है जबकि 2004-05 तक यह आंकड़ा मात्र 45 फीसदी था. इसका अर्थ है कि अब देश भर में ह्वखुले में शौचह्ल के मामले में भारी कमी आई है. इसकी वजह से बीमारियों का खतरा भी कम हुआ है. नवजात शिशुओं की मौत के मामले भी कम हुए हैं. भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इसे उल्लेखनीय प्रगति माना जाना चाहिए. लेकिन अभी भी हमारे देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां पूरी तरह हर घर में पक्के शौचालय निर्मित नहीं हुए हैं. इसके पीछे कई सामाजिक और आर्थिक कारण भी हैं. सरकार की ओर से शौचालय निर्माण के लिए मिलने वाली राशि कम पड़ रही है. जिसके कारण कई परिवार शौचालय का निर्माण करने में खुद को असमर्थ महसूस कर रहे हैं. तो वहीं पानी की समस्या भी इसके निर्माण में बाधा बन रही है. राजस्थान के लूणकरणसर स्थित राजपुरा हुडान गांव इसका उदाहरण है। इस गांव के कई घरों में शौचालय की पक्की व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान हैं. इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय सुनीता बताती है कि उनके घर में अभी भी अस्थाई शौचालय ही बना हुआ है क्योंकि पक्का शौचालय बनाने के लिए उनके पास पैसे नहीं हैं. वह कहती हैं कि इसके लिए पंचायत में आवेदन भी दिया हुआ है लेकिन अभी तक राशि प्राप्त नहीं हुई है. वहीं 45 वर्षीय तीजा देवी बताती हैं कि घर में शौचालय निर्माण के लिए सरकार की ओर से बारह हजार रूपए दिए जाते हैं जबकि एक पक्के शौचालय के निर्माण में न्यूनतम 30 हजार रूपए खर्च होते हैं. जिसमें सेप्टिक टैंक और पानी की टंकी सहित दरवाजा और अन्य आवश्यक चीजें शामिल हैं। लेकिन सरकार की ओर से इसके लिए मात्र बारह हजार रुपए ही आर्थिक सहायता मिलती है. ऐसे में बहुत से परिवार पैसे मिलने के बावजूद शौचालय निर्माण कराने में असमर्थ हैं. वह कहती हैं कि यदि सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता को बढ़ा दिया जाए तो बहुत से गरीब परिवारों के घर में शौचालय का निर्माण संभव हो सकता है. वहीं 30 वर्षीय भंवरी देवी कहती हैं कि फॉर्म भरने के बावजूद जब उन्हें शौचालय निर्माण के पैसे नहीं मिले तो उन्होंने घर में अपने पैसों से किसी प्रकार से एक अस्थाई शौचालय का निर्माण कराया है. जिसमें न तो पानी की सुविधा है और न ही उसकी दीवार पक्की है. ऐसे में तेज बारिश में हमेशा उसके गिरने का खतरा बना रहता है. वह कहती हैं कि राजपुरा हुडान के अधिकतर घरों में कच्चे शौचालय बने हुए हैं क्योंकि लोगों के पास इसे पक्का बनाने के लिए पैसे नहीं होते हैं. इसके कारण अक्सर पुरुष और युवा खुले में शौच करते हैं। एक अन्य महिला 70 वर्षीय लिछमा देवी कहती हैं कि घर में अस्थाई शौचालय के निर्माण से भी वह काफी खुश है क्योंकि अब उन्हें इसके लिए खुले में नहीं जाना होता है. पहले घर की महिलाओं को भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ता था जो बहुत कष्टदायी होता था. महिलाओं और किशोरियों को सुबह सूरज निकलने से पहले अथवा रात अंधेरा होने के बाद ही शौच जा सकती थी. इसकी वजह से वह काफी कम खाना खाती थी. जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता था. सबसे अधिक कठिनाई माहवारी के दौरान किशोरियों को होती थी. लेकिन अब घर में ही शौचालय बन जाने से ऐसे असुविधाएं खत्म हो गई हैं. वह कहती हैं कि यदि सरकार की ओर से शौचालय निर्माण के पूरे पैसे मिल जाए तो गांव के हर घर में पक्के शौचालय बन जायेंगे. क्योंकि सभी घर में शौचालय की महत्ता समझते हैं. लेकिन पैसे की कमी इसमें रुकावट बन रही है. कई परिवार इसे बनाने में कर्ज लेने को मजबूर हैं. उन्हें भी घर में अस्थाई शौचालय बनाने में करीब दस हजार रूपए खर्च हो गए हैं. इसमें पानी की टंकी की सुविधा नहीं है. लिछमा की पड़ोसी गुड़िया कहती हैं कि सरकार द्वारा घर घर में शौचालय के निर्माण की योजना सराहनीय है. यह सबसे अधिक महिलाओं और किशोरियों के हित में है. जिसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर भी देखने को मिला है। राजपुरा हुडान बीकानेर जिला से 90 किमी और लूणकरणसर ब्लॉक से करीब 18 किमी दूर है. 2011 की जनगणना के अनुसार इस गांव की आबादी लगभग 1863 है. अनुसूचित जाति बहुल इस गांव के अधिकतर पुरुष कृषि या दैनिक मजदूर के रूप में काम करते हैं. सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े इस गांव में कई प्रकार की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. यहां सबसे बड़ी समस्या पानी की भी है।

# आदर्श दीपावली मनाएं ! - सनातन संस्था

**दीपावली, समृद्धि की ओर, आनंद की ओर, प्रकाश की ओर लेकर जाने वाला त्यौहार है। परंतु, आज की परिस्थिति को देखते हुए दीपावली अर्थात देवता, महापुरुषों के चित्रों वाले पटाखे फोडना, सिनेमा के गानों से युक्त दीपावली की सुबह, आंखों को कष्ट देने वाली और घातक चीनी दीपमाला और आकाश दिये की जगमगाहट, इन सभी के कारण दीपावली का संपूर्ण स्वरूप बदल गया है। इस से नकारात्मकता बढ़ रही है। जिस लक्ष्मी की घर में पूजा करते हैं उसी के फोटो वाले पटाखे फोड़ कर हम चिथड़े उड़ा देते हैं। यह योग्य है क्या ?**




**सौ. प्राची जुवेकर**
**लेखक**

तमसो मा ज्योतिर्गमय इस श्लोक का अर्थ है हे भगवान ! आप मुझे असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर ले कर चलें ऐसी प्रार्थना है। प्रत्येक प्राणिमात्र का प्रयास प्रकाश की ओर जाने का होता है; जिस स्थिति में हम हैं, उसके आगे के स्थिति में जाने के लिए व प्रगति करने के लिए होता है। अर्थात नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर जाना होता है। जीवन में सकारात्मकता सिखाना और प्रकाश की ओर मार्गक्रमण करना सिखाने वाला त्यौहार अर्थात दीपावली। सत्य की विजय का प्रतीक ! - प्रभु श्री रामचंद्र जी 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर के दीपावली के दिन अयोध्या में लौटे थे। प्रभु श्री रामचंद्र जी के आगमन से प्रजा को बहुत आनंद हुआ। उनके स्वागत के लिए संपूर्ण अयोध्या नगरी में घर-घर में घी के दिये जलाकर आनंद व्यक्त किया गया। प्रभु श्रीराम के सत्यस्वरुप होने से कारण उनकी विजय अर्थात सत्य की ही विजय थी। इस विजय के उत्सव के रूप में हम दीपावली को दीपोत्सव व प्रकाशोत्सव के रूप में मनाते हैं। सकारात्मकता बढ़ाने वाला त्यौहार ! - दीपावली आने से पहले घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, अपने आसपास का परिसर तथा शहर की स्वच्छता शुरू होती है। जाले हटा कर, रंगाई-पुताई की जाती है। टूटे-फूटे साहित्य की मरम्मत की जाती है। इससे साफ सफाई और स्वच्छता के साथ वातावरण की सकारात्मकता बढ़ती है। इसका प्रत्येक जीव के मन बुद्धि पर सकारात्मक परिणाम होता है। मन की नकारात्मकता दूर हो कर हमें आनंद प्राप्त होता है। गुण वृद्धि के लिए लक्ष्मी पूजन ! - लक्ष्मी पूजन अश्विन अमावस्या को सायं काल में करते हैं। रात्रि बारह बजे अलक्ष्मी निःसारण किया जाता है। शास्त्र के अनुसार लक्ष्मी पूजन के कारण पूजा करने वाले को लक्ष्मी तत्व का लाभ होता है। वह लाभ टिकाए रखने के लिए धर्माचरण करना आवश्यक है। अधर्म का साथ देने अथवा कर्तापन निर्माण होने पर हम स्थिर नहीं रह सकते। लक्ष्मी चंचल है ! ऐसे कहा जाता है, परंतु सच में लक्ष्मी चंचल है क्या ? इसका उत्तर ह्लनहींह्व ऐसे हैं। वह निरंतर भगवान के अनुसंधान स्थिर रहती है। जहां अनुसंधान रहता है, वहां धर्माचरण होता है, वहां लक्ष्मी विराजमान होती है। ऐश्वर्य, सौंदर्य, शांति, सत्य, समृद्धि और संपत्ति इनकी अधिष्ठात्री देवी श्री लक्ष्मी कमलासन पर विराजमान हो कर समुद्र मंथन से आई हैं। ऐसी लक्ष्मी माता का वर्ष में केवल एक बार पूजन करने से वो प्रसन्न होगी क्या ? उसे प्रसन्न रखना हो तो कमल जिस प्रकार से कीचड़ से बाहर आता है उसी प्रकार से अपने स्वभाव दोषों के कीचड़ को दूर कर के धर्माचरण करना चाहिए। इस प्रकार से धर्माचरण करते हुए ईश्वर के अनुसंधान में रममाण होने से श्री लक्ष्मी हृदय कमल पर निश्चित ही विराजमान होगी तथा धन-धान्य के रूप में हमारे पास स्थिर रहेगी। स्वयं में दुर्गुण दूर करने के लिए प्रयत्न करना महत्वपूर्ण है, यही खरे अर्थ से अलक्ष्मी निःसारण है। सांप्रत काल में दिवाली का बदलता स्वरूप ! - दीपावली, समृद्धि की ओर, आनंद की ओर, प्रकाश की ओर लेकर जाने वाला त्यौहार है। परंतु, आज की परिस्थिति को देखते हुए दीपावली अर्थात देवता, महापुरुषों के चित्रों वाले पटाखे फोडना, सिनेमा के गानों से युक्त दीपावली की सुबह, आंखों को कष्ट देने वाली और घातक चीनी दीपमाला और आकाश दिये की जगमगाहट , इन सभी के कारण दीपावली का संपूर्ण स्वरूप बदल गया है। इस से नकारात्मकता बढ़ रही है। जिस लक्ष्मी की घर में पूजा करते हैं उसी के फोटो वाले पटाखे फोड कर हम चिथड़े उड़ा देते हैं। यह योग्य है क्या ? ऐसे करने से वह प्रसन्न होगी क्या ? घर में की गई पूजा का कुछ भी परिणाम न हो कर उस से देवताओं का अनादर ही होने वाला है। इस अनादर से होने वाला पाप हमारे कृती से घटित हो रहा हो तो वह पूजा फलित होगी क्या ? इस प्रकार के अयोग्य कृति के कारण युवा पीढ़ी के सामने हम क्या आदर्श रखेंगे ? इसका विचार करना चाहिए। स्वदेशी और पारंपरिक सहित्य की अपेक्षा जगमगाहट और पश्चिम की ओर झुकाव बढ़ रहा है। यह परिस्थिति बदलनी चाहिए। तभी हमें दीपावली का खरा आनंद मिल सकता है। आदर्श दीपावली मनाने का ध्येय लें ! - देवता, महापुरुषों के पटाखों की बिक्री हो रही हो तो हिंदुओं को एकत्रित आकर इस विषय पर प्रबोधन करना चाहिए। हमारे संपर्क में आने वाले बच्चों और युवाओं का प्रबोधन करना चाहिए। दिवाली के दिन अशास्त्रीय और अश्लील गानों की अपेक्षा भाव भक्ति और देश प्रेम निर्माण करने वाले गानों के लिए आग्रह करना चाहिए। भावी पीढ़ी का कौशल्य विकसित करने के लिए तथा उनमें हिंदू धर्म - राष्ट्र व संस्कृति के विषय में प्रेम और कृतज्ञता भाव निर्माण हो इसलिए रंगोली स्पर्धा, परिसर स्वच्छता और सजावट करने जैसी स्पर्धा करनी चाहिए। शरीर और पर्यावरण पर घातक परिणाम करने वाले विदेशी और चीनी उत्पाद न लेते हुए स्वदेशी और हलाल मुक्त उत्पाद लेने का प्रण लेना चाहिए। इस विषय में स्वयं जागृत रहकर कृति कर के अन्यों को भी जागृत करना होगा। ऐसी आदर्श दीपावली ही हमें ह्व मृत्योर्मा अमृतं गमयह्ल प्रदान करती है। अर्थात मृत्यु से जीवन की ओर चलना सिखाती है। इससे ही हमारा जीवन अमृत के समान आनंदमयी होता है। आइए हम अपने कुलदेवता का स्मरण करके उनसे प्रार्थना करें ! ह्वहे भगवान ! आप ही हम से इस वर्ष आदर्श दीपावली मनवा लीजिए। हमारी व्यक्तिगत उन्नति के साथ ही राष्ट्र - धर्म की रक्षा व उसकी भी उन्नति के लिए हम से धर्माचरण करवा कर लीजिए यही प्रार्थना है। सौजन्य - सनातन संस्था।

# सही मायने में दीवाली कैसे मनाएं ?

**वह अंतर में प्रभु की ज्योति पर ध्यान टिकाने की कोशिश करती है लेकिन हमारा मन बहुत ही ताकतवर है। जो हर वक्त हमारी आत्मा को मैला करता जा रहा है? ऐसी अवस्था में हमारी आत्मा को मदद की जरूरत है। इसके लिए हमें वक्त के पूर्ण सत्गुरु की आवश्यकता होती है जो हमारे मन की गंदगी को न सिर्फ साफ करने में हमारी मदद करते हैं बल्कि मन को शांत व स्थिर कैसे किया जाए, उसका भी उपाय बताते हैं। हम अपने आप मन को तब तक शांत नहीं कर सकते, जब तक हमें किसी पूर्ण सत्गुरु की मदद न मिले। एक पूर्ण सत्गुरु हमारी मदद कैसे करते हैं?**






**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**
**लेखक**

आज दीवाली का दिन है। इतिहास से हमें पता चलता है कि आज के दिन बड़े-बड़े संतों-महात्माओं के जीवन में अनेक घटनाएं हुई हैं। जैसे भगवान महावीर को निर्वाण पद की प्राप्ति आज ही के दिन हुई थी। दीवाली का दिन सिक्ख इतिहास में भी बड़ी महत्ता रखता है। छट्ठे गुरु श्री हरगोबिन्द सिंह जी महाराज जो ग्वालियर के किले में कैद थे, आज ही के दिन वे 52 राजा-महाराजाओं के साथ रिहा हुए थे। स्वामी रामतीर्थ जी का जन्म भी दीवाली के दिन ही हुआ था। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द जी का निर्वाण भी दीवाली के दिन हुआ था और हम सब यह अच्छी तरह जानते हैं कि चौदह वर्ष के बनवास के बाद श्री रामचन्द्र जी महाराज जब अयोध्या वापिस पहुँचे तो आज ही के दिन लोगों ने दीये जलाए थे। दीवाली खुशियों का त्यौहार है। दीवाली से कुछ दिन पहले हम अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं और दीवाली के दिन घर की सजावट कर दीये जलाते हैं। इस मौके पर सभी लोग पटाखे जलाकर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं। अपने घर की सफाई के दौरान हम उन चीजों को बाहर निकालते हैं जो हमारे लिए उपयोगी या लाभदायक नहीं होतीं। अगर हम अपने साथ बहुत सा अनावश्यक सामान ढोते फिर रहे हैं या उन चीजों की ओर ध्यान देने में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं जो हमें कोई लाभ नहीं पहुँचातीं तो इसका मतलब यह है कि हम ऐसी जिंदगी जी रहे हैं जो हमें अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्य जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर को पाना है, को पाने में मददगार नहीं है। ऐसा जीवन जिसमें कि हमारा अपने जीवन लक्ष्य के प्रति कोई ध्यान न हो तो ऐसी अवस्था में हमारे अंदर हर वक्त एक संघर्ष चलता रहता है, जिसमें एक ओर हमारा मन इस बाहरी संसार में लिप्त रहना चाहता है तो दूसरी ओर हमारी आत्मा अंतर में परमात्मा को पाना चाहती है। हमारी आत्मा मन द्वारा उत्पन्न गंदगी को साफ करने की कोशिश करती रहती है लेकिन जैसे ही आत्मा हमारे विचारों, वचनों और कार्यों की गंदगी को साफ करती है, वैसे ही हमारा मन और अधिक गंदगी पैदा कर देता है। मन किस प्रकार की गंदगी उत्पन्न करता है? हमारा मन इन पाँच चोरों काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार की मदद से हमारे अंदर गंदगी पैदा करता है। यही पाँचों चोर हमारे विचारों, वचनों और कार्यों द्वारा हमें कर्मों के बंधन में फंसाते हैं। जब हम अंतर में ध्यान टिकाकर अपने मन को शांत करने की कोशिश करते हैं तो इन पाँच चोरों से संबंधित विचार हमारे ध्यान को एकाग्र नहीं होने देते। कई बार जब हम ध्यान-अभ्यास के दौरान अपने मन को स्थिर करने का प्रयास करते हैं तो क्रोध संबंधी विचार हमारे ध्यान को भटकाने लगते हैं। ये क्रोधपूर्ण विचार हमारे मन में घूमते रहते हैं और हम आंतरिक दिव्य प्रकाश पर ध्यान टिकाने के बजाय इन्हीं विचारों को सोचने में लग जाते हैं। बहुत सी बार ध्यान एकाग्र करने के बजाय हम यह सोचने लगते हैं कि हम भी वह सब कुछ कैसे पा सकते हैं जो दूसरों के पास हैं? क्योंकि हमारा मन हमें लोभ में फंसा देता है, जिससे कि हम अपने ध्यान को अंतर में एकाग्र नहीं कर पाते। जब हम ध्यान-अभ्यास में बैठते हैं तो कई बार ऐसा भी होता है कि हमें उन लोगों या चीजों का भी ख्याल आने लगता है जिनसे हम मोह करते हैं। ध्यान-अभ्यास के दौरान ऐसा भी होता है जब हम यह सोचने लगते हैं कि हम दूसरों से ज्यादा खूबसूरत, ज्यादा बुद्धिमान या ज्यादा ताकतवर हैं। ऐसे में हम ध्यान टिकाने की बजाय अपने आपके बारे में सोचने लग जाते हैं। आत्मा, हमारे मन के इन सभी विचारों से साफ होना चाहती है। वह अंतर में प्रभु की ज्योति पर ध्यान टिकाने की कोशिश करती है लेकिन हमारा मन बहुत ही ताकतवर है। जो हर वक्त हमारी आत्मा को मैला करता जा रहा है? ऐसी अवस्था में हमारी आत्मा को मदद की जरूरत है। इसके लिए हमें वक्त के पूर्ण सत्गुरु की आवश्यकता होती है जो हमारे मन की गंदगी को न सिर्फ साफ करने में हमारी मदद करते हैं बल्कि मन को शांत व स्थिर कैसे किया जाए, उसका भी उपाय बताते हैं। हम अपने आप मन को तब तक शांत नहीं कर सकते, जब तक हमें किसी पूर्ण सत्गुरु की मदद न मिले। एक पूर्ण सत्गुरु हमारी मदद कैसे करते हैं? सबसे पहले वे हमें पवित्र नाम से जोड़ते हैं। जब हम ध्यान-अभ्यास के दौरान अपने सत्गुरु द्वारा दिये गए इन नामों का जाप करते हैं तो इससे हमारा मन शांत होता है, जिससे कि हम अपने अंदर प्रभु की ज्योति व श्रुति का अनुभव करते हैं। दूसरा सत्गुरु हमें यह भी समझाते हैं कि निष्काम सेवा करने से हम मन के दुष्प्रभावों से मुक्ति पा सकते हैं और अपने मन पर नियंत्रण रख सकते हैं जिससे कि हमारी आत्मा भी साफ बनी रहती है। अपने सत्गुरु के मार्गदर्शन में ही हम अपने जीवन को सही दिशा की ओर ले जाकर सही मायनों में दीवाली का त्यौहार मना सकते हैं। संतों-महापुरुषों के अनुसार जिस प्रकार हम दीवाली के मौके पर कूड़ा-करकट बाहर निकालकर अपने घर की सफाई करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें अपने अवगुणों जैसे - ईर्ष्या-द्वेष, निंदा-चुगली, हिंसा, झूठ, गंदे विचारों और अहंकार को अपने अंदर से बाहर निकालना है और उसकी जगह अहिंसा, प्रेम, पवित्रता, नम्रता और निष्काम सेवा जैसे गुणों को अपने जीवन में ढालना है, जिससे कि हमारा अंतः करण भी साफ हो और हम अपने अंतर में दीवाली मनाने के लायक हो सकें। सभी धर्मों की बुनियादी शिक्षाओं में हमें समझाया गया है कि जैसे हम बाहरी दीवाली मनाते हैं, ठीक उसी प्रकार हम अपने अंतर में भी दीवाली मना सकते हैं। दीवाली के त्यौहार पर हम जो दीये और पटाखे जलाते हैं वो सब हमारे अंतर मे मौजूद प्रभु की ज्योति और श्रुति का प्रतीक हैं। तो आईये ! दीवाली के इस त्यौहार पर हम बाहरी सफाई के साथ-साथ अपने अंदर की भी सफाई करें और सबसे जरूरी कि हम ध्यान-अभ्यास में भी समय दें, ताकि हमें प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव हो। जिससे कि हम सच्चे मायनों में दीवाली के इस त्यौहार को मना सकें।

# भ्रष्टाचार - महंगाई रोकने के उपाय

**लक्ष्मी कांता चावला**

भ्रष्टाचार और महंगाई दो ऐसे सुरसा के खुले मुंह जैसे रोग हैं जो देश में बढ़ते ही जा रहे हैं और हर सरकार यह घोषणा करती है कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन देगी और महंगाई नियंत्रित करेगी, पर जिस देश में आधे से ज्यादा सांसद, विधायक दागी हों, अरबपति हों और नोट देकर वोट खरीदते हों, वहां भ्रष्टाचार समाप्त करने की बात दिवास्वप्न जैसी ही लगती है। सबसे पहला भ्रष्टाचार तो वहां शुरू हो जाता है जहां चुनाव लडे वाले जो विवरण चुनावी खर्च का देते हैं, उसे 99 प्रतिशत प्रत्याशियों का चुनाव आयोग स्वीकार कर लेता है। कौन नहीं जानता कि धन बल, बाहुबल और शराब की नदियां बहाकर अधिकतर चुनावी संग्राम जीते जाते हैं। जीतने वाले और हारने वाले दोनों इन्हीं शस्त्रों का सहारा लेते हैं, पर पूरे देश में न महंगाई नियंत्रण में हुई और न भ्रष्टाचार। यह ठीक है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भ्रष्टाचार नियंत्रण करने की बात कही थी और उन्होंने अपने समय में विधायक समेत कई प्रमुख लोगों को जेल में भिजवाया। आईएएस, आईपीएस तक के अधिकारी पकड़े गए और अभी कुछ दिन पूर्व ही पंजाब के मुक्तसर के एडीसी भी सलाखों के पीछे पहुंच गए। मेरा यह मानना है कि जो भी नेता या अधिकारी अनुचित अवैध साधनों से कमाया धन घर लाता है, उसके परिवार को, बच्चों को, पत्न ी को उसकी पूरी जानकारी होती है, क्योंकि उसी धन के बल पर वे आकाश पर उड़ते हैं और देश-दुनिया घूमते हैं। वैसे यह हर दिन का समाचार है कि पुलिस के कनिष्ठ, वरिष्ठ बहुत से कर्मचारी पकड़े गए। नागरिक प्रशासन के लोग भी पकड़े गए और सत्ता पक्ष के कुछ कार्यकर्ता भी जो रिश्वत मांगते या बिचौलिये का काम करते थे, पकड़ लिए। यह भ्रष्टाचार को नकेल डालने का एक स्वस्थ प्रयास है। वैसे रिश्वत लेने वाले कुछ ज्यादा ही हिम्मत रखते हैं। यह देखने के बाद भी कि रिश्वत लेने वाले पकड़े गए, अपमानित हुए, जेलों में भेजे गए और उनके रिटायरमेंट के सारे लाभ खत्म हो रहे हैं, फिर भी वे हिम्मत करके रिश्वत ले ही लेते हैं, लेकिन यह मानना पड़ेगा कि जब तक नैतिक मूल्यों की समाज में ज्यादा मान्यता नहीं होती, दंड से ही भ्रष्टाचार रोकना होगा। लड़ाई अभी बहुत लंबी है, पर इसके लिए एक काम तो करना ही पड़ेगा, वह है परिवार का रिश्वत के पैसे को नकार देना। मैं यह विश्वास रखती हूं कि अगर परिवार की महिलाएं, माता, पत्नी, बेटियां अपने पति-पिता-पुत्र को यह सख्ती से समझा दें कि घर में मेहनत की कमाई आएगी, रिश्वत की नहीं, तब बहुत अंतर पड़ सकता है, पर अब तो महिला अधिकारी भी रिश्वत लेने में संकोच नहीं करतीं। इसलिए यह परिवार के किशोर और युवा बच्चों को निर्णय लेना होगा कि उन्हें पिता की रिश्वत की कमाई से सुख सुविधाएं चाहिए या पिता का सम्मान और मेहनत की रोटी चाहिए। जिस दिन बच्चे पिता द्वारा आमदनी से अधिक लाया धन, उपहार और अन्य सुविधाएं पूरी तरह से नकार देंगे तब एक बहुत बड़ा परिवर्तन समाज में देखने को मिलेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। वैसे महिलाएं भी बहुत कुछ बदल सकती हैं। मैंने बार-बार यह लिखा है व समाज को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि अगर देश की महिलाएं और परिवार के बच्चे यह तय कर लें कि वे सीमित साधनों में ही अपना गुजर बसर कर लेंगे तो रिश्वत लेने-देने की बीमारी काफी कम हो जाएगी। मेरा यह भी मानना है कि अगर विवाह शादियों पर भारी खर्च और अमीरी का प्रदर्शन बंद हो जाए तब भी कुछ ऐसे अधिकारी और कर्मचारी भ्रष्टाचार से दूर रहेंगे जो यह तर्क देते हैं कि बच्चों की शादी के कारण उन्हें अनुचित साधनों से धन कमाना पड़ता है। राजस्थान के इतिहास में महारानी महामाया का बहुत सुंदर उदाहरण मिलता है। जब उसने यह तय कर लिया कि युद्ध में पीठ दिखा कर आए पति को किले में प्रवेश नहीं करने देगी और पति को यह आदेश सुना दिया कि उसका स्वागत होगा, पर जब वह विजयी अथवा रण क्षेत्र में शहीद होकर आएगा। इसका पूरा असर हुआ और पूरी शक्ति से शत्रुओं से जूझते हुए महाराजा जसवंत सिंह विजयी होकर वापस आए। इसी प्रकार अगर आज की महिलाएं, परिवारों के बच्चे यह संकल्प कर लें कि पिता, पति अथवा पुत्र द्वारा अनुचित साधनों से कमाया, घर लाया धन स्वीकार नहीं करेंगे तो अधिकतर लोग रिश्वत के मोह से बचेंगे और अपने देश को दीमक की तरह खा रही यह भ्रष्टाचार की बीमारी नियंत्रण में आ जाएगी।

राष्ट्रीय दैनिक **प्रातःकिरण**

नई दिल्ली, गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### गाजियाबाद घटना की वकीलों ने की निंदा

धनौरा। बार एसोसिएशन पदाधिकारियों की बैठक बुधवार को बार सभागार में हुई। वक्ताओं ने गाजियाबाद में अधिवक्ताओं पर किए गए पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की। एसो. अध्यक्ष कुलबीर सिंह ने कहा कि मामले में गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने जो समर्थन मांगा है, उसे पूर्ण रूप से दिया जाएगा। बैठक के बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चंद्रकांता को सौंपा गया। अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के साथ ही मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहने की घोषणा भी की। इस दौरान अनुराग कुमार, हर्ष भटनागर, सुरेंद्र सिंह, मदनपाल सिंह, अनुज त्रिवेदी, आलोक भारती, मुकेशचंद चौहान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### रंगोली प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

अमरोहा। फाउंडेशन प्रीपेरेट्री जूनियर हाईस्कूल में दीपावली पर्व पर विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। छात्र-छात्राओं ने रंगोली दीपक, पूजन थाल आदि को सजाया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या कविता चौधरी ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### ट्रक की चपेट में आकर घायल दूसरी महिला की भी मौत

अमरोहा।छह दिन पूर्व हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल दूसरी महिला की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे मृतका के शव का परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। जानकारी के अनुसार रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी के पास हादसा बीती 24 अक्तूबर की सुबह में हुआ था। क्षेत्र के गांव रसूलपुर मझरा में नेशनल हाईवे पर दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होकर पलट गया था। उस वक्त टहलने के लिए निकलीं गांव निवासी दो महिलाएं सावित्री व ममता ट्रक की चपेट में आ गई थीं। सावित्री की जहां मौके पर ही मौत हो गई थी तो वहीं 40 वर्षीय ममता गंभीर घायल हो गई थी। हादसे में एक घोड़ी की भी मौत हुई थी, जबकि ट्रक सड़क किनारे एक टीनशेड को तोड़ते हुए पलट गया था। परिजनों ने घायल ममता को पहले मुरादाबाद और फिर बाद में बेहतर उपचार के लिए मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार रात उपचार के दौरान ममता की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मृतका के शव का अंतिम संस्कार किया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने घायल ममता की मौत की पुष्टि की है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत

बिजनौर, । उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में बुधवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मंडावर थाना क्षेत्र के फराश टोला में रहने वाले 60 वर्षीय शमीम अपनी पत्नी शमीमा और अपने 18 वर्षीय बेटे शारिक को लेकर दवा लेने के लिये उत्तराखंड के लक्सर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में रामजीवाला छकड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन ने शमीम की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में शमीम और शारिक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शमीमा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### गाजियाबाद में दीपावली पर एमएमजी में बर्न वार्ड और बेड आरक्षित

गाजियाबाद, । दीपावली पर एमएमजी अस्पताल में बर्न वार्ड को सक्रिय करने के साथ ही बेड आरक्षित करा दिए गए हैं। एबुंलेंस 108 के चालकों को अलर्ट मोड पर किया गया है। इसके अलावा सभी सरकारी अस्पतालों में झुलसने या आग से जलने पर इलाज की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। हालांकि भर्ती की सुविधा सिर्फ एमएमजी अस्पताल के बर्न यूनिट में ही है। डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ की छुट्टी पहले ही निरस्त की जा चुकी है। अभी तक एमएमजी अस्पताल में बने बर्न वार्ड में सामान्य मरीजों को भर्ती किया जा रहा था। अब दीपावली को लेकर बर्न वार्ड को खाली करवा लिया गया है और जली या झुलसी हालत में आने वाले मरीजों को भर्ती करके उपचार के निर्देश दिए गए हैं। 20 बेड के वार्ड में 30 प्रतिशत तक जले हुए मरीजों के उपचार की व्यवस्था है। इससे ज्यादा झुलसे हालत में पहुंचे मरीजों को उपचार के लिए दिल्ली रेफर किया जाएगा। इसके साथ ही वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ के साथ ही अलग से स्टाफ भी तैनात किया गया है। डॉक्टरों की छुट्टी निरस्त कर उन्हें 24 घंटे फोन पर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## फरीदाबाद को देश की नंबर वन सिटी बनाएंगे : कृष्ण पाल गुर्जर

● केंद्रीय राज्य मंत्री ने मोहना कट को लेकर धरने पर बैठे लोगों का धरना खत्म करवाया

प्रात : किरण, संवाददाता



फरीदाबाद, । केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि
भाजपा की प्रदेश सरकार ने दस वर्षों में नई-नई योजनाएं लाकर और अपने संकल्पों को पूरा का प्रदेश की जनता को खुशहाल करने का काम किया। 13 महीने के लंबे संघर्ष के बाद मोहना उतार-चढ़ाव मंजूर हो गया है जिसके लिए बुधवार को सांसद कृष्णपाल गुर्जर का धन्यवाद सर्व समाज की तरफ से मोहना धरना स्थल पर किया गया।
इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज यह आपका अंतिम दिन का धरना है और छोटी दिवाली के दिन बहुत लंबे समय के संघर्ष के बाद आज यह ऐतिहासिक दिन आया है। उन्होंने सर्वप्रथम वहां उपस्थित लोगों को दिवाली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भी मैंने यही कहा था कि मोहना का कट तो हम बना कर ही रहेंगे चाहे नतीजा कुछ भी हो क्योंकि इसका फायदा हमारे साथ साथ हमारी आने वाली पीढि को भी मिलेगा। जब से हमारी भाजपा सरकार बनी है फरीदाबाद में कई हाईवे बनाए गए हैं। ना हाईवे बनते हैं न आप सब कट की मांग करते। हाईवे निकालने का फायदा भी शहर वासियों को होना चाहिए इसके
लिए कट का होना भी जरूरी है। हाईवे बनने से यहां बाहर के लोग इन्वेस्टमेंट करेंगे और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा बच्चों को रोजगार मिलेगा। यहां से जेवर एयरपोर्ट नजदीक है।
यहां से आप 10 मिनट में जेवर एयरपोर्ट पहुंच जाओगे।
अब तो सीधा मोहना से मिंडकौला जाने का रास्ता बन गया है।
सिर्फ मोहना कट ही नहीं आमजन ने जितनी भी मांग भाजपा सरकार से कि हमने वह सभी पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि चंदावली में पुल हो या मिंडकौला में कट का उतार चढ़ाव उसका काम भी शुरू कर दिया है। बघौला में भी फ्लाईओवर बनवाया है।
मोहना से आप केएमपी चढ़ जाना केएमपी से दिल्ली-वडोदरा, केएमपी से मेरठ, हरिद्वार, देहरादून कहीं भी जा सकते हैं। एक हाईवे से दूसरे हाईवे को इस प्रकार जोड़ा गया है। आप जयपुर, मुंबई, वैष्णो देवी चंडीगढ़ कहीं भी एक चले जाओ हाईवे की कनेक्टिविटी हर जगह आपको मिलेगी।
फरीदाबाद को हाईवे से इस तरह जोड़ा गया है कि आप एक हाईवे से चढकर देश के किसी भी कोने में भी आ जा सकते हो। इस अवसर पर पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा, राजेंद्र सिंह बैंसला, सुभाष चौधरी, दीपक डागर, सुरेंद्र चौहान, देवेंद्र चौहान, नरेश पहलवान, ईश्वर खबरदार, उदय राम, प्रताप, मोहन, हर किशन, दयाराम, महेंद्र, वीरेंद्र अत्री, किशन सरपंच, कृष्ण अदलखा, ओपी पंडित, गिरिराज सहित 52 पालो की सरदारी और कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नेपाल के सांसद ने दूधेश्वर नाथ की पूजा.अर्चना की, श्रीमहंत नारायण गिरि का आशीर्वाद लिया

प्रात : किरण, संवाददाता

गाजियाबाद, । नेपाल के सांसद केदारनाथ नंदन चौधरी सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर
नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान दूधेश्वर की पूजा.अर्चना कर श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर,
श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया।
केदारनाथ नंदन चौधरी नेपाल में जनकपुरी से सांसद हैं। जनकपुरी में ही माता सीता धरती से प्रकट हुई थीं और यह शहर राजा जनक के राज्य मिथिला की राजधानी हुआ करता था। यहां पर माता सीता का भव्य मंदिर भी है। सांसद केदारनाथ नंदन चौधरी सोमवार को सद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान दूधेश्वर का अभिषेक किया और मंदिर में विराजमान सभी देवी-



देवताओं की पूजा.अर्चना की व सभी गुरू मूर्तियों की सिद्ध समाधि पर मत्था टेका उन्होंने पार्षद पिंटू सिंह, राष्ट्रीय साहित्यकार एवं एडिटर इन चीफ धर्म रक्षक अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ठाकुर अश्वनी सिंह, जनकपुरी नेपाल से मृत्युंजय सिंह के साथ श्री दूधेश्वर वेद विद्या पीठ को भी देखा और श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। महाराजश्री ने सभी का पटका पहनाकर स्वागत किया। नेपाल के सांसद केदारनाथ नंदन चौधरी ने कहा कि सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर व मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि की नेपाल में भी बहुत ख्याति है। नेपाल से भी हर वर्ष हजारों भक्त भगवान दूधेश्वर की कृपा प्राप्त करने व महाराजश्री का आशीर्वाद लेने के लिए गाजियाबाद आते हैं। यह उनका परम सौभाग्य है कि उन्हें भगवान दूधेश्वर की पूजा-अर्चना के साथ श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज जैसे युगपुरुष महान संत-महात्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं



प्रात : किरण, संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। साथ ही उन्होंने इस वर्ष दीपावली के अवसर पर अयोध्या धाम में भगवान राम की जन्मभूमि पर बने मंदिर में भी असंख्य दीप प्रज्वलित होने की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने प्रेस रिलीज कर इसकी जानकारी दी। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दीपावली का पर्व भारत की सनातन धर्म की परम्परा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन और रामराज के शुभारम्भ की स्मृति स्वरूप आज से हजारों वर्ष पहले पूरे भरतखण्ड में श्रद्धालुओं द्वारा दीपमालाओं से अपने-अपने घरों को सजा करके इस पर्व को मनाना प्रारम्भ किया गया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, इस वर्ष दीपावली का पर्व ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। भगवान श्रीरामलला 500 वर्षों की लम्बी प्रतीक्षा के बाद अपने धाम में विराजमान हुए हैं। अयोध्या धाम में भगवान रामलला की पावन जन्मभूमि पर बने नव्य-भव्य-दिव्य मंदिर में भी असंख्य दीप प्रज्ज्वलित होंगे। उन्होंने कहा, हम सभी का सौभाग्य है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश में है। राज्य सरकार अयोध्या में दीपावली के आयोजन की प्राचीन और गौरवशाली परम्परा को दीपोत्सव के आयोजन के माध्यम से पुनर्प्रतिष्ठित कर, सम्पूर्ण विश्व समुदाय को अयोध्या की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है।

## अयोध्या में दीपोत्सव की धूम, निकाली गई शोभा यात्रा, देशभर से आए कलाकार हुए शामिल

प्रात : किरण, संवाददाता

अयोध्या, । दीपावली के पर्व से पहले रामनगरी अयोध्या पूरी तरह सज चुकी है। अयोध्या में आज आठवीं बार दीपोत्सव का आयोजन होगा। उससे पहले रामनगरी में शोभा यात्रा निकाली गई। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने बताया कि दीपोत्सव से पहले अयोध्या में शोभा यात्रा निकाली जा रही है, इस यात्रा में स्कूल, कॉलेज और स्थानीय लोगों ने शिरकत की है। आज शाम में दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 25 लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि 1,100 भक्त मां सरयू की आरती करेंगे। आज विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 16 राज्यों के कलाकार और 6 देशों से आए कलाकारों द्वारा रची रामलीला भी खेली जाएगी। आज अयोध्या में उमंग और उल्लास का अवसर है। जम्मू-कश्मीर से आई कलाकार सुनेहा ने बताया कि हम खुद को बहुत ही सौभाग्यशाली



मानते हैं कि आज अयोध्या में अपने राज्य जम्मू-कश्मीर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वहीं सुहानी ने कहा कि आज अयोध्या में उमंग और उत्साह का माहौल है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली दीपावली मनाई जा रही है। यहां का माहौल देखकर काफी अच्छा लग रहा है। कलाकार ईशान शर्मा ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर से आया हूं और अयोध्या आकर जो खुशी मिल रही है, मैं उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। मैं पहली बार अयोध्या के दीपोत्सव का हिस्सा बना हूं, जो अपनी भव्यता को बयां कर रहा है। हिमाचल प्रदेश से आए कलाकार रोहित ठाकुर ने बताया कि आज हम अयोध्या में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है। मैं सीएम योगी को बधाई देता हूं, जो इतना भव्य आयोजन कर रहे हैं। दीपोत्सव को लेकर रामनगरी को पूरी तरह से सजाया गया है। मुख्यमंत्री योगी तकरीबन 20 घंटे तक अयोध्या में रहेंगे। रामपथ पर देश भर से आए कलाकार अपना हुनर दिखाएंगे।

## आरआर यूनिट चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार



प्रातः किरण संवाददाता

गाजियाबाद, । मोबाइल टावरों से आरआर यूनिट चोरी करने वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 30 लाख रुपये की कीमत की तीन आरआर यूनिट बरामद की है। पकड़े गए दोनों शातिर कबाड़ी हैं और तमिलनाडु के मदुरई के रहने वाले हैं। एडीसीपी अपराध सच्चिदानंद ने बताया कि पकड़े गए शातिर बदमाश शाहिद और नूर है। दोनों पहले कबाड़ी का काम करते थे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि ज्यादा मुनाफे के लालच में उन्होंने गिरोह के साथ जुड़कर चोरी करना शुरू कर दिया। इसके बाद साउथ इंडिया के कई राज्यों में उनके गिरोह के सदस्यों ने आरआर यूनिट को चोरी किया। इसके बाद वे मेरठ ले जाते हैं। एडीसीपी ने बताया पूछताछ में मेरठ के रहने वाले दिलशाद का नाम सामने आया है जो नूर का जीजा है। आरआरयू चोरी कर विदेश सप्लाई करने के मामले में क्राइम ब्रांच 38 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह के सरगना जावेद को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस पर एक लाख रुपये का इनाम था। पकड़े गए आरोपियों के बाद अन्य जिन आरोपियों के नाम सामने आ रहे हैं पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

## पुलिस की पिटाई से जान गंवाने वाले युवक के परिजनों ने कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात की

प्रात : किरण संवाददाता,



लखनऊ, । कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने पिछले दिनों लखनऊ के चिनहट थाने में पुलिस द्वारा कथित रूप से पीटे जाने के कारण जान गंवाने वाले मोहित पांडेय के परिजनों से बुधवार को मुलाकात की और सरकार पर पीड़ित परिवार को मदद के बजाय सिर्फ ह्यजुमलाह्न देने का आरोप लगाया। राय की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मोहित पांडेय के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। राय ने परिजनों से मुलाकात के बाद कहा, पूरा परिवार दुखी है। परिवार के साथ अत्याचार और अन्याय किया जा रहा है। उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। लखनऊ में इससे पहले अमन गौतम की भी पुलिस हिरासत में मौत हुई थी। दूसरी मोहित पांडेय की हुई है। उन्होंने कहा, इन लोगों (मोहित के परिजन) को बुलाकर केवल जुमला दिया जा रहा है। उनका कोई सहयोग नहीं किया गया। ना ही उन्हें नौकरी की बात पक्की की गई और ना ही अभी तक उनको पैसे मिले हैं। राय ने मोहित पांडेय और अमन गौतम की संदिग्ध हालात में पुलिस हिरासत में मौतों को हत्या करार देते हुए कहा, यह हिरासत में हुई मौतें नहीं बल्कि हत्यायें हैं। पुलिस हिरासत में पहली घटना अमन गौतम के साथ हुई और दूसरी मोहित पांडेय के साथ हुई। अमन गौतम की पत्नी गर्भवती थी। वह परेशान है। उससे ना तो मुख्यमंत्री मिले और ना ही उसका आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में कांग्रेस पीड़ित परिजन के साथ खड़ी है। प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने कहा,मैंने मोहित पांडेय की मां और भाई से कहा है कि हम स्थानीय न्यायपालिका से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक उनकी मदद करेंगे और जहां भी जरूरत पड़ेगी हम तन, मन, धन से उनके साथ खड़े हैं। चिनहट क्षेत्र के जैनाबाद में रहने वाले मोहित कुमार पांडेय (30) को पुलिस ने पिछले शनिवार को एक मामले में हिरासत में लिया था। उसी दिन हिरासत में ही मोहित की तबीयत खराब हो गयी और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मोहित के परिजनों ने पुलिस पर उसकी पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। इससे पहले,11 अक्टूबर को लखनऊ के विकास नगर में एक जुआ अड्डे पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए 24 वर्षीय अमन गौतम की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। गौतम के परिजनों ने भी पुलिस पर उसकी पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया था। मोहित के परिजनों ने गत सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजा, आवास, बच्चों की निःशुल्क शिक्षा और सरकार की योजनाओं का लाभ देने का निर्देश दिया था।

## जमीन विवाद में नाबालिग की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

प्रातः किरण संवाददाता

जौनपुर, । उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर 17 वर्षीय एक नाबालिग की धारदार हथियार से गला रेतकर कथित तौर पर हत्या कर दी गयी। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार जितनी कमजोर और निष्क्रिय होती जा रही है, अपराधी उतने ही ताकतवर और सक्रिय होते जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक अजयपाल शर्मा ने बताया कि गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कबीरूद्दीनपुर गांव में लालता यादव और रामजीत यादव के बीच जमीन को लेकर विवाद था। उन्होंने बताया कि बुधवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे लालता का बेटा रमेश विवादित जमीन पर दीपावली की सफाई की बात कहकर घास साफ कर रहा था कि तभी दूसरे पक्ष के



लोगों ने उसे मना किया, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। शर्मा ने बताया कि बात बढ़ने पर रमेश ने मौके पर मौजूद रामजीत के 17 वर्षीय बेटे अनुराग की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी और मौके से भाग गया। उन्होंने बताया कि अनुराग के परिजन ने घटना के बारे में पुलिस को खबर दी, जिसके बाद हत्यारोपी रमेश के पिता लालता यादव को हिरासत में ले लिया गया। शर्मा ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के कई दल गठित किये गये हैं और परिजन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गांव में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। इस बीच, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस घटना को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की। उन्होंने ह्यएक्सह्न पर कहा, आज की सरकार और अपराध में एक अजीब सा विरोधाभासी संबंध है। एक तरफ दोनों साथ-साथ हैं तो वहीं दूसरी तरह सरकार जितनी कमजोर और निष्क्रिय होती जा रही है, अपराधी उतने ही ताकतवर और सक्रिय होते जा रहे हैं।

## दीपावली पर बसों को लेकर रहा मारामारी का आलम

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा।दीपावली पर्व पर रोडवेज बसों में भीड़ का आलम रहा। यात्रियों की बढ़ी संख्या के सामने रोडवेज प्रशासन की व्यवस्थाएं भी धड़ाम साबित हुईं। मौके का फायदा उठाते हुए डग्गामार वाहन चालकों ने मनमाना किराया वसूला। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को दीपावली पर्व जिलेभर में धूमधाम संग मनाया जाएगा।

वहीं बुधवार को दूर दराज के मूल निवासी स्थानीय नौकरीपेशा लोगों संग छात्र-छात्राओं ने अपने घरों की ओर रवानगी तेज कर दी। ऐसे में बस और ट्रेनों में भीड़ का आलम रहा। रोडवेज डिपो से लेकर जगह-जगह बस स्टॉप पर यात्रियों की भीड़ नजर आई।

स्थानीय डिपो की सभी बसों को ऑन रोड करने के साथ ही अधिक यात्री दबाब वाले रूट पर बसों की संख्या बढ़ाने व लोकल मार्गों पर बसों के चक्कर बढ़ाने का भी कोई खास असर नहीं दिख सका।

अधिकांश बसें यात्रियों से फुल चलीं।

बसों में सवार होने को लेकर यात्रियों के बीच आपाधापी का माहौल रहा।

डग्गामार वाहन चालकों ने भी मौके का फायदा उठाते हुए यात्रियों से मनमाना किराया वसूला।

वहीं रोडवेज एआरएम मोहम्मद शफी का कहना है कि त्योहार के मद्देनजर 24 घंटे बस सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

डिपो की सभी बसों को ऑन रोड करने के साथ ही अन्य जरूरी उपाय भी यात्री सुविधा के लिए किए जा रहे हैं।

चालक-परिचालकों के आपातकालीन को छोड़ अन्य अवकाश पर रोक लगाने के साथ ही प्रोत्साहन स्कीम भी चलाई गई है।

## कॉलेज के प्रधानाचार्य की हत्या करने के मामले में दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

प्रात : किरण संवाददाता

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में एक कॉलेज के प्रधानाचार्य की हत्या के मामले में दो आरोपियों को बुधवार तड़के पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस मुठभेड़ में एक आरोपी को पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक तेज वीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस हत्याकांड का मंगलवार को खुलासा करते हुए सौरभ सिंह और मोहम्मद कलीम को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि सौरभ सिंह और कलीम से पूछताछ में प्रतापगढ़ के भाड़े के शूटरों द्वारा प्रधानाचार्य की हत्या किए जाने की बात सामने आई थी, जिसके बाद इन शूटरों की तलाश की जा रही थी। सिंह ने बताया कि बुधवार तड़के दुगार्गंज थाना क्षेत्र में शेरपुर गोपलहां में पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल




सवार को रोकने का प्रयास किया लेकिन मोटरसाइकिल सवार लोगों ने पुलिसकर्मियों पर गोली चलाई। उन्होंने बताया कि जवाबी कार्रवाई में आरोपी शकील के बाएं पैर में गोली लगी और पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। सिंह ने बताया कि शकील के साथी का नाम आशीष है और दोनों प्रयागराज जिले के रहने वाले हैं। अधिकारी ने बताया कि ये दोनों प्रधानाचार्य की हत्या करने में शामिल थे और दोनों के कब्जे से एक तमंचा, दो कारतूस और दो खोखे मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस हत्याकांड में कुल छह लोगों के शामिल होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि दो अन्य फरार शूटरों के बारे में जानकारी एकत्रित कर इन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र बहादुर सिंह (56) की 21 अक्टूबर को उस समय गोली मार कर हत्या की गई थी, जब वह सुबह अपनी कार से कॉलेज के लिए निकले थे।

## बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, 29 घायल



प्रात : किरण संवाददाता

बलिया । उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के बैरिया क्षेत्र में ड्यूटी पर जाते समय बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की एक टुकड़ी के जवानों से भरी बस मंगलवार देर रात को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें 29 जवान घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बुधवार को बताया कि बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की 18वीं बटालियन की एक टुकड़ी के जवान मंगलवार को दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था संबंधी ड्यूटी के लिये बिहार के रोहतास से निजी बस से सीवान जा रहे थे। रास्ते में मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे बैरिया थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास उनकी बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक खाई में पलट गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में 29 जवान घायल हो गये। उनमें से गंभीर रूप से घायल 10 जवानों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी के 19 जवानों का इलाज बैरिया के सोनबरसा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। दुर्घटना में घायल जवान अमित पांडेय ने बताया कि जवानों से भरी बस सीवान जा रही थी और रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई। एक अन्य घायल पुलिसकर्मी आशुतोष कुमार ने बताया कि यह घटना चालक की लापरवाही से हुई है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरूवार, 31 अक्टूबर, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, आधा दर्जन घर जले, एक जख्मी, लाखों की क्षति

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सुरौली वार्ड 03 में विद्युत शार्ट सर्किट से 30 अक्टूबर की रात्रि करीब 1:00 बजे अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना विभूतिपुर थाना को दी गई। थाना से छोटी दमकल के साथ अग्निशामक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर समरसेबल और स्थानीय लोगों की मदद से जब तक आग पर काबू पाया तब तक आधा दर्जन घर जलकर राख हो गई। इस आग लगी की घटना में सत्यदेव झा के पुत्र नमो नारायण झा का दोनों हाथ का पंजा जल गया जिससे वे जख्मी हो गए। वही अगलगी में नमोनारायण झा के घर, एक मोटरसाइकिल, तीन साइकिल एवं सारा सामान, अमर कुमार झा का घर, एक साइकिल, एक मोटरसाइकिल एवं समान, मदन मुरारी झा का घर, दो साइकिल एवं अनाज सहित सारा सामान, एवं कृष्ण मुरारी झा, रीता कुमारी, राहुल कुमार का घर सहित सारा सामान जलकर राख हो गया।

### छात्र-छात्राओं ने बनाई रंगोली

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के कल्याणपुर में अवस्थित आवासीय सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल में रंगोली एवम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आस्था ,अक्षिता, शिवानी,सोनाली, खनक,आदिति, प्रतिभा,आराध्या, जिया,अनुराधा, हर्ष,रवि, प्रतीक आदिति आदि ने भाग लिया।विद्यालय के निदेशक डॉक्टर रमेश कुमार ठाकुर ने बताया कि रंगीली हमारी संस्कृति की पहचान है, इससे छात्रों में कलात्मकता और रचनात्मकता का विकास होता है।

### हृदय गति रुकने से महिषी पंचायत के दो व्यक्ति की मौत, शोक

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के महिषी पंचायत में मंगलवार की रात्रि हृदय गति रुकने से दो व्यक्ति की मौत हो गई।एक ओर जहां महिषी वार्ड 09 कटेवार टोल निवासी सह हनुमान मंदिर के संरक्षक व पूजारी तेज नारायण मिश्र 75 वर्ष का निधन हृदय गति रुकने से हो गया।वहीं दूसरी ओर वार्ड 08 निवासी समाजसेवी भुवनेश्वर झा 85 वर्ष का निधन भी हृदय गति रुकने से हो गया।इन दोनों व्यक्ति के निधन पर महिषी पंचायत के पूर्व मुखिया सह कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर, शत्रुघ्न झा,कमल किशोर, रंधीर कुमार ईसर, कृष्ण चन्द्र झा, दिवाकर झा, चितरंजन झा,जय शंकर ईसर, देवेन्द्र मिश्र,पवन कुमार झा, प्रभाकर झा, अजित कुमार झा आदि ने शोक व्यक्त किया।

### इंडस टावर्स ने राहत किट वितरित कर आपदा राहत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया




सीतामढ़ी। दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक इंडस टावर्स ने अपने प्रमुख सीएसआर कार्यक्रम प्रगति के तहत सीतामढ़ी जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 1550 राहत किट वितरित करके आपदा राहत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। वितरण सीतामढ़ी के बिष्णुपुर में हरिवंश मध्य विद्यालय में बिनोद प्रसाद सिंह- मुखिया, पंचायत- बरहेता, प्रखंड- रुन्नीसैदपुर की उपस्थिति में हुआ। इस पहल की सराहना करते हुए मुखिया बिनोद प्रसाद सिंह ने कहा कि ऐसी प्राकृतिक आपदा के समय, यह महत्वपूर्ण है कि हम सभी प्रभावित समुदाय का समर्थन करने के लिए एकजुट हों। इंडस टावर्स के 22 स्वयंसेवकों की एक समर्पित टीम ने वितरण प्रक्रिया को सुगम बनाया। कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी तेजिंदर कालरा ने कहा, हम बिहार में प्रभावित समुदाय की सहायता के लिए अपने प्रयासों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं बिहार और झारखंड सर्किल के सीईओ रितेश बत्सा ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण समय में, हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि बिष्णुपुर में प्रभावित समुदाय जुड़ा रहे।

# जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल जमुई में लिफ्ट का किया भव्य उद्घाटन

## अस्पताल के विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने सदर अस्पताल जमुई में लिफ्ट का फीता काटकर उद्घघाटन किया ' इस दौरान उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में लिफ्ट कि सेवा शुरू हो जाने से शारीरिक रूप से कमजोर मरीजों को सीढ़ियों पर चढ़ने से निजात हो जाएगा ' इसी क्रम में जिलाधिकारी महोदया ने स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर सदर अस्पताल जमुई का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी कक्ष, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, कंट्रोल रूम, एसएनसीयू, वेटिंग रुम, पैथोलॉजी लैब, डॉक्टर डियूटी रुम, महिला ओपीडी, पुरुष ओपीडी, नेत्र ओपीडी, दंत ओपीडी, एक्स-रे, ब्लड बैंक, एम्बुलेंस, सीटी स्कैन,पीकू वार्ड, ऑक्सीजन प्लांट सहित पुरे अस्पताल परिसर का घुम-घुम कर जायजा लिया। उन्होंने सदर अस्पताल की वर्तमान व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुये सिविल सर्जन डॉ कुमार महेंद्र प्रताप को व्यवस्था को और दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि सदर अस्पताल जमुई में मौजूदा व्यवस्था काफी दुरुस्त है। प्रयाप्त मात्रा में दवा उपलब्ध है।जो चिकित्सक अपने ड्यूटी पर बिना किसी सूचना अथवा आवेदन के गायब है, उनपर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी महोदया ने बताया कि सदर अस्पताल में मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है लेकिन इसे और दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियाँ सामने आयी है उसे भी जल्द ही दूर कर लिया जायेगा। औचक निरीक्षण के दौरान, एसडीओ अभय कुमार तिवारी, सिविल सर्जन डॉ कुमार महेंद्र प्रताप, सहित अन्य स्वास्थ्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे ।

## महिला की सन्देहास्पद मौत , पिता ने ससुराल वालो पर हत्या का लगाया आरोप, पुलिस मामले की जांच में जुटी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर थाना क्षेत्र के परसा गांव में एक शादीशुदा महिला की सन्देहास्पद मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका के पिता के द्वारा ससुराल वालों पर हत्या करने का मामला दर्ज कराये जानी की बात कही जा रही है। मामले को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई व जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के परसा गांव के वार्ड पांच में मंगलवार की रात मृतिका के पति ने अपनी पत्नी को दहेज के लिए हत्या कर दिया। मृतिका की पहचान विश्वजीत राय की लगभग 32 वर्षीय चांदनी राय के पत्नी के रूप में किया गया। मृतिका के पति समेत ससुराल वाले फरार बातया जाता है। मामले की जानकारी मृतिका के मायके वालो की मिली। सूचना पा कर मृतिका के मायके वाले परसा गांव पहुँचे। मृतिका चांदनी राय के मायके वालों ने ससुराल वालो पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है और जयनगर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। मृतिका का एक बेटा भी है। मृतिका के पिता भुवनेश्वर चौधरी ने बताया कि लगभग तेरह वर्ष पूर्व 2011 में अपनी बेटी की शादी जयनगर थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी विश्वाजीत राय के साथ की थी। मामले की सूचना पा जयनगर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया व पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अंकुर कुमार ने मामले को लेकर बताया कि मृतिका के पिता भुवनेश्वरी चौधरी के ब्यान पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिसमे पति समेत आठ लोगों को नामजद किया गया है। मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। आरोपियो के गिरफ्तारी हेतू छापेमारी की जा रही है। वही मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ। वही घटना को लेकर मृतिका के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बरही में पांच दिवसीय काली पूजनोत्सव धार्मिक अनुष्ठान को ले भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के बरही गांव में जय मा वैष्णवी काली पूजा सेवा समिति के तत्वावधान व आम जन श्रद्धालु भक्त जनों के सहयोग से काली मंदिर परिसर में पांच दिवसीय काली पूजनोत्सव सह धार्मिक अनुष्ठान व मेला का आयोजन का शुभारंभ बुधवार को हुआ। पूजनोत्सव सह धार्मिक अनुष्ठान को लेकर कार्यक्रम स्थल परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कन्याओं महिलाओं समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश शोभायात्रा विधिवत पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम स्थल परिसर से शुरू होकर क्षेत्र भर्मण करते हुए बरही गांव के समीप पवित्र कमला नहर पहुच कर मा कमला की विधिवत पूजा अर्चना कर कमला नहर से शोभायात्रा में शामिल कन्याओं और महिलाओं ने कलशो में जल बोझकर पुनः पूजन स्थल पर पहुँच कर पंडित के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ अनुष्ठान स्थल पर कलशों को स्थापित किया गया। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्त जन जय माँ काली जय माता दि के जय घोष लगा रहे थे। जिससे क्षेत्र गुंजयमान हो रहा था। धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से क्षेत्र भक्ति मय हो गया है। पूजन को लेकर भव्य आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया है और माकाली समेत अन्य देवी देवताओं की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई जो कि आकर्षण का केद्र बना हुआ है। पूजन और दर्शन को ले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि सभी के सहयोग से धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विगत कई वर्षों से मा काली की पूजा अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान सह मेला एवं भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम बुधवार 30 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 03 नवम्बर रविवार तक आयोजित होगी। रविवार को ही विर्सजन कार्यक्रम होगा। आस्था पूर्वक सच्चे मन से जो भी श्रद्धालु भक्त जन मन्नत मांगते है उनकी मुरादे मनोकामना मा काली अवश्य पूरा करती है। अतिथियो का स्वागत सम्मान फूल माला पाग दोपट्टा पहनाकर समिति के सदस्यो ने किया। धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर अतिथियों समिति के सदस्यों व श्रद्धालु भक्त जन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर पूजा समिति के संयोजक सुरेश यादव, अध्यक्ष जामुन प्रसाद यादव फौजी ,मुखिया मिना देवी, जिला परिषद सदस्य अंजली कुमारी, सरपंच गुलाम दास, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष उमेश यादव, सचिव नरेश दास, नथुनी पासवान, चंदन यादव, राम चन्द्र पासवान, प्रमोद गुरमैता समेत समिति के कई सदस्य गण और अतिथि व ग्रामीण श्रद्धालु भक्त जन मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य गण सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

## अग्निशमन विभाग के द्वारा मुख्य बाजार में चलाया गया जागरुकता अभियान

### पटाखा दुकानदारों से बालू व पानी रखने का दिया निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] अग्निशमन विभाग की टीम ने झाझा मुख्य बाजार और झाझा बसस्टैंड में बुधवार को दीपावली के मौके पर लगी पटाखा की दुकानों का निरीक्षण किया । अग्निशमन अधिकारियों ने दुकानदारों को बताया की सुरक्षा के लिए सभी दुकानदारों को अग्निशमन यंत्र रखना आवश्यक है । इसके साथ ही बालू और ड्रम में पानी भरकर रखना भी जरूरी है । सहायक अग्निशमन पदाधिकारी अनूप कुमार शर्मा के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग की टीम ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण करने के क्रम के दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा से जुड़ी आवश्यक जानकारी देते हुए पूरी सावधानी बरतने का निर्देश दिया । आम लोगों से उन्होंने अनुरोध करते हुए कहा की छठ घाट पर पटाखा ना फोड़े नहीं तो वैसे व्यक्तियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी व अफवाह से भी बचने की उन्होंने अपील की है। इसके अलावा विकट परिस्थितियों में बचाव और सुरक्षा की जानकारी भी दुकानदारों को दी गयी.सहायक अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया की छठ पूजा पर घाट पर पटाखा फोड़ने का आदेश नही है।

## ज्ञान सरिता के बच्चे ने सुरक्षित व प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।शिशोडीह स्थित ज्ञान सरिता पब्लिक स्कूल में अनेकों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बच्चों में रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, दीया मेकिंग प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालक श्री अमरनाथ साह ने दीप प्रज्वलित करके किया। दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई का जीत का पर्व है हमें दिवाली के अवसर पर अच्छे गुणों ग्रहण करने का संकल्प लेना चाहिए ।बच्चों को दीपावली को इको फ्रेंडली बनाकर पर्यावरण की सुरक्षा करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि असत्य पर सत्य ,अधर्म पर धर्म और अंधकार पर प्रकाश का यह त्यौहार हमारे जीवन को खुशियों से भरने आता है । हमें इसके संदेशों को अपने जीवन में भरपूर उतारना चाहिए। प्रतियोगिता में सफल हुए छात्रों को पुरस्कृत किया गया पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राओं में स्वाती, मुस्कान, आंचल, प्रियांशी, साक्षी,पल्लवी, विश्वजीत, गौतम , सन्नी, बलराम, कृष्ण इत्यादि है । समारोह में राखी कुमारी, सिमरन कुमारी, सुरभि कुमारी, चंचल सिंह, निशु, सुशील कुमार, शुभम कुमार एवं अलीना ने सक्रिय सहयोग किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय समन्वयक सह प्रबंधक हर्षित राज ने किया।

## विकास के मुद्दे पर नगर आयुक्त के साथ सांसद ने की बैठक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।दरभंगा शहर का विकास केंद्र और राज्य प्रायोजित विकासात्मक योजनाओ के कारण आज देश स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। आवश्यकता इस बात की है कि पारदर्शिता के साथ धरातल पर अमल में लाया जाय। दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने नगर आयुक्त राजेश कुमार गुप्ता से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में पार्टी नेताओं के साथ भेंटकर एक समीक्षा बैठक में उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने नगर आयुक्त के साथ चर्चा के क्रम में शहर में बन रहे सभी आरओबी निर्माण कार्यों के साथ अन्य विकासात्मक योजनाओ की सतत निगरानी एवं पर्यवेक्षण पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। सांसद डा ठाकुर ने दीपावली एवं छठ पूजा को देखते हुए विभिन्न घाटों की साफ सफाई निर्बाध बिजली की आपूर्ति सरक पर जाम से मुक्ति के लिए सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था जैसे मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर पहल करने का निर्देश देते हुए कहा कि पूजा हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं इसलिए आमजनों के हितों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। सांसद डा ठाकुर ने नगर आयुक्त के साथ साथ नगर निगम के सभी पार्षदों से आग्रह करते हुए कहा है कि वे सभी आपसी समन्वय तथा सहयोग से इन सभी मुद्दों पर ध्यान फोकस करें।बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता उदय शंकर चौधरी, जिला महामंत्री अभयानंद झा, उपाध्यक्ष सुजित मल्लिक, जिला मीडिया प्रभारी प्रेमकुमार मिश्र रिंकू, पारसनाथ चौधरी, कृष्णभगवान झा, विकास विवेक चौधरी, आशुतोष झा, पुरुषोत्तम सिंह उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी ने दीपावली की पूर्व संध्या पर जिलेवासियों को दीपावली की दी हार्दिक बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने दिवापली की पूर्व संध्या पर समस्त जिलेवासियो को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपील किया है कि इको फ्रेंडली दीपावली मनाये। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले हरित पटाखे ही निर्धारित समय सीमा में प्रयोग किया जाना है। स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर एनजीटी के गाइड लाइन का का शत प्रतिशत पालन करे। अधिक शोर ,वायु प्रदूषण एवं अवशिष्ट जनन करने वाली सीरीज वाले पटाखे के निर्माण उपयोग प्रतिबंधित है ।125 डेसिबल से कम आवाज एवं कम धुआं उत्सर्जित करने वाले पटाखों का ही प्रयोग किया जाना है। अवैध पटाखा बेचने वालों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी । संकीर्ण बाजारो गलियो एवं भीड़भाड़ के क्षेत्रों में यदि ऐसा पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी । पटाखो का भंडारण आवासीय क्षेत्रों या अपने निवास में नहीं किया जाएगा ऐसा पाए जाने पर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पटाखा बिक्री स्थल पर अनुज्ञप्ति धारियो को कम से कम 2 पोर्टेबलअग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य है। अग्निशमन नियमो का उल्लंघन करने पर पटाखा विक्रेताओ के विरुद्ध स्थानीय थाना को कानूनी कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है।

## बिट्टू हत्या काण्ड का पुलिस ने किया खुलासा, एक अपराधी को पुलिस ने किया पुर्णिया से गिरफ्तार

### पुर्णिया में छुपकर एक टेलकॉम कम्पनी में कर रहा था कार्य

प्रात : किरण संवाददाता



कल्याणपुर समसतीपुर कलयाणपुर थाना क्षेत्र के बरहेता मिडिल स्कूल के समीप से 27अगसत को एक शव मिला था ।शव को लोगों द्वारा पहचान जर्नादनपुर गांव निवासी संजय कुमार ठाकुर के पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में किया गया। जिसमें बिट्टू कुमार को पीट पीट कर हत्या कर दिया गया था। वहीं आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम भी किया था ।जिस मामले में कल्याणपुर थाना कांड संख्या 215/24 दर्ज किया गया। हत्या काण्ड का पुलिस ने 30/10/24 को कर दिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना ध्यक्ष विकास केशव ने कल्याणपुर थाना परिसर में बुधवार के दिन प्रेस वार्ता करते हुए बताया की ।विटटु हत्या काण्ड में पुलिस को अभिनव कुमार की संलिप्तता पुलिस को शूरू से ही थी। पुलिस की दविश को देखते हुए अभिनव कुमार ने पुर्णिया जिले में एक टेलकॉम कम्पनी में काम कर रहा था। जहां से पुलिस ने उसी गिरफ्तार कर लिया। वहीं इस कांड में कृष्ण कुमार उर्फ कृष्णा ने पुलिस के दबिश को देखते हुए कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। पुलिस ने कृष्णा को रेमाड पर लेकर पुछ ताछ किया। जिसमें अभिनव एवं कृष्णा कुमार ने हत्या काण्ड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए छः लोग का नाम बताया है। वहीं चकमेहसी थाना क्षेत्र के डढ़िया गांव निवासी अजीत कुमार के पुत्र अभिनव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं गिरफ्तार अभिनव कुमार का पुर्व में दो आपराधिक इतिहास भी रहा है। वहीं धटना में संलिप्त तीन बाईक एवं एक मोबाईल को पुलिस ने जप्त किया है। वहीं पुलिस ने अन्य के विरुद्ध खोज जारी किया है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ने बताया कि बिट्टू कुमार को मार पीट कर ईलाज के लिए गारमीण चिकित्सक मो आमीद उर्फ सोनू ने ईलाज किया था। इसी कारण इनको भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

## एक दिया स्वच्छता के नाम आम जनो से बीडीओ राजीव रंजन ने किया अपील



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर एक दिया स्वच्छता के नाम अभियान का किया शुभारंभ बीडीओ राजीव रंजन कुमार के नेतृत्व किया गया। जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के रजौली पंचायत के धमियापट्टी गांव से एक दिया स्वच्छता के नाम का किया शुभारंभ हुआ। यह अभियान एक दिया स्वच्छता के नाम जयनगर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायतो में अभियान के तहत चलाया जाना है। पंचायत के मुखिया जनप्रतिनिधियो समाज सेवी पंचायत सेवक पंचायत कर्मी आम जन शामिल हो रहे है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा चलाए जा रहे आभियान एक दिया स्वच्छता के नाम दस दिनों तक क्षेत्र में चलाया जाएगा। प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया पंचायत के पंचायत सेवक, संबंधित पंचायत के पंचायत कर्मी एवं पंचायत स्तरीय जन प्रतिनिधि एक दिया स्वच्छता के नाम में भाग लेकर इस अभियान एक दिया स्वच्छता के नाम को सफल बनाने की अपील किया जा रहा है। हम सभी इस अभियान में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। एक दिया स्वच्छता के नाम के तहत अपने अपने पंचायतों को स्वच्छ और साफ बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए पुण्य के भागी बने और अपने समाज को स्वच्छ और साफ करे स्वच्छता अपनाये बीमारियों को दूर भगाये। स्वच्छता अपनाने की आम जनो से अपील की गई।

## सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता






विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय चकहवीब के प्रांगण में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार झा के सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता हिन्दुस्तान अखबार के विभूतिपुर के वरिष्ठ पत्रकार मनोरंजन प्रसाद मिश्र व मंच संचालन बेलसंडी तारा के वरिष्ठ शिक्षक रविन्द्र कुमार सिंह व संजय कुमार बासु ने संयुक्त रूप से की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार,पत्रकार सह कवि चॉद मुसाफिर, बेगूसराय जिला के कवि सह साहित्यकार सच्चिदानन्द पाठक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन आगत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण विद्यालय के वरीय शिक्षक संजीत कुमार पासवान एवं स्वागत गीत विद्यालय की छात्रा दीप शिखा, ज्योति, कोमल एवं प्राथमिक विद्यालय मुसहरी की शिक्षिका अनीता कुमारी ने प्रस्तुत की। वहीं अभिनंदन पत्र मध्य विद्यालय चकहवीब के अवकाश प्राप्त शिक्षक शोभा कांत चौधरी ने पढ़ा। मौके पर विधायक अजय कुमार ने प्रधानाध्यापक अरुण कुमार झा को मिथिला परंपरा के अनुसार चादर,पागल,माला,व पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से आगत सभी अतिथियों, पत्रकारों व विभिन्न विद्यालयों से आएं सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह को विधायक अजय कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार चांद मुसाफिर, प्रभु नारायण झा, शशिकांत झा, साहित्यकार सच्चिदानंद पाठक, अवकाश प्राप्त शिक्षक मदन मोहन पाठक, पूर्व मुखिया विभा कुमारी, शांति कुमारी, राम बहादुर झा, समाजसेवी रंजीत कुमार झा उर्फ पिंटू झा आदि ने संबोधित किया। वहीं बीच-बीच में गायिका रिचा भारती सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत की जहां तबला पर के सिद्धार्थ साथ दे रहे थे ।मौके पर विद्यालय के शिक्षक रामकुमार पाल, दीपक कुमार सिंह, मो. शादाब आलम, मो. इम्तियाज अंसारी, राहुल कुमार, अजय कुमार, शिक्षिका मनीषा कुमारी, तृप्ति कुमारी, नूतन कुमारी, टिंकू कुमारी, इंदिरा कुमारी, टोला सेवक बसंत रजक,के साथ साथ अन्य विद्यालय से आए शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

## दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर रंगोली बनाओ घर सजाओ प्रतियोगिता आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान के दोनों शाखाओं में दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर रंगोली बनाओ घर सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांधी विहार शाखा में प्राचार्या श्रावणी शिखा एवं सी सी ए प्रभारी स्वाति कुमारी और वाजितपुर शाखा में प्राचार्य आलोक कांति दास और प्रशासक अजय झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्राचार्या श्रावणी शिखा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी विकास होता है। प्राचार्य आलोक कांति दास ने कहा कि हमें समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित करते रहना चाहिए ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया। कम उम्र के बच्चों के कला को देख कर विद्यालय परिसर में पधारे अभिभावक भी अचंभित हो गए। बनाए गए सभी रंगोली काफी आकर्षक एवं मनमोहक था। गांधी विहार शाखा में स्वाति कुमारी और वाजितपुर शाखा में अजय झा के धन्यवाद ज्ञापन उपरांत कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024




# एक्शन-क्राइम का डबल डोज देने आ रही वरुण तेज की मटका

वरुण तेज अभिनीच मटका का बहुप्रतीक्षित टीजर लॉन्च हो गया है। इस फिल्म को लेकर फैंस के बीच काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। मटका दर्शकों को एक रोमांचक कहानी का वादा करती है, जो कुख्यात मटका जुआ साम्राज्य की पृष्ठभूमि पर आधारित है। 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में इस सम्राज्य ने भारत की सामाजिक-अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया था।

मटका दर्शकों को विशाखापत्तनम में 1958-1982 के वर्षों में लेकर जाती है। फिल्म में वासु के एक साधारण पृष्ठभूमि से एक राष्ट्रव्यापी जुआ साम्राज्य, मटका के मास्टरमाइंड बनने की कहानी दिखाई जाएगी। उसका प्रभाव लगातार बढ़ता जाता है और वह आखिर में भारतीय सरकार से टकराता है। ये टकराव नैतिकता, महत्वाकांक्षा और शक्ति के बीच की रेखाओं पर आधारित है। 1 मिनट 51 सेकंड के टीजर में मटका की भव्यता और ग्लैमर तथा एक्शन से भरपूर कहानी की एक झलक दिखाई गई है।

दमदार डायलॉग्स से बढ़ी फैंस की उत्सुकता

फिल्म में ववरुण तेज द्वारा निभाया वासु का किरदार दर्शकों के सामने सही और गलत की पारंपरिक परिभाषाओं को चुनौती पेश करता है। फिल्म से तेलुगु डेब्यू कर रहीं नोरा फतेही ने एक ग्लैमरस डांस नंबर के साथ शमा बांध दिया है। उनके इस डांस नंबर से पीरियड ड्रामा की भव्य और आकर्षक दुनिया में चार चांद लग जाता है। इसका एक डायलॉग है, फ्रधरम क्या है, हमें जिसकी जरूरत है, वही धरम है। जब तक इंसान की इच्छा नहीं मरेगी, मेरा धंधा भी नहीं मारेगा।फ्र एक और डायलॉग है, फ्रइस दुनिया में चलने वाले एक रुपया में नब्बे पैसे सौ लोगों में एक आदमी ही कमा पता है, बाकी दस पैसे के लिए निन्यानवे लोग लड़ते रहते हैं। मेरे जैसे नब्बे पैसे कमाने वाले तुम एक हो, उन निन्यानवे लोगों में से तुम एक बनके मत रह जाना, क्योंकि तुम में वो दम है। इस तरह के शक्तिशाली डायलॉग्स दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए काफी हैं।

14 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

बताते चलें कि मटका, 14 नवंबर, 2024 को कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज किया जाएगा। फिल्म में वरूण तेज, वासु की, जबकि मीनाक्षी चौधरी सुजाता की और नोरा फतेही सोफिया की भूमिका में हैं। वाइड एंगल मीडिया के अनीश देव, जिनकी लोकप्रिय मनोरंजन कंपनी वामी इंडिया इस फिल्म का हिंदी संस्करण प्रस्तुत कर रही है। फिल्म को लेकर उत्साह साझा करते हुए उन्होंने कहा, फ्रजब हमने ट्रेलर और फिल्म की सामग्री देखी, तो हमें तुरंत पता चल गया कि यह राष्ट्रीय स्तर पर दर्शकों को पसंद आएगी। वाइड एंगल मीडिया के सहयोग से व्यारा एंटरटेनमेंट और एसआरटी एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत मटका का निर्देशन करुणा कुमार ने किया है। इसका निर्माण डॉ. विजेंद्र रेड्डी टीगाला और रजनी तल्लूरी द्वारा किया गया है।



# साई पल्लवी को मिली थी पीआर एजेंसी रखने की सलाह, अभिनेत्री ने इस वजह से कर दिया था मना

अभिनेत्री साई पल्लवी इन दिनों अपनी बहुप्रीक्षित फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में हैं। इसके अलावा उनके फैंस उनकी आगामी फिल्म थंडेल में भी देखने का इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री अक्सर विवादों से दूर रहना पसंद करती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें पीआर एजेंसी की आवश्यकता नहीं महसूस होती है। उन्होंने कहा कि वो लो प्रोफाइल रहना पसंद करती हैं।

## पीआर एजेंसी रखना पसंद नहीं करती हैं साई पल्लवी

हाल में ही बिहाइंडवुड्स के साथ बातचीत के दौरान, साई पल्लवी ने खुलासा किया कि वह पीआर एजेंसी क्यों नहीं रखना पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि वह चीजों को निजी रखना पसंद करती हैं, क्योंकि वह दुनिया के सामने भी वास्तविक छवि के साथ रहना पसंद करती हैं। पल्लवी ने खुलासा करते हुए कहा, बॉलीवुड में मेरी एक परिचित महिला थी, जिन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मुझे पीआर एजेंसी की आवश्यकता है, लेकिन मुझे इसकी आवश्यकता समझ में नहीं आई, क्योंकि जब मैं फिल्में करती हूं, तो मैं इंटरव्यू देती हूं फिर मैंने उससे पूछा कि मुझे पीआर एजेंसी की आवश्यकता ही क्यों है।

## लगातार मीडिया में दिखते रहने से यह उबाऊ हो जाएगा

अभिनेत्री ने आगे बताया कि कैसे उस महिला ने उन्हें बताया कि दर्शकों के लिए उनके बारे में बात करना महत्वपूर्ण है, भले ही उनकी कोई फिल्म न भी आ रही हो। इस पर अभिनेत्री ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि अगर उनके बारे में लगातार बात की जाती हैं, तो दर्शक उनसे ऊब जाएंगे। अभिनेत्री ने कहा, मुझे बताया गया था कि जब मैं फिल्में नहीं कर रही थी, तब भी लोगों का मेरे बारे में बात करना ज़रूरी था। लेकिन क्यों? अगर हर कोई मेरे बारे में इतना बात कर रहा है, तो क्या कुछ समय बाद यह उबाऊ नहीं हो जाएगा? मुझे ये बातें समझ में नहीं आतीं। इस दौरान अभिनेत्री ने इस दबाव पर बात की कि कैसे सितारों पर मीडिया में एक निश्चित छवि बनाए रखने का दबाव होता है। अभिनेत्री ने कहा कि वह लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, ईमानदारी से कहें तो, मैं जो हूं, वह तभी हो सकता है जब वह सामाजिक नियमों के अनुरूप हो। अगर मैं खुद नहीं हूं तो मैं असहज हो जाऊंगी। अफवाहें आज कल धारणाएं बन जाती हैं।

## नितेश तिवारी की रामायण में आएंगी नजर

बात करें साई पल्लवी के वर्क फ्रंट की, तो वह बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण में माता सीता का किरदार निभाने वाली हैं। इस फिल्म को नितेश तिवारी निर्देशित कर रहे हैं, जिसमें राम के किरदार में रणबीर कपूर और रावण के किरदार में यश नजर आएंगे। इसके अलावा साई पल्लवी, राजकुमार पेरियासामी की आगामी फिल्म अमरण में भी नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह फिल्म थंडेल में भी नजर आने वाली हैं, जिसमें वह नागा चैतन्य के साथ नजर आने वाली हैं।



# अनीस बज़्मी ने नो एंट्री 2 पर दिया बड़ा अपडेट, जानें कब शुरू होगा फिल्मांकन?

सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान अभिनीत प्रतिष्ठित कॉमेडी फिल्म नो एंट्री ने साल 2005 में रिलीज होने के बाद से बॉलीवुड पर एक अमिट छाप छोड़ी है। मूल फिल्म के प्रशंसक इसकी अगली कड़ी नो एंट्री 2 पर अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालिया अपडेट में, निर्देशक अनीस बज्मी ने पुष्टि की कि नो एंट्री 2 का फिल्मांकन अगले साल की शुरुआत में शुरू होने वाला है। एक इंटरव्यू में अनीस बज्मी ने नो एंट्री 2 के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 1 नवंबर को भूल भुलैया 3 की रिलीज के बाद वह अपना फोकस पूरी तरह से नो एंट्री 2 पर लगा देंगे। अनीस बज्मी ने कहा, एक बार जब भूल भुलैया 3 रिलीज हो जाएगी, तो मैं अपनी सारी ऊर्जा नो एंट्री में लगा दूंगा। अगर सब कुछ ठीक रहा तो हम अगले फरवरी-मार्च में इसकी शूटिंग शुरू कर देंगे। नो एंट्री 2 से वरुण धवन के अलावा अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ भी जुड़ गए हैं। अनीस बज्मी फिल्म के लेखक और निर्देशक दोनों के रूप में काम करेंगे। तीनों प्रमुख कलाकार स्क्रिप्ट को लेकर बहुत उत्साहित हैं और कहानी का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हैं। हाल की रिपोर्टों में महिला किरदारों के एक रोमांचक समूह का भी उल्लेख किया गया है। वरुण, अर्जुन और दिलजीत दोहरी भूमिका निभाएंगे, जो दोगुना मनोरंजन का वादा करता है। इसके अतिरिक्त, फिल्म में सात महिला कलाकारों की एक मजबूत कास्ट शामिल होगी, जो कहानी में गहराई और विविधता जोड़ेगी।



# नए रूप में नजर आएगा 'छोटा पंडित', राजपाल यादव ने अपने कॉमिक किरदार को लेकर किया खुलासा

राजपाल यादव ने बॉलीवुड में अपने अभिनय और किरदारों के दम पर प्रशंसकों का दिल जीता है। अभिनेता ने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में अपने किरदार के माध्यम से अमिट छाप छोड़ी है। उन्हीं में से एक फिल्म है 'भूल भुलैया', जिसमें उन्होंने 'छोटा पंडित' का किरदार निभाया है। 'छोटा पंडित' के किरदार ने प्रशंसकों की काफी सराहना प्राप्त की है और उन्हें खूब सराहा भी। अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग से उन्होंने इस किरदार को कभी ना भूलने वाला बना दिया है। अब वह 'भूल भुलैया 3' में तीसरी बार अपने इस किरदार में नजर आएंगे।

अपने किरदार के बारे में विस्तार से बात करते हुए राजपाल ने कहा, वह सिर्फ एक किरदार नहीं बल्कि एक कैरिकेचर, एक कॉमिक आर्कटाइप है। हमारी भारतीय संस्कृति में, भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में सूत्रधार और विदूषक जैसे किरदारों की कल्पना की गई थी। छोटा पंडित उसी का प्रतीक है, एक ऐसा किरदार जो किसी और का नहीं बल्कि खुद का मजाक उड़ाता है, जो कहानी में हास्य देता है। उन्होंने आगे कहा, आपने उन्हें अलग-अलग रंगों में देखा होगा- पहली फिल्म में लाल और दूसरी में आग से खुद को बचाने के लिए सफेद। अब, वह खुद को सारी नकारात्मकता से मुक्त करने के लिए चंदन के लेप में लिपटे हुए दिखाई देते हैं, जो एक नया, हास्यपूर्ण आयाम लेकर आता है।

# दिनेश विजान की कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगी कियारा आडवाणी?

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी को निर्माता दिनेश विजान के कार्यालय में देखा गया। अभिनेत्री को मुंबई के मैडॉक कार्यालय में उनसे मिलते हुए देखा गया। हालांकि, कियारा ने इस मुलाकात के बारे में कुछ नहीं बताया। वहीं, अब रिपोर्ट्स में अभिनेत्री को लेकर नया दावा किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर कहा जा रहा है कि कियारा संभावित सहयोग पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने गई थीं। दावा किया जा रहा है कि कियारा और दिनेश एक फैंटसी कॉमेडी फिल्म पर काम करने की योजना बना रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, अब तक कियारा ने इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी है।

कॉमेडी फिल्म में हॉरर का तड़का

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कियारा मैडॉक के साथ एक फैंटेसी कॉमेडी करने वाली हैं। हॉरर कॉमेडी फिल्म फिलहाल स्त्री सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा नहीं होगी, लेकिन कुछ सुपरनैचुरल दृश्यों के साथ फैंटेसी कॉमेडी स्पेस में एक स्टैंडअलोन फेंचाइजी की शुरुआत होगी। इस फेंचाइजी का स्वाद मौजूदा वाले से बहुत अलग होगा और निर्माताओं को एक रोमांचक यात्रा शुरू करने का भी इंतजार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निर्माता 2025 के मध्य में फिल्म का निर्माण शुरू करने की योजना बना रहे हैं। यह भी बताया गया है कि यह एक स्टार्ट-टू-फिनिश शूट शेड्यूल होगा। इसमें कियारा आडवाणी होंगी और बातचीत अंतिम चरण में है। एक बार जब चीजें कागज पर आ जाएंगी तो आधिकारिक घोषणा की जाएगी। यह कियारा की यह अगली फिल्म वॉर 2 और टॉक्सिक को खत्म करने के बाद शुरू होगी, जो वर्तमान में फ्लोर पर हैं।





# दुलकर सलमान ने निभाया तमिल फैंस से किया अपना वादा, लकी भास्कर को लेकर बढ़ा फैंस का उत्साह

दुलकर सलमान को उनके शानदार अभिनय क्षमता के लिए दर्शकों से काफी ज्याद प्यार मिलता है। मलयालम फिल्मों के सुपरस्टार अभनेता को तमिल और तेलुगु दर्शक भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। इन दिनों दुलकर अपनी आगामी फिल्म लकी भास्कर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को लेकर उन्होंने तमिल फैंस से एक वादा किया था, जिसे उन्होंने अब निभा दिया है। इससे उनके फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। दुलकर सलमान ने खुद की तमिल डबिंग लकी भास्कर का जब ट्रेलर रिलीज हुआ, तो इसे दर्शकों से काफी ज्यादा साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, लेकिन तमिल के फैंस उनकी तमिल डब से खुश नहीं थे। फैंस द्वारा गहरा अंसतोष व्यक्त करने के बाद अभिनेता ने अपने फैंस से एक खास वादा किया था। एक प्रेस मीट के दौरान अभिनेता ने अपने तमिल फैंस की चिंताओं को संबोधित करते हुए वादा किया था कि वह अपने किरदार के लिए खुद डबिंग करेंगे। अपने वादे के मुताबिक, उन्होंने अब डबिंग पूरी कर ली है, जिससे उन्होंने अपने तमिल प्रशंसकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

## 100 से अधिक होंगे पेड प्रीमियर

दुलकर सलमान अपनी आगामी फिल्म लकी भास्कर से दर्शकों को लुभाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस के बीच काफी उत्साह भी देखने को मिला है। इसके अलावा टीजर ट्रेलर को भी फैंस ने काफी पसंद किया है। इस वजह से फिल्म के निर्माता इसकी सफलता को लेकर बेहद आशावादी हैं। हाल में ही ये खबर सामने आई है कि फिल्म के निर्माताओं ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 100 से अधिक पेड प्रीमियर शो की योजना बनाई है। लकी भास्कर के ट्रेलर से पता चला था कि दुलकर सलमान, फिल्म में भास्कर का किरदार निभा रहे हैं, जो एक बैंकर है। इसमें भास्कर को दैनिक जीवन की नीरस दिनचर्या को जीते हुए दिखाया गया है। हालांकि, फिर उसकी जिंदगी में अचानक से सब कुछ बदल जाता है। ट्रेलर एक रहस्य की ओर इशारा करता है। फिल्म 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत पर आधारित है, जो लकी भास्कर की दिलचस्प, अशांत और असाधारण जीवन सफर को दर्शाएगी। वेंकी एटलुरी द्वारा निर्देशित ये फिल्म कई भाषाओं में रिलीज होने वाली है। फिल्म में दुलकर सलमान के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। इनके अलावा फिल्म में साई कुमार, मानसा चौधरी, रामकी, हाइपर आधी, सूर्या श्रीनिवास आदि कलाकार भी शामिल हैं। नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित, लकी भास्कर का संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। ये फिल्म इस साल 31 अक्तूबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# विजय देवरकोंडा को लकी चार्म मानते हैं सलमान दुलकर

अभिनेता दुलकर सलमान और मीनाक्षी चौधरी की फिल्म लकी बसखार दिवाली पर यानी 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। निर्माताओं ने फिल्म का प्री-रिलीज इवेंट आयोजित किया, जहां विजय देवरकोंडा भी पहुंचे। इस समारोह में विजय देवरकोंडा ने दिल छू लेने वाले भाषण के साथ संबोधन दिया। उन्होंने इस दौरान दुलकर सलमान से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बताया।



## विजय देवरकोंडा ने साझा की पहली याद

विजय देवरकोंडा ने कहा कि वो वेबसाइट से दुलकर सलमान की फिल्म डाउनलोड करते थे। दुलकर से उनकी मुलाकात महानति के सेट पर हुई थी। उन्होंने बताया कि इसी फिल्म के सेट पर मिलने के बाद वे दोनों अच्छे दोस्त बन गए। दोनों की मुलाकात सीता रामम के सेट पर भी हुई थी। दुलकर सलमान ने मंच पर आकर कहा कि दुलकर सलमान उनके बहुत अच्छे दोस्त हैं। वे विजय को अपनी लकी चार्म मानते हैं। लकी बसखर के प्री-रिलीज इवेंट में निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास भी मौजूद थे।




# ग्रे मार्केट में फुस्स हुआ स्विगी का आईपीओ! खुलने से पहले ही कीमत धड़ाम,




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्टूबर में हुंडई के आईपीओ के बाद निवेशकों को स्विगी के आईपीओ का बेसब्री से इंतजार था। 11 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के इश्यू साइज वाला यह आईपीओ अगले महीने 6 नवंबर को खुलेगा। निवेशक 8 नवंबर तक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। लेकिन निवेशकों के लिए ग्रे मार्केट से अच्छी खबर नहीं आ रही है।

स्विगी के आईपीओ में 6 नवंबर से 8 नवंबर तक निवेश कर सकेंगे। 11 नवंबर को अलॉटमेंट होगा। इसकी लिस्टिंग 13 नवंबर को होने की उम्मीद है। इसका प्राइस बैंड 371 से 390 रुपये के बीच है। एक लॉट में 38 शेयर हैं। इसके लिए 14820 रुपये निवेश करने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट खरीद सकेगा।

कंपनी का इश्यू साइज 11327.43 करोड़ रुपये है। कंपनी 4499 करोड़ रुपये के 11.54 करोड़ फ्रेश शेयर जारी करेगी। वहीं ओएफएस (ऑफर फॉर सेल) के तहत 6828.43 करोड़ रुपये के 17.51 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे।

### मुहूर्त ट्रेडिंग पर ये शेयर कराएंगे कमाई

कंपनी क्या करेगी इस रकम का आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल कंपनी अपनी मैटेरियल सब्सिडियरी स्कूटसी में निवेश करेगी। साथ ही इस रकम का इस्तेमाल टेक्नॉलजी और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में भी किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त कंपनी ब्रांड मार्केटिंग और दूसरे कामों में भी आईपीओ से मिली रकम का इस्तेमाल करेगी।

### क्या है ग्रे मार्केट में स्थिति

ग्रे मार्केट में स्विगी के आईपीओ का भाव 25 रुपये के जीएमपी (ग्रे मार्केट प्रीमियम) पर खुला था। यह इसके इश्यू प्राइस से 6.41 फीसदी ज्यादा था। ऐसे में इसके 415 रुपये पर लिस्ट होने की उम्मीद थी।

एक दिन बाद यानी बुधवार को इसमें गिरावट आ गई। इसका जीएमपी गिरकर 18 रुपये रह गया। ऐसे में इसकी अनुमानित लिस्टिंग प्राइस 408 रुपये (4.62 फीसदी) पर आ गई है।

### क्या हुंडई जैसा होगा हाल

पिछले महीने आए हुंडई के आईपीओ का इश्यू साइज 27 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा था। इसकी ग्रे मार्केट में स्थिति अच्छी नहीं थी। इसकी लिस्टिंग भी अच्छी नहीं हुई थी। ऐसे में निवेशकों को डर है कि इसका हाल भी हुंडई जैसा न हो जाए।

हालांकि जानकारों के मुताबिक ऐसा कहना जल्दबाजी होगा। अभी यह आईपीओ खुला नहीं है। ऐसे में यह अनुमान लगाना मुश्किल है कि इसकी लिस्टिंग ग्रे मार्केट की उम्मीदों के मुताबिक होगी। जरूरी नहीं कि ग्रे मार्केट में जो कीमत है, उस आईपीओ की लिस्टिंग उनकी ही प्रीमियम पर हो।

# स्मार्टफोन बाजार में सैमसंग की बड़ी छलांग

## ▸ 3 नंबर से सीधे नंबर वन, कौन है दूसरे और तीसरे स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय स्मार्टफोन बाजार में दक्षिण कोरयाई सैमसंग ने बड़ी छलांग लगाई है। इस साल की दूसरी तिमाही में यह मार्केट शेयर के हिसाब से तीसरे नंबर पर थी। तीसरी तिमाही में यह छलांग लगाते हुए सीधे पहले स्थान पर पहुंच गई है। इसके बाद एप्पल का स्थान है। भारतीय स्मार्टफोन बाजार में तीसरे नंबर पर वीवो है। जबकि में पहले स्थान पर रहने वाली शाओमी इस बार पांचवे स्थान पर चली गई है।

इस साल तीसरी तिमाही मतलब कि जुलाई से सितंबर 2024 के बीच भारत में स्मार्टफोन की बिक्री का आंकड़ा काउंटरप्वाइंट रिसर्च ने बुधवार को जारी किया। इस रिपोर्ट के अनुसार इस साल तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर स्मार्टफोन का बाजार रेकार्ड 12 फीसदी बढ़ा है। यह किसी एक क्वार्टर में सर्वाधिक बढ़ोतरी है। यही नहीं, इस दौरान स्मार्टफोन के शिपमेंट में 3 फीसदी की वृद्धि हुई है।

इस रिपोर्ट के अनुसार तीसरी तिमाही के दौरान वैल्यू के आधार पर सैमसंग की बाजार में 22.8 फीसदी की हिस्सेदारी रही। इसी के साथ यह बाजार में टॉप पोजिशन पर पहुंच गई है। इससे एक तिमाही पहले 18.1 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी के साथ कंपनी तीसरे स्थान पर थी।




तीसरी तिमाही में एप्पल 21.6 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर है। इसी साल दूसरी तिमाही में एप्पल पांचवे स्थान पर भी नहीं थी। तीसरी तिमाही में वीवो 15.5 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान रही है जबकि 10.8 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ ओप्पो चौथे स्थान पर है।

भारत के स्मार्टफोन बाजार में शाओमी का दबदबा खत्म होता दिखता है। इस साल दूसरी तिमाही के दौरान शाओमी नंबर वन थी। उस समय इसकी बाजार हिस्सेदारी 18.9 फीसदी थी। तीसरी तिमाही में शाओमी की बाजार हिस्सेदारी घट कर महज 8.7 फीसदी रह गई है। इसी के साथ कंपनी खिसक कर पांचवे पायदान पर आ गई है। इस तिमाही में अन्य स्माटफोन कंपनियों की बाजार हिस्सेदारी 20.5 फीसदी रही है।

# लॉजिस्टिक कंपनी को 134 प्रतिशत का तगड़ा प्रॉफिट

नई दिल्ली, एजेंसी। टाइगर लॉजिस्टिक्स के शेयर में आज बुधवार को 10 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया। कंपनी के शेयर 68.47 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे सितंबर तिमाही के नतीजे हैं। दरअसल, कंपनी को चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 134 प्रतिशत का तगड़ा प्रॉफिट हुआ है। लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन प्रोवाइडर टाइगर लॉजिस्टिक्स (इंडिया) ने सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही में 7.54 करोड़ का नेट प्रॉफिट दर्ज किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष की समान तिमाही के दौरान 3.22 करोड़ से 134 प्रतिशत अधिक है।

### क्या है डिटेल

क्यू2एफवाय25 में कंपनी का रेवेन्यू साल-दर-साल 53.58 करोड़ से 198.94 प्रतिशत बढ़कर 160.17 करोड़ हो गया। इस महीने की शुरुआत में, टाइगर लॉजिस्टिक्स ने घोषणा की कि इन्फोमेरिक्स वैल्यूएशन एंड रेटिंग प्राइवेट लिमिटेड (आईवीआर) ने उसकी क्रेडिट रेटिंग बरकरार रखी है।



# धनतेरस पर बिका 35 टन सोना, चांदी की बिक्री में 30 प्रतिशत उछाल

## ▸ एसयूवी और लग्जरी वाहन भी खूब खरीदे गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के महासचिव सुरेंद्र मेहता ने बताया, धनतेरस पर 28,000 करोड़ रुपये के 35 टन सोने की बिक्री हुई। हालांकि, बीते धनतेरस से तुलना करें तो मात्रा के लिहाज से सोने की बिक्री में 15-16 फीसदी की गिरावट रही।उस दौरान कुल 42 टन सोना बिका था।

मेहता ने बताया, इस बार चांदी का प्रदर्शन चौंकाने वाला रहा और बिक्री में बीते धनतेरस के मुकाबले 30 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने बताया, आभूषणों के अलावा सोने के सिक्कों व बार की भी जबरदस्त मांग रही।सोने की कुल बिक्री में सिक्कों और बार का योगदान 14 टन रहा।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा, कामकाजी दिन होने के कारण धनतेरस की






सुबह बाजार में कम संख्या में लोग निकले।दोपहर दो-ढाई बजे के बाद सराफा बाजारों में भीड़ दिखने लगी।खरीदारी का रुझान अच्छा रहा।

मूल्य के लिहाज से बिक्री में 18-20 फीसदी तेजी रही, जबकि मात्रा के हिसाब से 10 फीसदी कम रही। विश्व स्वर्णपरिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) सचिन जैन ने बताया, युवा खरीदारों में दो से आठ ग्राम तक के सोने के सिक्के, चेन, झुमके व कंगन जैसे हल्के वजन वाले आभूषणों का आकर्षणदेखने को मिला।रिसाइकिल गहनों की भी मांग बेहतर रही।

### एसयूवी और लग्जरी वाहनों में भी उछाल

गाड़ियों की बिक्री के लिहाज से भी धनतेरस वाहन कंपनियों के लिएकाफी अच्छा रहा।एसयूवी के साथलग्जरी कारों की मांग में भी तेजी रही।मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ संतोष अय्यर ने कहा, इस धनतेरस कंपनी ने अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की है। किआ इंडिया ने बताया, उसने इस खास अवसर पर करीब 6,000 कारों की डिलीवरी की है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने दिल्ली-एनसीआर में एक ही दिन में 100 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी की।

सुरेंद्र मेहता के अनुसार, धनतेरस पर चांदी की बिक्री में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि सोने की मात्रा में 15 प्रतिशत की गिरावट आई। उन्होंने इस बदलाव को सोने की ऊंची कीमतों के बीच रिटर्न की तलाश के रूप में समझाया, क्योंकि चांदी को अधिक व्यावहारिक निवेश माना जाता है। मेहता के अनुसार, इस धनतेरस पर सोने की बिक्री 35 टन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले साल के 42 टन से कम है। पिछली दिवाली के बाद से सोने की कीमतों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है; मंगलवार को 10 ग्राम मानक सोना 78,430 रुपये पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद से 0.6 प्रतिशत अधिक है।

# भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को साइबर अपराधियों से बड़ा खतराः प्रहार रिपोर्ट

**नई दिल्ली एजेंसी।** निर्लाभ - संगठन प्रहार की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक शक्ति के रूप में भारत के उदय को, इसकी वृद्धि को अस्थिर करने के उद्देश्य से, इसकी सीमाओं के भीतर और बाहर, लगातार, समन्वित प्रयासों से खतरा हो रहा है। प्रहार एक निर्लाभ - संगठन है, जो सार्वजनिक क्षेत्र में मौजूद उन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिन्हें यदि संबोधित नहीं किया गया, तो भारतीय नागरिकों में असहायता पैदा हो सकती है।द इनविजिबल हैंड शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी विशेषज्ञों, विशेषकर साइबर जगत और साइबर खतरों की जटिलताओं से अच्छी तरह वाकिफ विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श और इनपुट शामिल हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर, 2024 की पहली तिमाही में साइबर हमलों में 76त्न की वृद्धि हुई है, जिसमें भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। यह उछाल उद्योगों में मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों की बढ़ती आवश्यकता को दर्शाता है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जो साइबर अपराधियों द्वारा तेजी से लक्षित किए जाते हैं।

# पैरालिसिस को ठीक करने के लिए समय पर कार्रवाई की हिमायत की

**अहमदाबाद , एजेंसी।** मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल ने विश्व स्ट्रोक दिवस के उपलक्ष्य में स्ट्रोक के मरीजों के लिए समय पर कार्रवाई की हिमायत की, ताकि इस बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा सके कि ऐसे मरीजों के इलाज के लिए तुरंत और समय पर कदम उठाने से ज़्यादा-से-ज़्यादा लोगों को विकलांगता से बचाना संभव है। मैरिंगो सीआईएमएस हॉस्पिटल, अहमदाबाद में सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन, डॉ. मुकेश शर्मा इस अस्पताल में न्यूरोसाइंसेज विभाग की कमान संभाल रहे हैं। स्ट्रोक के ज़्यादातर मरीज इसके शुरुआती लक्षणों का अनुभव करते हैं, लेकिन वे इस पर कभी गंभीरता से ध्यान नहीं देते हैं। स्ट्रोक मुख्य रूप से दो प्रकार होते हैं। पहले है इस्केमिक स्ट्रोक, जिसमें खून के थक्के, यानी थ्रोम्बस का निर्माण होता है जो आर्टरी में रुकावट डालते हैं। हेमरैजिक स्ट्रोक इसका दूसरा प्रकार है, जिसमें मस्तिष्क के भीतर मौजूद ब्लड वेसल्स से खून का बहाव अनियंत्रित हो जाता है। इन दिनों युवाओं में भी स्ट्रोक के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। 18 से 44 साल की उम्र के लोगों में स्ट्रोक के मामलों में 14.6त्न की बढ़ोतरी हुई है; 45 से 64 साल की उम्र के लोगों में इसकी मामलों में 15.7त्न की वृद्धि हुई है। समय से पहले होने वाले एथेरोस्क्लेरोसिस में, खासकर युवाओं में इसके मामलों में भी बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसमें ब्लड वेसल्स सख्त हो जाते हैं और उनमें रुकावट आ जाती है। वास्तव में, इस उम्र के लोगों में वैस्कुलर, यानी रक्त-वाहिकाओं से जुड़े जोखिम कारकों में वृद्धि ही इसके मामलों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण है।

# 5 नवंबर से खुल रहा सैगिलिटी इंडिया काआईपीओ

## ▸ प्राइस बैंड 30, निवेश के लिए पैसों का कर लें इंतजाम

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप किसी आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए यह काम की खबर है। अगले सप्ताह एक और कंपनी का आईपीओ आ रहा है। यह आईपीओ - सैगिलिटी इंडिया का है। सैगिलिटी इंडिया आईपीओ निवेश के लिए 5 नवंबर को खुलेगा और 7 नवंबर को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 28 से 30 प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 5 नवंबर को खुलेगा और 7 नवंबर को बंद होगा। बता दें कि कंपनी इश्यू के अपर प्राइस बैंड पर 2,106.60 जुटाने की योजना बना रही है। सैगिलिटी इंडिया आईपीओ पूरी तरह से 70.22 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है, जिसमें प्रमोटर सैगिलिटी बी.वी. हिस्सेदारी बेच रही है।




### क्या है डिटेल

सैगिलिटी इंडिया आईपीओ के लिए एंकर आवंटन सोमवार, 4 नवंबर को खुलेगा। इस बीच, आवंटन के आधार को शुक्रवार, 8 नवंबर को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है और शेयरों का क्रेडिट उसी दिन होने की उम्मीद है। शेयर मंगलवार, 12 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। निवेशक न्यूनतम 500 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद कई गुना में बोली लगा सकते हैं। कंपनी कर्मचारी आरक्षण हिस्से में बोली लगाने वाले पात्र कर्मचारियों को प्रति शेयर 2 की छूट दे रही है।

### कंपनी की योजना

आईपीओ में शुद्ध प्रस्ताव का कम से कम 75 प्रतिशत योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व है। वहीं, 15 प्रतिशत से अधिक प्रस्ताव गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) और रिटेल निवेशकों के लिए 10 प्रतिशत रिजर्व हैं। कंपनी के कर्मचारियों के लिए 19,00,000 तक शेयर रिजर्व हैं। कंपनी अमेरिकी हेल्थ सर्विस इंडस्ट्रीज में ग्राहकों को प्रौद्योगिकी-सक्षम व्यावसायिक समाधान और सेवाएं प्रदान करती है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज, आईआईएफएल सिक्योरिटीज, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं जबकि लिंक इनटाइम इंडिया इश्यू के रजिस्ट्रार हैं।

# धनतेरस पर मुकेश अंबानी को 68.6 करोड़ डॉलर का फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में गिरावट के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी दिख रही है। इससे पहले मंगलवार को भी कंपनी के शेयरों में तेजी रही थी। देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी का शेयर कल 0.30 प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 68.6 करोड़ डॉलर यानी करीब 57,67,79,81,957 रुपये की तेजी आई। इसके साथ ही वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक स्थान ऊपर चढ़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर लिस्ट में अंबानी 102 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 16वें नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 5.23 अरब डॉलर की तेजी आई है।

इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में मगंलवार को 80.6 करोड़ डॉलर की तेजी आई। वह 92.4 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 18वें नंबर पर बने हुए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 8.10 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह एशियाई अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी के बाद दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के टॉप 20 अमीरों में से इस साल तीन की नेटवर्थ में गिरावट आई है। इनमें फ्रांस के बर्नार्ड अरनॉल्ट, मेक्सिको के कार्लोस स्लिम और फ्रांस की फांस्वा बेटनकोर्ट मायर्स शामिल हैं।



# वृद्धि होम फाइनेंस ने 310 करोड़ की सीरीज़ बी फंडिंग जुटाई

**मुंबई, एजेंसी।** टेक-समर्थित हाउसिंग फाइनेंस कंपनी वृद्धि होम फाइनेंस ने 310 करोड़ की सीरीज़ बी फंडिंग जुटाई है। इस राउंड का नेतृत्व नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स ने किया, जबकि मौजूदा निवेशक एलिवेशन कैपिटल और कंपनी के संस्थापकों ने भी इसमें भाग लिया। वृद्धि का उद्देश्य भारत में हाउसिंग फाइनेंस को सभी के लिए सुलभ बनाना है। कंपनी ग्राहक-केंद्रितता, सही जोखिम प्रबंधन प्रथाओं और एक मजबूत वितरण नेटवर्क के निर्माण में निवेश कर रही है। 2022 में अपनी स्थापना के बाद से, कंपनी ने 5 राज्यों में विस्तार किया है, जिसमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में 51 शाखाओं के साथ 200 करोड़ से अधिक का एयूएम है। वृद्धि होम फाइनेंस के संस्थापक, एमडी और सीईओ, सुनकू राम नरेश ने कहा हमारा मिशन केवल लोन प्रदान करना नहीं है हम असंगठित आय और स्व-नियोजित ग्राहकों के लिए भरोसेमंद वित्तीय सेवा प्रदाता बनना चाहते हैं



# आईसीसी की रैंकिंग में बड़ा उलटफेर, बुमराह से छिन गया नंबर-1 का ताज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है. इस रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है. भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से टेस्ट में नंबर-1 बॉलर का ताज छिन गया है. न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अभी तक कुछ खास नहीं रहा है, जिसके चसते साउथ अफ्रीका का एक गेंदबाज उनसे आगे निकल गया है. इस अफ्रीकी गेंदबाज ने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ कमाल का खेल दिखाया था.



जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में एक भी विकेट नहीं मिला था, इसका नुकसान उन्हें ताजा टेस्ट रैंकिंग में उठाना पढ़ा है. वह अब पहले नंबर से तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. वहीं, साउथ अफ्रीका के कगिसो रबाडा अब टेस्ट के नए नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं. कगिसो रबाडा हाल ही में टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में गेंदों से लिहाज से सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे, अब उन्हें इसका इनाम आईसीसी की ओर से टेस्ट रैंकिंग में मिल गया है.साउथ अफ्रीका की टीम इस समय बांग्लादेश के दौरे पर है. दोनों टीमों के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज के पहले मैच में साउथ अफ्रीका की टीम ने बाजी मारी थी. इस जीत के हीरो कगिसो रबाडा ही रहे थे. कगिसो रबाडा ने मुकाबले में कुल 9 विकेट हासिल किए थे. उन्होंने मैच की पहली पारी में कुल 3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया था और फिर दूसरी पारी में 6 विकेट चटकाए थे.

टीम इंडिया के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल को ताजा रैंकिंग में फायदा हुआ है. वह अब टेस्ट में नंबर-3 के बल्लेबाज बन गए हैं. वहीं, ऋषभ पंत को 5 स्थानों का नुकसान हुआ है. वह अब 11 नंबर पर पहुंच गए हैं. विराट कोहली भी 6 स्थान खिसक कर 14वें नंबर पर आ गए हैं. रोहित शर्मा को एक बार फिर भारी नुकसान हुआ है. वह अब 9 स्थानों का सामना करने के बाद 24वें नंबर पर आ गए हैं. इसके अलावा शुभमन गिल भी 19 से 20वें नंबर पर आ गए हैं.

# स्मृति ने शतक जड़ रचा इतिहास न्यूजीलैंड को किया पस्त



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने घर में न्यूजीलैंड की महिला टीम को वनडे सीरीज में करारी शिकस्त दी है. तीन मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला मंगलवार (29 अक्टूबर) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुआ. इसमें स्मृति मंधाना के शतक के बदौलत भारतीय टीम ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की. इसी के साथ सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमा लिया है. सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम ने 59 रनों से जीत दर्ज की थी. जबकि दूसरा वनडे कीवी टीम ने 76 रनों से जीता था.

### मंधाना ने शतक जड़कर रचा इतिहास

मैच में न्यूजीलैंड टीम ने 233 रनों का टारगेट दिया था. जवाब में भारतीय टीम ने 4 विकेट गंवाकर 44.2 ओवर में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया. ओपनर मंधाना ने 122 गेंदों पर 100 रनों की पारी खेली और इतिहास रच दिया. मंधाना अब भारत के लिए सबसे ज्यादा 8 वनडे शतक जड़ने वाली महिला क्रिकेटर बन गई हैं. इस मामले में मंधाना ने पूर्व कप्तान मिताली राज को पछाड़ दिया है, जिन्होंने 232 वनडे मैचों में 7 शतक जमाए थे. मंधाना ने यह उपलब्धि 88वें मैच में ही हासिल कर ली है. अपनी पारी में मंधाना ने 10 चौके जमाए.

### गेंदबाजी में दीप्ति और प्रिया ने दिखाया कमाल

मैच में मंधाना के अलावा कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी अर्धशतकीय पारी खेली. उन्होंने 68 गेंदों पर 70 रनों की नाबाद पारी खेली. जबकि विकेटकीपर बैटर यास्तिका भाटिया ने 49 गेंदों पर 35 रन जड़े. न्यूजीलैंड के लिए हन्ना रोवे ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए. कप्तान सोफी डिवाइन और फ्रान जोनास को 1-1 विकेट मिला.इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम ने 88 रनों पर 5 विकेट गंवा दिए थे. इसके बाद ब्रुक हॉलिडे ने 96 गेंदों पर 86 रन बनाकर टीम को संभाला और 232 रनों के बड़े स्कोर तक पहुंचाया. उनके अलावा जॉर्जिया प्लिमर ने 39, इसाबेला गेज ने 25 और ली ताहुहु ने 24 रन बनाए. भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 3 और प्रिया मिश्रा ने 2 विकेट लिए.

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मुख्य कोच मैकडोनाल्ड का कार्यकाल बढ़ाया

**सिडनी, एजेंसी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड का कार्यकाल 2027 तक बढ़ा दिया, जिसका मतलब है कि वह दक्षिण अफ्रीका में होने वाले वनडे विश्व कप तक इस पद पर बने रहेंगे। मैकडोनाल्ड ने 2022 की शुरुआत में जस्टिन लैंगर की जगह यह पद संभाला था।



उनके कोच रहते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप में चैंपियन बनी। इसके अलावा उसने इंग्लैंड में एशेज भी बरकरार रखी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, 'एंड्रयू पुरुष टीम के उत्कृष्ट कोच साबित हुए हैं। उनके कोच रहते हुए टीम ने असाधारण सफलताएं हासिल की। उन्होंने मजबूत कोचिंग प्रणाली विकसित की और खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेहद अच्छा माहौल तैयार किया। हम उनके प्रदर्शन से खुश हैं।

# वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा की, हेटमायर की हुई वापसी

**सेंट जॉन्स (एंटीगुआ), एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा की, जिसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर की वापसी हुई है। पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के बाद से हेटमायर ने वेस्टइंडीज के लिए कोई वनडे मैच नहीं खेला है, लेकिन 27 वर्षीय हेटमायर को साथी बल्लेबाज एलिक अथानाज़े के सीधे प्रतिस्थापन के रूप में 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है।

इस सीरीज के दौरान शाई होप एक बार फिर कप्तान के रूप में वेस्टइंडीज की अगुआई करेंगे जबकि युवा खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू को हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ पदार्पण करने के बाद प्रभावित करने का एक और मौका मिलेगा। यह सीरीज 31 अक्टूबर को एंटीगुआ में शुरू होगी और 6 नवंबर को बारबाडोस में समाप्त होगी और वेस्टइंडीज के कोच डेरेन सैमी इस चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सैमी ने आईसीसी के हवाले से कहा, इंग्लैंड के खिलाफ खेलना हमेशा एक नई चुनौती



प्रदान करता है और एक प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाता है, जिसके लिए खिलाड़ी और कैरेबियाई लोग उत्सुक हैं। किसी तरह, हम वेस्टइंडीज हमेशा इंग्लैंड का सामना करते समय अपने खेल को बेहतर बनाने का एक तरीका ढूंढ लेते हैं। यह प्रतिद्वंद्विता दशकों पुरानी है, और पिछले साल घर पर उन्हें एकदिवसीय श्रृंखला में लंबे समय में पहली बार हराने के बाद हम फिर से एक मजबूत इंग्लैंड टीम की चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा, घर पर खेलना हमेशा खास होता है, जहां स्थानीय समर्थन हर मैच में ऊर्जा और जुनून लाता है। 2027 में पुरुष विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर हमारी नजर के साथ, हमने एक संतुलित टीम का चयन किया है जो निस्संदेह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के साथ प्रतिस्पर्धा करेगी।

शेड्यूलः पहला वनडे- 31 अक्टूबर, एंटीगुआ

दूसरा वनडे -2 नवंबर, एंटीगुआ

तीसरा वनडे - 6 नवंबर, बारबाडोस।

वेस्टइंडीज टीमः शाई होप (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, कीसी कार्टी, रोस्टन चेस, मैथ्यू फोर्ड, शिमरोन हेटमायर, अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोटी, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर

### किंग्स कप

# पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए रोनाल्डो, फैन का मोबाइल भी तोड़ा, किंग्स कप से अल नासर बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सऊदी अरब में किंग्स कप में अल नासर और अल तावौन का प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला हो रहा था। मैच में नासर की टीम 1-0 से पीछे थी। इंजरी टाइम (90+5 मिनट) में तावौन के कप्तान से गलती हुई और अल नासर को पेनल्टी मिल गई। पेनल्टी फुटबॉल इतिहास में सबसे ज्यादा गोल मारने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो लेने आए। सभी को उम्मीद थी कि वह गोल मारकर मैच को बराबर कर देंगे।क्रिस्टियानो रोनाल्डो के अल नासर के लिए पेनल्टी का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने इस मैच से पहले 18 बार पेनल्टी ली थी और सभी पर गोल भी दागा लेकिन इस बार पुर्तगाल के खिलाड़ी को गोल करने में सफलता नहीं मिली। इसकी वजह से उनकी टीम हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। उनका शॉट बार के ऊपर से निकल गई। किंग्स कप सऊदी अरब की प्रमुख नॉकआउट प्रतियोगिता है।क्रिस्टियानो रोनाल्डो के शॉट से गोल नहीं हुआ और एक फैन का नुकसान भी हो गया। गोल पोस्ट के पीछे स्टैंड में बैठा एक फैन अपने फोटो से पेनल्टी रिकॉर्ड कर रहा था। लेकिन गेंद पोस्ट से ऊपर से सीधे उसके हाथ में आकर लगी। इससे उसका मोबाइल हाथ से गिर गया। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। अल तावौन ने 1-0 से जीत हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। पांच बार के बैलन डीओर विजेता रोनाल्डो ने लगभग दो साल पहले अल नासर के साथ अनुबंध किया था लेकिन वह अभी तक कोई बड़ी ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं।

# आईपीएल: 2025 में आरसीबी की कप्तानी कर सकते हैं कोहली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी कर चुके विराट कोहली एक बार फिर टीम की कमान संभाल सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कोहली ने पहले ही मैनेजमेंट के साथ चर्चा की है और कप्तानी में वापसी के लिए तैयार हैं। हालांकि, इसका अंतिम निर्णय नवंबर में होने वाले मेगा ऑक्शन के बाद ही होगा। कोहली ने 9 सीजन तक आरसीबी की कप्तानी की, लेकिन 2021 में उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद 2022 में फाफ डु प्लेसिस ने पिछले तीन सीजन टीम की कमान संभाली। 40 साल के डु प्लेसिस के अगले सीजन के लिए के रिटेंशन की संभावना कम बताई जा रही है।रिटेंशन की आखिरी तारीख 31 अक्टूबर आईपीएल के मेगा ऑक्शन-2024 के लिए प्लेयर्स रिटेंशन की आखिरी तारीख गुरुवार, 31 अक्टूबर है। कल शाम 5 बजे से पहले सभी फेंचाइजी अपने-अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों के नाम आईपीएल की आयोजन समिति भेजेंगी। इसी लिस्ट के साथ तय हो जाएगा कि कौन-सा खिलाड़ी, किस फेंचाइजी के साथ खेलेगा। 9 साल आरसीबी के कप्तान रहे कोहली विराट कोहली 2013 से 2021 तक आरसीबी के कप्तान रहे। उनकी कप्तानी में 2016 में आरसीबी ने फाइनल तक का सफर तय किया था, जिसमें उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा था। कुल मिलाकर कोहली ने 143 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से 66 मैचों में जीत और 70 में हार हुई। पिछले तीन सीजन में फाफ डुप्लेसी की कप्तानी में टीम ने 2022 और 2024 में प्लेऑफ में जगह बनाई, हालांकि 2023 में वह प्लेऑफ से चूक गई।

# भारत ए बनाम ऑस्ट्रेलिया एः ईश्वरन, नीतीश रेड्डी और प्रसिद्ध पर रहेगी नजर

**मैकाय (ऑस्ट्रेलिया),** एजेंसी। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच गुरुवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में अभिमन्यु ईश्वरन, नीतीश कुमार रेड्डी और प्रसिद्ध कृष्णा पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी।

ईश्वरन, नीतीश और प्रसिद्ध को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में चुना गया है और इसलिए भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में उनके प्रदर्शन पर विशेष निगाह रखेगी। इनमें ईश्वरन का प्रदर्शन बेहद महत्वपूर्ण होगा क्योंकि अगर कप्तान रोहित शर्मा निजी कारणों से पांच टेस्ट मैच की इस श्रृंखला के एक या दो मैच में नहीं खेल पाते हैं तो फिर इस 29 वर्षीय बल्लेबाज को पारी की शुरुआत करने का मौका मिल सकता है।

ईश्वरन काफी अनुभवी बल्लेबाज हैं। उन्होंने अभी तक 99 प्रथम श्रेणी मैचों में 7638 रन बनाए हैं जिसमें 27 शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं। वह



इस समय अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया में परिस्थितियां पूरी तरह से भिन्न होगी। नीतीश के आंकड़े इतने प्रभावशाली नहीं हैं लेकिन वह तेज गेंदबाजी करने के अलावा अच्छी बल्लेबाजी भी कर लेते हैं और इसी वजह से चयन समिति ने चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले शार्दुल ठाकुर पर उन्हें प्राथमिकता दी है।

नीतीश के पास अपनी काबिलियत साबित करने का यह बेहतरीन मौका होगा। प्रसिद्ध को बाद में भारत ए टीम में शामिल किया गया। प्रसिद्ध ने चोट से उबरने के बाद दलीप ट्रॉफी, ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में जो सात मैच खेले हैं उनमें वह सात विकेट ही ले पाए। लेकिन लगता है कि चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया की पिचों पर उनके लंबे कद का फायदा उठाना चाह रहे हैं।

इन तीनों के अलावा कप्तान रुतुराज गायकवाड़, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बी साई सुदर्शन, तेज गेंदबाज यश दयाल और नवदीप सैनी तथा मध्य क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ी भी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम का दरवाजा खटखटाना चाहेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन भी इस मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

### टीमें इस प्रकार हैंः

भारत ए- रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नीतीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुश कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा।

ऑस्ट्रेलिया ए - नाथन मैकस्वीनी (कप्तान), कैमरून बैनक्रॉफ्ट, स्कॉट बोलैंड, जॉर्डन बकिंघम, कूपर कोनोली, ओली डेविस, ब्रेंडन डोगेट, मार्कस हैरिस, सैम कोनस्टास, नाथन मैकएंड्रयू, माइकल नेसर, टॉड मर्फी, फर्गस ओनील, जिमी पीरसन, जोश फिलिप, कोरी रोचिसिओली, ब्यू वेबस्टर।

# जाकिर नाइक ने पाकिस्तान यात्रा को सफल बता कर कहा- उम्मीद से कहीं अधिक प्यार मिल



इस्लामाबाद,। भारत में लंबे समय से वांछित भगोड़े डॉ. जाकिर नाइक ने अपनी पाकिस्तान यात्रा को सफल बताते हुए पाकिस्तान सरकार को धन्यवाद दिया है। डॉ. नाइक पाकिस्तान सरकार के निमंत्रण पर यहां आए थे और यात्रा के समापन मौके पर पाकिस्तान में मिले प्यार की सराहना करते हुए मुस्लिम एकता पर जोर दिया। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, इस्लामिक विद्वान डॉ. जाकिर नाइक ने कहा कि उम्मीदों से कहीं अधिक गर्मजोशी से पाकिस्तान में उनका स्वागत हुआ और सरकार ने बहुत उच्चस्तरीय व्यवस्था की। इससे पहले उन्होंने 1991 में भी पाकिस्तान का दौरा किया था मगर यह उनकी पाकिस्तान की पहली आधिकारिक यात्रा थी। उन्होंने कहा कि अब तक कई देशों की सैकड़ों यात्राएं की हैं लेकिन पाकिस्तान की यात्रा बहुत सुखद रही। डॉ. नाइक ने कहा कि पाकिस्तान एकमात्र ऐसा देश है जिसकी स्थापना इस्लाम के नाम पर हुई थी। उन्होंने कहा कि विद्वानों और राजनेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध होना चाहिए। देश के विकास के लिए शासकों और विद्वानों को एकमत होना चाहिए। डॉ. नाइक ने मतभेदों को दूर कर कुरान और सुन्नत के रास्ते पर एक साथ आने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज मुस्लिम समुदाय चुनौतियों का सामना कर रहा है। शांति, एकता और अंतर-धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाने चाहिए। भारतीय जांच एजेंसियों के अनुसार, नाइक साल 2016 में भारत से भागा था। वह कई वर्षों से एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में है। वह विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने के लिए आईपीसी की धारा 153ए और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 10, 13 और 18 के तहत आरोपों का सामना कर रहा है। मुंबई की विशेष एनआईए अदालत ने 2017 में नाइक के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। नाइक अदालत के समक्ष पेश नहीं हुआ है। वह मलेशिया में रह रहा है। बताया गया है कि वहां उसे स्थायी निवासी का दर्जा प्राप्त है।







## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में तीन सड़क हादसों में 12 की मौत, इनमें पांच जिंदा जले

क्वेटा,। पाकिस्तान में तीन स्थानों पर हुए सड़क हादसों में 12 लोगों की जान चली गई और 19 अन्य घायल हो गए। इनमें एक हादसा हृदय विदारक रहा। इस हादसे में दो वाहन टकरा गए और उनमें आग लग गई। एक वाहन के अंदर फंसे पांच लोगों को निकलने का मौका नहीं मिला और वह जलकर राख हो गए। पाकिस्तान के समाचार पत्र डॉन के अनुसार, मंगलवार को यह हादसे बलूचिस्तान के सिबी, नोशकी और वाशुक जिलों में हुए। सबसे बुरी त्रासदी वाशुक के नाग इलाके में हुई। यहां ईरान पेट्रोल ले जा रहा एक जाम्बियाद वाहन दूसरे वाहन से टकरा गया। दोनों वाहनों में आग लग गई। इससे वाहन के अंदर मौजूद लोगों को बचने का कोई मौका नहीं मिला। उनमें से पांच की जलकर मौत हो गई। वाशुक के सहायक आयुक्त ने कहा कि दोनों वाहनों के अंदर मौजूद सभी पांच लोग जलकर मर गए। उनकी पहचान असंभव है।













स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129